kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-311 ❒ मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

भारत में बिजली की दरें अब चीन जैसे अपने प्रतिस्पर्धी देशों के स्तर पर आ गयी हैं और देश में एक मजबूत तथा एकीकृत राष्ट्रीय ग्रिड का विकास भारत को डाटा का वैश्विक केंद्र बना सकता है। पीयूष गोयल



मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में जॉर्डन पहुंचे 11

दिव्य व भव्य होगा 2027 का कुंभः धामी 12

## संक्षेप

### डिफेंस कॉरिडोर में विद्युत काम के लिए नौ करोड़

**लखनऊ।** डिफेंस कॉरिडोर अलीगढ़ और चित्रकूट में बिजली के काम कराने के लिए नौ करोड़ रुपये दिए गए हैं। औद्योगिक विकास विभाग ने इस संबंध में सोमवार को शासनादेश जारी किया। डिफेंस कॉरिडोर अलीगढ़ नोड फ़ेज-दो के विकास के लिए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र और 33 केवी लाइन डालने के लिए 4.73 करोड़ रुपये दिए गए हैं। डिफेंस कॉरिडोर चित्रकूट नोड में विकास के लिए 33/11 केवी क्षमता का उपकेंद्र निर्माण के लिए 5.37 करोड़ रुपये दिए गए हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा को निर्देश दिया गया है कि दी गई राशि तय मद में खर्च किया जाएगा।

### अमेरिका की प्राथमिकताएं बदल रहीं, अपना नाटो बनाये यूरोप : मेलोनी

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा है कि यूरोप को अब अपना 'नाटो' बनाना चाहिए क्योंकि अब अमेरिका की प्राथमिकताएं बदलती जा रही हैं। उन्होंने यहां अपनी पार्टी की वार्षिक अत्रेजू रैली में रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी यूरोप से हाथ खींचने की अपनी मंशा ज़ाहिर कर दी है इसलिये यूरोप को अपनी रक्षा की तैयारी खुद करनी चाहिये। सुश्री मेलोनी ने कहा, ट्रम्प ने बहुत ज़ोर देकर कहा है कि अमेरिका अलग होना चाहता है। इसलिये यूरोप को अपनी रक्षा के लिए खुद को संगठित करना होगा। हमने 80 सालों तक अपनी सुरक्षा अमेरिका के हवाले कर दी, यह सोचकर कि यह मुफ़्त है, लेकिन इसकी एक कीमत चुकानी पड़ी। उस कीमत को 'शर्तें' कहते हैं। आज़ादी की एक कीमत होती है। सुश्री मेलोनी की ये टिप्पणियां यूरोपीय संघ और ट्रंप प्रशासन के बीच चल रहे तनाव के बीच आई हैं। उन्होंने एक मज़बूत यूरोपीय रक्षा ढांचे की मांग की जो वैश्विक शक्तियों के साथ बराबरी के आधार पर जुड़ सके।

### अनिल अंबानी मामले में पूर्व यस बैंक सीईओ राणा कपूर से ईडी ने की पूछताछ

**नयी दिल्ली।** मशहूर उद्योगपति अनिल अंबानी से जुड़े पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) मामले की चल रही जांच में सोमवार को यस बैंक के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी राणा कपूरसोमवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय में पेश हुए। ईडी का आरोप है कि कपूर और अंबानी के बीच एक ''क्विड प्रो क्वो'' (किसी चीज़ के बदले कुछ) समझौता हुआ था, जिससे यस बैंक को खासा वित्तीय नुकसान हुआ। ईडी के अनुसार जब राणा कपूर यस बैंक के प्रमुख थे, तब 31 मार्च 2017 तक रिलायंस अनिल अंबानी समूह (एडीएजी) में बैंक का जोखिम लगभग 6,000 करोड़ रूपये का था। यह जोखिम 31 मार्च 2018 तक दोगुना होकर 13,000 करोड़ रूपये का हो गया।

# पं. नेहरू ने कश्मीर को विवादित किया जिससे वह भारत को डसता रहा: सीएम

## देश के प्रति सरदार पटेल की सेवाएं व योगदान बना चिरस्मरणीय अध्याय : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



**योगी बोले**

❒ भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

❒ वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा देशः सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीएम ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की। सीएम योगी ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लंबे समय तक प्राप्त होता, लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि 15 दिसंबर 1950 को उनका नश्वर शरीर जवाब दे गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति सेवाएं व योगदान चिरस्मरणीय अध्याय बन गया। देश वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा।

सीएम योगी ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के करमसद में सामान्य किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने परिश्रम से उच्च शिक्षा अर्जित की। इसके पीछे उनका उद्देश्य आजीविका प्राप्त कर विदेशी हुकुमूत की नौकरी करना नहीं, बल्कि देश-दुनिया को समझकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ भारत मां के चरणों में समर्पित करना था। सरदार पटेल ने आजादी के आंदोलन को नेतृत्व दिया। कई बार जेल की यातनाएं सहीं, लेकिन आजादी के आंदोलन से विचलित नहीं हुए। देश जब आजाद हो रहा था, उस समय उन्होंने पुरजोर तरीके से भारत के विभाजन का विरोध किया। उन्होंने 567 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। देश वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा।

सीएम योगी ने कहा कि जूनागढ़ का नवाब व हैदराबाद का निजाम भारत गणराज्य में शामिल नहीं होना चाहते थे। जब देश आजाद हो रहा था, तब अंग्रेजों ने टू नेशन थ्योरी को लागू किया और देसी रियासतों को स्वतंत्रता दी कि वे चाहें तो भारत गणराज्य में शामिल हों, पाकिस्तान में शामिल हों या स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखें। सभी हिंदू रियासतों ने भारत का हिस्सा बनने पर सहमति दी, लेकिन जूनागढ़ का नवाब और हैदराबाद के निजाम ने मना कर दिया। सरदार पटेल की सूझबूझ के परिणाम स्वरूप उनके रक्तहीन क्रांति के माध्यम से दोनों रिसायतें भारत का हिस्सा बनीं। जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के निजाम को देश छोड़कर भागना पड़ा। सीएम योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर रियासत कहां शामिल हो, इसे लेकर असमंजस की स्थिति थी, तब जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैं पहल करूंगा। जम्मू-कश्मीर पं. नेहरू के हाथों में था, लेकिन उन्होंने जम्मू-कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि आजादी के बाद से वह लगातार भारत को डसता रहा। पं. नेहरू के कारण उसी कश्मीर से देश को उग्रवाद, अलगाववाद प्राप्त हुआ था। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी है, जिन्होंने लौहपुरुष व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए धारा-370 को समाप्त कर कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के संकल्प को आगे बढ़ाया। सीएम योगी ने कहा कि गृहमंत्री के रूप में भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार, तमाम विवादों के समाधान के लिए तंत्र विकसित करने और भारत की प्रशासनिक सेवा को वर्तमान स्वरूप देने का कार्य भी लौहपुरुष के कारण हो पाया। सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लंबे समय तक प्राप्त होता, लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि 15 दिसंबर 1950 को उनका नश्वर शरीर जवाब दे गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति उनकी सेवाएं व योगदान हम ● शेष पेज 11 पर

# 'अमीरों की विशेष पूजा से भगवान का विश्राम भंग'

एजेंसी



❒ सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, बांके बिहारी मंदिर पर अधिकारी-यूपी सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे देकर कराई जाने वाली 'विशेष पूजाओं' को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। सोमवार (15 दिसंबर) को शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी प्रथाओं के कारण देवता के विश्राम समय में बाधा पड़ती है, जो परंपरा और धार्मिक मर्यादा के खिलाफ है। यह टिप्पणी वृंदावन स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर में दर्शन समय और पूजा पद्धतियों में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान की गई। इसी के साथ अदालत ने याचिका पर अधिकारियों से जवाब मांगा है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पामचोली शामिल थे, उन्होंने इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय मंदिर प्रबंधन समिति को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में होगी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पमचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर ध्यान दिया, जिन्होंने बांके बिहारी जी मंदिर में देवता के 'दर्शन' के समय में बदलाव और वहां देहरी पूजा सहित कुछ आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को रोकने का विरोध किया।

दीवान ने कहा, ''ये दर्शन का समय परंपरा और रीति-रिवाजों का हिस्सा हैं। जिस समय मंदिर जनता के लिए खुला रहता है, वह एक लंबी परंपरा का हिस्सा है।'' उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से सख्त समय का पालन किया जाता रहा है। उन्होंने आगे कहा, ''मंदिर के समय में बदलाव से मंदिर के आंतरिक अनुष्ठानों में बदलाव आया है, जिसमें वह समय भी शामिल है, जब देवता सुबह जागते हैं और रात में सोते हैं। सीजेआई ने मौखिक रूप से कहा, ''मंदिर दोपहर 12 बजे बंद होने के बाद भगवान को एक पल भी विश्राम नहीं दिया जाता। जो लोग मोटी रकम दे सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा की अनुमति दे दी जाती है। यह देवता के साथ शोषण जैसा है। सीजेआई ने यह भी कहा कि इसी समय में वे लोग बुलाए जाते हैं, जो पैसे दे सकते हैं और विशेष पूजाएं कराई जाती हैं, जबकि यह भगवान के विश्राम का अत्यंत पवित्र समय होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और अधिवक्ता तन्वी दुबे, जो मंदिर के सेवायतों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि पूजा और दर्शन के समय को पवित्र माना जाए और उसमें ● शेष पेज 11 पर

# नए मतदाताओं को जोड़ने का अभियान तेज

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ मतदाता बनने को आठ लाख से अधिक लोगों ने भरा फॉर्म

लखनऊ। यूपी में मतदाता बनने को आठ लाख से अधिक लोग फॉर्म भर चुके हैं और यह प्रक्रिया अभी जारी है। एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले और छूटे हुए लोगों को मतदाता बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अधिक से अधिक लोगों को मतदाता बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय की ओर से सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वह अधिक से अधिक फॉर्म-6 छपवाएं। किसी भी बूथ पर फॉर्म-6 की कमी न हो। बीएलओ के पास यह पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हों, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग फॉर्म भरकर जमा कर सकें।

फॉर्म के साथ घोषणा पत्र भी भरवाया जा रहा है, जिससे मतदाता सही-सही जानकारी भरें। किसी भी कीमत पर अपात्र लोग मतदाता न बनें और दो-दो स्थानों से कोई मतदाता न बन पाए। ऐसे करने पर उनके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 के तहत ऐसे लोगों को एक वर्ष की जेल व जुर्माना लगाया जा सकता है। नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6 सभी पात्र लोग भर सकें इसके लिए सभी जिलों में जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। यूपी की मतदाता सूची में कुल 15.44 करोड़ वोटर हैं। जिसमें से 2.95 करोड़ मतदाता ऐसे हैं जो ढूंढ़े नहीं मिले हैं। ऐसे में इन्हें असंग्रहीत की श्रेणी में रखकर पांच भागों में बांटा गया है। स्थानांतरित, मृतक, डुप्लीकेट, अनुपस्थित व अन्य शामिल हैं। फिलहाल 26 दिसंबर तक एसआईआर की प्रक्रिया चलेगी जिसमें इन मतदाताओं को भी ढूंढ़ने का कार्य बीएलओ करेंगे। फिर 31 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी। ● शेष पेज 11 पर

## राम मंदिर आंदोलन के नायक राम विलास दास वेदांती का निधन

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले डा राम विलास दास वेदांती का सोमवार को मध्य प्रदेश के रीवा में हृदयाघात से निधन हो गया। वह 77 साल के थे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद की तबीयत रविवार रात एक कथा कार्यक्रम के दौरान अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को उनका निधन हो गया। डा वेदांती ने राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभायी थी। वह 1990 के दशक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु महंत अवैद्यनाथ और महंत परमहंस दास के साथ मंदिर आंदोलन के मुख्य चेहरों में से एक थे। वह 1996 और 1998 में दो बार सांसद भी रह चुके हैं। विश्च हिंदू परिषद (विहिप) के सूत्रों के अनुसार, उनका पार्थिव शरीर सोमवार देर शाम तक अयोध्या पहुंचेगा। दिवंगत नेता का अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 10 बजे सरयू नदी के घाट पर होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य नेताओं ● शेष पेज 11 पर

# नितिन नबीन का दिल्ली में भव्य स्वागत पार्टी मुख्यालय में संभाला पदभार

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने पार्टी के मुख्यालय में सोमवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम के दौरान श्री नबीन ने कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में विधिवत पदभार संभाला। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें कुर्सी पर बैठाकर शुभकामनाएं दीं और संगठन में उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान आत्मीय संवाद भी देखने को मिला, जिसे पार्टी के भीतर संगठनात्मक मजबूती का संकेत माना जा रहा है। इसके पहले श्री नबीन के दिल्ली आगमन पर सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता स्वयं वहां मौजूद थीं और उन्होंने नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। एयरपोर्ट पर भी पार्टी कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखी गई, जो इस नियुक्ति को संगठन के लिए महत्वपूर्ण कदम बता रहे थे। श्री नबीन के स्वागत में दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय तक उत्साह और उत्सव का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और नारेबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया। जगह-जगह श्री नबीन के स्वागत में बैनर पोस्टर लगे थे। पार्टी मुख्यालय में इस ● शेष पेज 11 पर

### भाजपा ने पीयूष को तमिलनाडु, पांडा को असम का नियुक्त किया चुनाव प्रभारी

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने तमिलनाडु और असम में विधानसभा के आगामी चुनावों के लिए क्रमशः सर्वश्री पीयूष गोयल और बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की तरफ से सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार तमिलनाडु में केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री गोयल की मदद के लिए कानून एवं न्याय तथा संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और नागर विमानन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल को सह-चुनाव प्रभारी बनाया गया है। असम के लिए पार्टी के चुनाव प्रभारी सांसद श्री पांडा के सहयोग के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती दर्शना बेन जरदोश सह-चुनाव प्रभारी नियुक्त की गयी हैं।

# यूपी में टाटा समूह 30 नए होटल का करेगा निर्माण

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❒ मुख्यमंत्री के सामने टाटा समूह के चेयरपर्सन ने होटल श्रृखंला विस्तार का रखा प्रस्ताव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में टाटा समूह 30 नए होटल बनाने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने टाटा समूह के चेयरपर्सन एन चंद्रशेखन ने बैठक में प्रस्तावित होटल श्रृखंला के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि टाटा समूह का यह कदम राज्य में बढ़ते पर्यटक आगमन, धार्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन की बढ़ोतरी और बेहतर कनेक्टिविटी के व्यापक विकास को ध्यान में रखते लिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में वैश्विक स्तर की हॉस्पिटैलिटी सुविधाओं का तेजी से यह विस्तार होगा। टाटा समूह के चेयरपर्सन ने बैठक में स्पष्ट किया कि टाटा समूह के ताज, सेलेक्शंस और विवांता जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के 30 होटलस् का निर्माण कार्य प्रदेश में पहले से चल रहा है।

उन्होंने इन मुख्यमंत्री के सामने टाटा समूह के इन होटल्स के विकास कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी पेश की। साथ ही प्रदेश में टूरिज़म और प्रीमियम क्वालिटी हॉस्पटैलिटी के विस्तार के लिए 30 नए होटल के निर्माण के बारे में भी चर्चा की। जिसके चलते प्रदेश में लक्जरी होटल के 2,000 कमरों की संख्या को बढ़ा कर 5,000 तक हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इन होटल्स का ● शेष पेज 11 पर

## लोकसभा में झटके के बाद पंकज चौधरी के कंधों पर संगठन, पंचायत चुनाव और सामाजिक समीकरण की जिम्मेदारी

# कम नहीं है भाजपा में नए प्रदेश अध्यक्ष के सामने चुनौतियां

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। भाजपा ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को पार्टी में उत्तर प्रदेश का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के इस फैसले को 2024 के लोकसभा चुनावों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन और 2027 के विधानसभा चुनावों की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। नये प्रदेश अध्यक्ष के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं।

इसके अलावा, अगले वर्ष प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी नेतृत्व चयन में अहम कारक रहे। ऐसे में पार्टी ने एक बार फिर ओबीसी नेतृत्व को आगे कर सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश की है। नामांकन के बाद पंकज चौधरी ने कहा, ''जो पार्टी दायित्व देती है, उस पर निष्ठा से कार्य करना ही कर्तव्य है। मैं कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा खड़ा रहूँगा और उनकी बात सुनूँगा। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से सांसद रहे हैं और फ़िलहाल गोरखपुर शहरी सीट से विधायक हैं, इसी ज़िले की पड़ोसी सीट महाराजगंज से पंकज चौधरी सांसद हैं। उनके सामने एक बड़ी चुनौती योगी के साथ तालमेल बैठाना भी है। इस फैसले के साथ ही राज्य में पार्टी के सबसे अहम संगठनात्मक पद को लेकर चल रही महीनों की अटकलों पर विराम लग गया। पंकज चौधरी भाजपा के 15वें प्रदेश अध्यक्ष होंगे और वह प्रदेश में पार्टी की कमान संभालने वाले चौथे कुर्मी नेता बने हैं। पंकज चौधरी को संगठन और सरकार दोनों का अनुभवी नेता माना जाता है।साल 2021 से वो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री हैं और वर्तमान में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री की ज़िम्मेदारी संभाल रहे हैं।पार्टी संगठन में भी उनकी पकड़ मज़बूत रही है। राजनीतिक विश्लेषक ने कहा, ''भाजपा नए समीकरण की तलाश कर रही है। लेकिन इससे बहुत फ़ायदा होने की उम्मीद नहीं है। भाजपा साल 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे से डरी हुई है। इस फ़ैसले की वजह यह है कि पंकज चौधरी कुर्मी जाति से आते हैं, जिनका प्रदेश के कई ज़िलों में प्रभाव माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, ''ये समझ से परे है कि पूर्वांचल से मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का क्या औचित्य है, यह ज़्यादातर ऑप्टिक्स का मामला लगता है। राजनीतिक हलकों में पंकज चौधरी योगी के विरोधी माने जाते हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के क़द के आगे उनकी बराबरी नहीं है। इसके अलावा वो कुर्मियों के सर्वमान्य नेता नहीं हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में सभी दलों से जीतने वाले सांसदों में 11 कुर्मी समुदाय से आते हैं। इस समुदाय की आबादी का ग़ैर-आधिकारिक आंकड़ा क़रीब 7 फ़ीसदी माना जाता है। ये राज्य में यादव के बाद दूसरी प्रभावशाली ओबीसी जाति मानी जाती है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं।इसमें समाजवादी पार्टी को सबसे अधिक 37, बीजेपी को 33 और उसके सहयोगी अपना दल को एक, रालोद को दो और आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) को एक सीट मिली। कांग्रेस के प्रदेश में 6 सांसद हैं। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में 52 ब्राह्मण विधायक बने, उसके बाद 49 ठाकुर विधायक बने हैं। तीसरे नंबर पर कुर्मी हैं, जिनके 41 विधायक हैं जबकि चौथे नंबर पर 34 विधायक मुस्लिम हैं। कुर्मी जाति के विधायकों में से भाजपा गठबंधन से 27 हैं, जिसमें अपना दल भी शामिल है। सपा गठबंधन से 13 और एक कुर्मी विधायक कांग्रेस पार्टी से जीतकर सदन पहुंचे हैं। वहीं यादव विधायकों की कुल संख्या सदन में 27 है। भाजपा पिछड़े वर्गों में अपनी पकड़ मज़बूत करने की रणनीति पर काम करती रही है लेकिन पंकज चौधरी को आगे बढ़ाना इसी सामाजिक समीकरण का हिस्सा माना जा रहा है। यही चुनौती भी है कि कैसे इसको साधे रखा जाए। विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा की निगाह पूरे कुर्मी वोट पर है, इसलिए अनुप्रिया पटेल तो साथ में हैं लेकिन मिर्ज़ापुर और वाराणसी के इलाक़े में अनुप्रिया पटेल का प्रभाव है। लेकिन साल 2024 के लोकसभा चुनाव में ये वोट खिसका है। पूर्वांचल में कुर्मी आबादी कई मंडलों में है। अयोध्या, देवीपाटन मंडल, लखीमपुर खीरी का इलाक़ा और बस्ती मंडल में ठीकठाक वोट हैं। भाजपा के एक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाम न ज़ाहिर करने की शर्त पर कहा, ''पंकज चौधरी के आने से जो कुर्मी का पैसे वाला तबका है वो पार्टी के साथ मज़बूती के साथ रहेगा। इस वजह से खेती किसानी करने वाले लोग भी साथ जुड़ेंगे। 2027 के विधानसभा चुनाव ● शेष पेज 11 पर



# माघ मेला 2026 की तैयारियों को लेकर मेला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**बैठक की शुरुआत अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज कुमार पांडेय द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी ली गयी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेला 2026 को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मेला सलाहकार समिति की बैठक मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आईसीसीसी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संत-महात्माओं, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों तथा जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक की शुरुआत अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज कुमार पांडेय द्वारा प्रशासन और पुलिस की ओर से की जा रही तैयारियों की जानकारी पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से देने के साथ हुई। इसके बाद सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने क्रमवार अपनी बात रखी।तीर्थ पुरोहितों के प्रतिनिधि रामबाबू ने श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, सभी सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा मेला क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी सुचारू रखने की मांग की। नाविक संघ के प्रतिनिधि पप्पू लाल ने बताया कि माघ मेले के लिए स्थानीय नाविकों द्वारा पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था की जा चुकी है, इसलिए बाहरी नावों के पंजीकरण और मोटर बोट संचालन पर रोक लगाई जाए।सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन अन्नू गुप्ता ने पुलिस बूथों पर तैनात कर्मियों को पूर्व प्रशिक्षण दिए जाने का सुझाव दिया। आचार्य बाड़ा एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बसावट स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं और शौचालयों की संख्या बढ़ाने की मांग की। खाक चौक के प्रतिनिधि ने भूमि आवंटन के समय प्लॉट के आकार के अनुसार सुविधाओं के लिए नया मानक तय करने का सुझाव दिया।लेटे हनुमान जी मंदिर के महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने बेहतर साइनेज व्यवस्था पर जोर दिया। सांसद उज्ज्वल रमन सिंह के प्रतिनिधि तथा शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने पॉन्टून पुलों, यातायात और विद्युत व्यवस्था से जुड़े सुझाव दिए। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए होल्डिंग एरिया बनाए जाने की बात कही।बैठक के अंत में अपर मेला अधिकारी ने सभी से माघ मेला 2026 को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस आयुक्त के निर्देश पर व्यापक समीक्षा व जनजागरूकता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देश पर 15 दिसंबर 2025 को पुलिस उपायुक्त नगर, गंगा एवं एसपी कमिश्नरेट प्रयागराज सहित विभिन्न अधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में समीक्षा व भ्रमण किया गया।

इस दौरान लाइन, मऊआइमा, सराय, मेजा सहित अन्य थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों को उनके कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।अभियान के तहत नगर जोन, गंगा जोन एवं यमुना जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मंदिरों, बाजारों, ट्रैफिक प्वाइंट्स, घाटों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस द्वारा सतर्कता बरती गई। अलर्ट थाना टीमों, एंटी-रोमियो स्क्वॉड व महिला पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच–बैड टच, महिला अपराधों से बचाव, साइबर अपराध, महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनने के लिए जागरूक किया गया।पुलिस द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 (आपातकाल), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 102 व 108 (एम्बुलेंस सेवा) तथा 1930 (साइबर हेल्पलाइन) शामिल हैं।अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, ताकि ‘सशक्त नारी – समृद्ध समाज’ की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

## प्रयागराज में लोक सेवा आयोग के सामने छात्रों का प्रदर्शन जारी, रिजल्ट को लेकर नाराज़गी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) के मुख्यालय के सामने छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है। छात्र पीसीएस प्री-2024 और टग-इटग प्री-2023 के घोषित परिणामों से नाराज़ हैं और आयोग से पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि परिणामों में विसंगतियां हैं और चयन प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है।छात्रों ने आरोप लगाया कि परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों और उत्तर कुंजी में भी कई आपत्तिजनक बिंदु थे, जिन पर आयोग ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसी को लेकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आयोग के बाहर एकत्र होकर नारेबाजी कर रहे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं।प्रदर्शन के मद्देनज़र मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाएगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, आयोग की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लॉन्च की ऑल न्यू हेक्टर



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने सोमवार को ऑल-न्यू एमजी हेक्टर के लॉन्च की घोषणा की। यह एसयूवी सेगमेंट में बोल्ड डिज़ाइन, बेजोड़ आराम, अग्रणी तकनीक और डायनामिक ड्राइविंग अनुभव के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। पेश की गई ऑल-न्यू हेक्टर में नया फ्रंट और रियर बंपर डिज़ाइन है। साथ ही बिल्कुल नया ग्रिल, नए अलॉय व्हील्स और दो नए रंग सेलेडॉन ब्लू और पर्ल व्हाइट शामिल हैं। इसके इंटीरियर्स में 5-सीटर वेरिएंट के लिए ड्यूल टोन आइस ग्रे थीम और 6 व 7-सीटर वेरिएंट्स के लिए ड्यूल टोन अर्बन टैन थीम दी गई है। यह केबिन को और अधिक प्रीमियम व आकर्षक बनाती है। ऑल-न्यू एमजी हेक्टर रेंज की शुरुआती कीमत 11.99 लाख रुपए (केवल सीमित इकाइयों के लिए) है। चिनहट स्थित एमजी मोटर्स के शोरूम में ऑल-न्यू एमजी हेक्टर की लांचिंग के मौके पर मि. रवि मित्तल, डायरेक्टर स्ट्रैटजिक प्रोजेक्ट्स, जेएसडब्लू एमजीआई, रजनीश अग्रवाल, डायरेक्टर, बीआर एमजी, आरिफ खान, सेल्स हेड, बीआर एमजी, मि. आलोक मिश्रा, सर्विस हेड बीआर एमजी मौजूद रहे।

## गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि



लखनऊ। ब्लॉक प्रमुख संघ के लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल की अगुवाई में गोसाईगंज ब्लॉक कार्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई। ब्लॉक प्रमुख सहित उपस्थित सभी लोगों ने सरदार पटेल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक प्रमुख संघ के लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल ने कहा सरदार पटेल हम सभी के आदर्श हैं। हम सभी को सरदार पटेल के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। इस मौके पर विधानसभा संयोजक शंभूनाथ पांडेय, विजयपाल सिंह, शैलेन्द्र वर्मा शीलू, डीडी त्रिपाठी, रामदीन रावत, रविंद्र वर्मा, प्रशांत वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, शारदा वर्मा, अश्वनी वर्मा, जितेंद्र कुमार पटेल, राधा यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कोडीन सिरप कांड में दो आरोपियों को हाईकोर्ट से झटका

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोडीन सिरप कांड से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों की याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने अखिलेश प्रकाश और आकाश मौर्य द्वारा दाखिल याचिका को अपराध की गंभीरता को देखते हुए अस्वीकार कर दिया।मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता ने याचिका का विरोध करते हुए इसे खारिज किए जाने की मांग की, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने माना कि मामला गंभीर प्रकृति का है, ऐसे में आरोपियों को किसी प्रकार की राहत नहीं दी जा सकती। उल्लेखनीय है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ जनपद जौनपुर के कोतवाली थाने में कोडीन सिरप की अवैध तस्करी से संबंधित एफआईआर दर्ज है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद दोनों आरोपियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

## शांति नगर विकास समिति की बैठक

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी के सरोजिनी नगर में सोमवार को शांति नगर इलाके के विकास कार्यों को लेकर शांति नगर विकास समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने मोहल्ले के कई खराब पड़े मुख्य मार्गों को बनवाने हेतु सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह से मुलाकात कर जर्जर सड़कों के निर्माण कराने पर जोर दिया वही सफाई कर्मचारियों द्वारा नियमित सफाई हो सके इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदार प्रतिनिधि से संपर्क करने की जिम्मेदारी दी। समिति के सदस्यों पर दिलीप त्रिपाठी द्वारा चोरी के फर्जी मुकदमों को दर्ज कराये जाने के संबंध में चर्चा कर नाम हटवाने की बात कही गई। मोहल्ले में बिजली के खंभे पर तारों के फैले जाल से आसपास के लोगों के साथ कोई दुर्घटना ना हो इसलिए बिजली विभाग के अधिकारियों को इस विषय पर जानकारी देने की बात की गई।बैठक में समर बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, मनोज वर्मा,अर्जुन पांडे, नरपत सिंह, राकेश चंद तिवारी, शैलेंद्र सिंह, ऋषि राज गुप्ता, नन्हे सिंह, रामविलास समेत अन्य समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## हृदय गति रूकने से एम्स में इलाज के दौरान दीवान का निधन



रायबरेली। बछरावां थाने में तैनात दीवान राजेश सिंह अपने कमरे में अचानक गिर पड़े। जब पुलिस कर्मियों ने देखा तो उन्होंने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में चिकित्सको ने उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उनको एम्स रायबरेली रेफर कर दिया है। जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। दीवान राजेश सिंह लगभग एक वर्ष से बछरावा थाने में तैनात थे। रविवार देर शाम अचानक वह थाना परिसर में मौजूद अपने कमरे में कुछ काम करते समय गिर पड़े। इसी बीच कमरे के बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों की नजर उन पर पड़ी। तो उन्होंने उन्हें उठाने की कोशिश की पर वह अचेत हो गये। चीख पुकार पर पूरा पुलिस बल इकट्ठा हो गया। तत्काल थाना प्रभारी राजीव सिंह एवं मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने उनको सीपीआर देने का प्रयास किया, परंतु हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उनको उच्च उपचार के लिए एम्स रायबरेली रेफर कर दिया है। चिकित्सक अभय चतुर्वेदी ने बताया कि मेजर हार्ट अटैक की आशंका लग रही थी। सीपीआर देने के बाद भी सुधार नही हुआ है, हालत गंभीर देखते हुए उनको एम्स रायबरेली रेफर किया गया था। परंतु एम्स रायबरेली में इलाज के दौरान देर रात उनका निधन हो गया। जिससे पूरे थाना परिसर में सन्नाटा छाया हुआ है, और पुलिस कर्मियों में शोक का माहौल व्याप्त है।

# अनियंत्रित ट्रक के टकराने से घायल ट्रक ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड पर नवोदय चौराहे के पास शराब के नशे में धुत एक ड्राइवर का ट्रक अनियंत्रित होकर कई गुमटियों को रौंदते हुए मौरंग के ढेर में घुस गया। जिसके चलते जहां एक तरफ राजस्व की छति हुई वहीं दूसरी तरफ ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से मौके पर पहुंची एंबुलेंस और पुलिस ने लादकर सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बताते चलें कि, मामला रविवार की देर रात लगभग 9:30 बजे का है। महराजगंज की तरफ से रायबरेली की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक और नशे में धुत ट्रक ड्राइवर ने नवोदय चौराहे पर स्थित लगभग आधा दर्जन से अधिक गुमटियों को रौंदता हुआ एक विद्युत पोल तोड़कर मौरंग के ढेर में घुस गया और फंसकर बंद हो गया किंतु ट्रक ड्राइवर राम मनोहर 45 पुत्र राम केवल गंभीर रूप से घायल हो गया घटना स्थल पर पहुंचे पचास लोगों की जानकारी पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने तत्काल चोटहिल को एंबुलेंस में लाद कर सीएचसी महराजगंज ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी स्थिति को नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

उधर मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि घटना संज्ञान में आते ही मौके पर पुलिस पहुंची थी और चोटहिल के इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया जिसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# निगोहां प्रीमियर लीग: चौथे दिन रोमांचक मुकाबला कैथी और रघुनाथ खेड़ा ने दर्ज की शानदार जीत

**खिलाड़ियों व दर्शकों ने धूमधाम से मनाया पूर्व प्रधान का जन्मदिन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां स्थित एसएनटी ग्राउंड में चल रही निगोहां प्रीमियर लीग के चौथे दिन दर्शकों को दो रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। टूर्नामेंट के तहत खेले गए दोनों मैचों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिन का पहला मुकाबला निगोहां और कैथी के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर निगोहां की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैथी की टीम ने निर्धारित ओवरों में 169 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी निगोहां की टीम 133 रन ही बना सकी और मुकाबला कैथी के पक्ष में चला गया। इस मैच में अक्षय ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 17 गेंदों में 40 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली और गेंदबाजी में 2 विकेट झटके। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मुकाबला महावीरा लवल बनाम रघुनाथ खेड़ा के बीच खेला गया। महावीरा लवल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 100 रन पर ऑल-आउट हो गई। जवाब में रघुनाथ खेड़ा की टीम ने आयुष की नाबाद 51 रनों की शानदार पारी के दम पर लक्ष्य को आसानी से हासिल करते हुए यह मुकाबला 8 विकेट से अपने नाम कर लिया। आयुष को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। क्रिकेट के अंत में उपस्थित खिलाड़ियों व दर्शकों द्वारा भगवानपुर के पूर्व प्रधान नीशू मिश्रा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पंचायत अधिकारी संघ एवं पंचायती राज निदेशालय के अधिकारियों के बीच हुई बैठक

**पंचायत अधिकारियों को मिला सकारात्मक आश्वासन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि मंडल की वार्ता निदेशक पंचायती राज की अध्यक्षता में ऑनलाइन उपस्थिति लागू किए जाने के सत्याग्रही विरोध सहित समस्त समस्यात्मक एवं मांग आधारित बिंदुओं पर सकारात्मक रूप से सम्पन्न हुई। दोनों संवर्गों के पदाधिकारियों को एक साथ आज वार्ता में नहीं बुलाए जाने पर गलती स्वीकार करते हुए वार्ता में खेद भी व्यक्त किया गया।

बैठक में पंचायत अधिकारियों को आश्वासन दिया गया किप्रदेश में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली किसी भी जनपद में लागू नहीं होगी। ऑनलाइन उपस्थिति तत्काल लागू नहीं होने जा रही है, संगठन द्वारा उठाए गए समस्त आपत्तियों पर विशिष्ट अध्ययन के बाद निदेशालय से पुनः शासन को प्रत्यावेदन भेजा जाएगा। साथ ही ग्राम विकास विभाग के प्रतिवेदन का तुलनात्मक अध्ययन भी किया जाएगा।

निदेशालय द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति हेतु भविष्य में उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल एंड्राइड सेट एवं सीयूजी सिम की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाएगी। ग्राम विकास एवं पंचायती राज के अतिरिक्त समस्त विभागों के क्षेत्रीय कर्मचारियों को जोड़ते हुए ऑनलाइन उपस्थिति हेतु शासन को पत्राचार किया जाएगा तथा उनकी उपस्थिति सुनिश्चित होने के बाद ही ग्राम सचिव भी अपनी ऑनलाइन उपस्थिति लगाएंगे। समुचित वाहन भत्ता के संदर्भ में शासन से पुनः पुराने शासनादेश को संदर्भित करते हुए उचित वाहन भत्ता की मांग निदेशालय द्वारा किया जाएगा।लगभग सभी बिंदुओं पर एक घंटे से अधिक वार्ता हुई जिसमें संयुक्त निदेशक एस.एन. सिंह,उपनिदेशक (वित्त) योगेंद्र कटियार एवं पटल सहायक तथा प्रशासनिक अधिकारी पंचायती राज निदेशालय उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यभानु राय, प्रदेश महामंत्री नागेंद्र प्रताप कुशवाहा, प्रदेश संयुक्त मंत्री मो. नसीम खान एवं प्रदेश कार्यालय सचिव ललित कुमार प्रतिनिधिमंडल के रूप में शामिल रहे।

# एएसडी मतदाताओं को खोजने के लिए 16 से 18 दिसम्बर तक चलेगा महाअभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता विशेष रोल प्रेक्षक जे.वी. नागा सुब्रमण्यम, आईएएस ने की।विशेष रोल प्रेक्षक ने बताया कि मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित एवं विसंगतियों से मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से 16 से 18 दिसम्बर 2025 तक विशेष महाअभियान चलाया जाएगा। इस दौरान एएसडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित व मृत) मतदाताओं पर विशेष फोकस किया जाएगा। सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे।उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे के आधार पर तैयार की गई एएसडी सूची का अवलोकन सभी मतदाता अपने-अपने बूथों पर अवश्य करें। यदि किसी मतदाता का नाम भूलवश एएसडी सूची में शामिल हो गया है, तो वह संबंधित बीएलओ अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) से संपर्क कर रोलबैक करा सकता है।बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद में कुल 4713 बीएलओ तैनात हैं तथा मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। एएसडी मतदाताओं की सूची सभी बूथों पर चस्पा की गई है तथा जनपद की वेबसाइट prayagraj.nic.in पर भी उपलब्ध है। जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे बीएलओ से फॉर्म-6 प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं।विशेष रोल प्रेक्षक ने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में 25 प्रतिशत से अधिक एएसडी मतदाता हैं, वहां चौपाल, सामूहिक बैठक, मुनादी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अनट्रेसेबल मतदाताओं को खोजा जाए। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेंटों को अधिक सक्रिय करने का भी आह्वान किया।

# पीएमओ ने माना पसमांदा मुस्लिम समाज का सुझाव

**आधार कार्ड में दर्ज होगा जातीय विवरण अनीस मंसूरी की पहल रंग लाई, सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी की मांग को केंद्र सरकार ने औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। जातिगत जनगणना कराए जाने और आधार कार्ड में जातीय विवरण दर्ज किए जाने संबंधी सुझाव को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने संज्ञान में लेते हुए आधिकारिक रूप से रिकॉर्ड पर दर्ज कर लिया है।

इसे सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और वंचित वर्गों के अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि अनीस मंसूरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित पत्र (पत्रांक पीएमएस 20/25, दिनांक 02 मई 2025) में दिए गए सुझाव को विधिवत दर्ज कर लिया गया है। यह पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय में तैनात उपनिदेशक पूर्णिमा प्रसाद द्वारा जारी किया गया है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि पीएमओ, नई दिल्ली में कार्यरत अवर सचिव चन्द्र किशोर शुक्ला को भी प्रेषित की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मामला सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय के स्तर पर दर्ज हुआ है। पसमांदा मुस्लिम समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस घटनाक्रम को अनीस मंसूरी के लंबे संघर्ष, सामाजिक प्रतिबद्धता और दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया है। अनीस मंसूरी ने बताया कि अगर यह व्यवस्था लागू हुई तो जनता को तमाम लाभ मिल सकते हैं।

सर्वप्रथम जातीय आंकड़े उपलब्ध होने से कल्याणकारी योजनाएं वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सकेंगी। फर्जी लाभार्थियों पर प्रभावी रोक लगेगी और नीति निर्माण ठोस, तथ्यात्मक आंकड़ों पर आधारित होगा। पिछड़े और वंचित वर्गों की वास्तविक संख्या सामने आने से शिक्षा, रोजगार और आरक्षण जैसी योजनाओं में उनकी उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित हो सकेगी। सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को दूर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल पसमांदा समाज ही नहीं, बल्कि देश के सभी वंचित और पिछड़े वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की मजबूत नींव साबित होगी।

# सरदार पटेल की मूर्ति के अनावरण के साथ ही पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर गोसाईगंज क्षेत्र के कपेरा मदारपुर पुर बाजार स्थल में उनकी मूर्ति का भव्य अनावरण किया गया। सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मूर्ति की स्थापना एवं अनावरण से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।मूर्ति स्थापना के पीछे मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सरदार पटेल की जयंती एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान की कमी को दूर करना बताया गया। आयोजकों ने कहा कि पहले जयंती मनाने के लिए उपयुक्त जगह नहीं मिल पाती थी, लेकिन अब कपेरा मदारपुर बाजार स्थल में मूर्ति स्थापित होने से यहां पर्याप्त जगह उपलब्ध है। साथ ही पार्किंग की अच्छी सुविधा भी है, जिससे भविष्य में बड़े कार्यक्रम आसानी से आयोजित हो सकेंगे।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे महापुरुष के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि करार दिया। स्थानीय निवासी कुलदीप वर्मा ने कहा, ''आज मूर्ति स्थापित करके हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सरदार पटेल ने देश की एकता के लिए जो योगदान दिया, उसे याद रखना हमारा कर्तव्य है। यह मूर्ति आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी।''मूर्ति अनावरण समारोह में कुलदीप वर्मा, बसंत वर्मा, सौरभ सारंग, जयवीर, मुकेश, विवेक वर्मा, रवि रावत, योगेश पासी, अशोक पटेल, राजबहादुर, शिखर पटेल, वीरेंद्र, संजय वर्मा, विनोद, विशाल पासी सहित सैकड़ों सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त का आदेश दरकिनार, सील बिल्डिंग में भी जारी अवैध निर्माण

**मण्डलायुक्त के स्पष्ट आदेशों के बावजूद सील की गई बिल्डिंगों में धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है**

कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सख्त निर्देश दिए जाने और लखनऊ विकास प्राधिकरण को जोनवार सील इमारतों की निगरानी के आदेश के बावजूद ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

मण्डलायुक्त के स्पष्ट आदेशों के बावजूद सील की गई बिल्डिंगों में धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है, जिससे प्रशासनिक आदेशों की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हाल ही में मण्डलायुक्त द्वारा यह आदेश जारी किया गया था कि यदि किसी भवन को सील किए जाने के बाद भी निर्माण कार्य चलता पाया गया तो संबंधित भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद प्रवर्तन ज़ोन-6 के अंतर्गत नाका थाना क्षेत्र स्थित गणेशगंज में गुलाटी पीपल वाली शॉप के सामने, खालसा मॉल फैमिली बाजार से सटे एक सील भवन में अवैध निर्माण लगातार जारी है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार निर्माणकर्ता को संबंधित अवर अभियंता एवं सहायक अभियंता का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वह बिना किसी भय के निर्माण कार्य को आगे बढ़ा रहा है। वहीं इस मामले में संबंधित अवर अभियंता का कहना है कि निर्माण के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर भवन को पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। हालांकि बड़ा सवाल यह है कि जब भवन सील होने के बाद भी निर्माण कार्य बेरोकटोक जारी है, तो मण्डलायुक्त के उस आदेश का क्या होगा जिसमें स्पष्ट रूप से दोबारा निर्माण की स्थिति में ध्वस्तीकरण की बात कही गई थी।




आरोप है कि महज़ नोटिस काटने और एफआईआर दर्ज कराने तक ही कार्रवाई सीमित रह जाती है, जबकि मौके पर निर्माण पूरा कर लिया जाता है और अंततः मामला शांत हो जाता है। इस पूरे प्रकरण ने एलडीए की प्रवर्तन व्यवस्था और अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन ऐसे मामलों में वास्तव में सख्त कार्रवाई करता है या आदेश केवल कागज़ों तक ही सीमित रहेंगे।

# कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एवं विज्ञान किसी भी देश के विकास में बहुत अहम योगदान देते हैं: प्रवीण सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ। सोमवार को एस.एस.पब्लिक स्कूल, हेमी, बीकेटी, लखनऊ के प्रांगण में कंप्यूटर एवं वैज्ञानिक उपकरणों एवं चित्र कला की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के संस्थापक अनिल सिंह चौहान एवं विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने फीता काट कर किया,इस प्रदर्शनी में कंप्यूटर के महत्वपूर्ण उपकरण जैसे एटीएम,रोबोट, सोशल नेटवर्किंग,वेब सर्वर इत्यादि एवं वैज्ञानिक उपकरणों जैसे हार्ट मॉडल,.फ़ोटो सिंथेसिस,इलेक्ट्रिक टॉर्च,पाचन तंत्र,सेंसर वाटर पम्प,वाटर अलार्म,रेन डिटेक्टर आदि आकर्षक मॉडलों का प्रदर्शन विद्यार्थियों द्वारा किया गया,उक्त अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सीके शर्मा,संजय जायसवाल एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे,छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने कहा की कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एवं विज्ञान किसी भी देश के विकास में बहुत अहम योगदान देते हैं ,ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ती है एवं हमारा प्रयास होना चाहिए कि इन क्षेत्रों में हमारे विद्यार्थी अधिक से अधिक रुचि लेकर एवं कुछ नया सीख कर आने वाले दिनों में देश के प्रगति में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके।

# खुशियों, रंगों और स्वाद से सजा न्यू पब्लिक कॉलेज का विंटर फिएस्टा

**विद्यालय परिसर को सर्दियों की थीम पर सजाया गया था। रंग-बिरंगे झंडे, आकर्षक सजावट और बच्चों की मुस्कान ने मेले को जीवंत बना दिया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नीलमथा के शहीद पथ स्थित न्यू पब्लिक कॉलेज में आयोजित विंटर फिएस्टा 2025 ने पूरे परिसर को उत्सव के रंगों से भर दिया। सुबह 10:30 बजे शुरू हुए इस आयोजन में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

विद्यालय परिसर को सर्दियों की थीम पर सजाया गया था। रंग-बिरंगे झंडे, आकर्षक सजावट और बच्चों की मुस्कान ने मेले को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न फूड स्टॉल रहे, जहाँ स्वादिष्ट स्नैक्स और व्यंजनों की खुशबू पूरे परिसर में फैली रही। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी फूड स्टॉल का भरपूर आनंद लिया। इसके अतिरिक्त, छात्रों द्वारा लगाई गई क्राफ्ट और साइंस प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने अपने बनाए मॉडलों और कलाकृतियों के माध्यम से रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। मेले में रोमांचक खेल, बाउंसी कैसल और मनोरंजन के अन्य साधन बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने रहे।इस आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना भी था। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रशासन ने शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। न्यू पब्लिक कॉलेज का यह विंटर फिएस्टा सभी के लिए एक यादगार, आनंददायक और प्रेरणादायक अनुभव बन गया।



# सफलाता एकादशी पर श्री श्याम परिवार के सदस्यों ने किया तुलादान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मन्दिर में सफला एकादशी के पावन अवसर पर सुबह से भक्तों का दर्शन करने का हुजूम लगा। महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि सफला एकादशी पर श्री श्याम परिवार से सदस्य एवं संरक्षकगण ने वजन के बराबर कंबल को तौलकर तुलादान किया गया, आध्यात्मिक शुद्धि, ग्रहदोष निवारण और समस्त परिवारजनों के जीवन में सुख समृद्धि व स्वास्थ्य लाभ एवं मंगलकामनाएं हेतु तुलादान किया गया। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक विधायक डॉ नीरज बोरा, राधे मोहन अग्रवाल, अजय झुनझुनवाला, अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महावीर सुनील अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, सुधीर खेतान, मुकुंद बिहारी, सुधीर गर्ग, अनिल गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुधीश गर्ग, गणेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में संरक्षक एवं सदस्य गणों ने तुलादान किया।

## पुरानी रंजिश में दंपती पर जानलेवा हमला, महिला से मारपीट व जमीन पर कब्जे का आरोप

नगराम, लखनऊ । थाना नगराम क्षेत्र के ग्राम कनेरी में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा एक दंपती पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता मायादेवी पत्नी अरविंद कुमार ने थाने में तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़िता के अनुसार बीते रविवार की दोपहर गांव के ही विजय बहादुर, राज बहादुर, तेज बहादुर व उनके दो अज्ञात भाइयों ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके पति अरविंद कुमार को मारने के लिए दौड़ा लिया। जब मायादेवी ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने मिलकर उन्हें लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा और भद्दी-भद्दी गालियां दीं। आरोप है कि घटना के दौरान अरविंद कुमार ने जब वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोपियों ने उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया। साथ ही पीड़िता के हिस्से की जमीन पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया। मारपीट के दौरान पीड़िता का एक मंगलसूत्र भी कहीं खो गया। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।

## दुकान बंद कर घर लौट रहे दुकानदार पर हमला, बाइक रोककर बेरहमी से की पिटाई , मामला दर्ज

नगराम, लखनऊ। थाना नगराम क्षेत्र में दुकान बंद कर घर लौट रहे एक दुकानदार पर रास्ते में हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित गुरु प्रसाद निवासी ग्राम सल्लाहीखेड़ा मजरा करोरा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दबंग ने उसकी मोटरसाइकिल रोककर गाली-गलौज करते हुए मार-पीट किया। पीड़ित के अनुसार 14 दिसंबर 2025 की रात लगभग 9 बजे वह ग्राम करोरा स्थित अपनी फास्ट फूड की दुकान बंद कर घर लौट रहा था। जैसे ही वह मैनेजर होटल के सामने सल्लाहीखेड़ा मोड़ के पास पहुंचा, तभी शंकर मौर्य निवासी करोरा ने अचानक उसकी मोटरसाइकिल रोक ली और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे पीड़ित को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित का पुत्र विनोद मौके पर पहुंचा और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायल गुरु प्रसाद को इलाज के लिए करोरा स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार कराया गया। इलाज के बाद पीड़ित ने थाना नगराम पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज किया है। जांच शुरू कर दी गई है।

## ढोल, नगाड़े व नारेबाजी के साथ किया अध्यक्ष पद का नामांकन



लखनऊ । राजाजीपुरम व्यापार मंडल के 28 दिसंबर को होने वाले चुनाव में सैकड़ो व्यापारियों के साथ शैलेश बाजपेई शीलू ने ढोल, नगाड़े व नारे बाजी के साथ अध्यक्ष पद पर जोरदार नामांकन किया। व्यापारियों ने जगह-जगह फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। नामांकन अवसर पर पूर्व सांसद कुसुम राय, भाजपा नेता बीनू शुक्ला, राम शंकर राजपूत, पार्षद राजीव कृष्ण त्रिपाठी, जितेंद्र उपाध्याय मिंटू, चेयरमैन अनुराग मिश्रा, सहित कई गणमान्य व सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल उपाध्यक्ष की कार में मिला मांस, पुलिस कर रही जांच



सरोजनी नगर । सरोजनी नगर में एक भाजपा मंडल उपाध्यक्ष की कार का शीशा तोड़कर उसमें मांस के टुकड़े रखे जाने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय थाने पर मामला दर्ज कराया गया है पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। घटना के अनुसार सरोजिनी नगर मंडल दक्षिण प्रथम के मंडल उपाध्यक्ष व बेहसा निवासी राहुल मिश्रा को सोमवार सुबह घर पर खड़ी उनकी स्विफ्ट कार का पिछला शीशा ईंटों से टूटा मिला और कार के अंदर कुछ मांस रखा हुआ मिला। उन्होंने तुरंत सरोजनी नगर पुलिस को इस घटना की सूचना दी।राहुल का कहना है कि यह कृत्य उन्हें बदनाम करने की नीयत से किया गया है। वह पूर्ण रूप से मांसाहार से दूर रहते हैं। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को उनके पड़ोस में विधायक निधि से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था, जिसमें कुछ लोगों ने बाधा डालने की कोशिश की थी।उन्होंने लेखपाल और पुलिस को बुलाकर मामला शांत कराया था। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में जल जीवन उत्सव का सफल आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में 19 यू.पी. गर्ल्स बटालियन, एनसीसी, लखनऊ द्वारा जल जीवन उत्सव का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण तथा जल संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति छात्राओं में जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम प्रधानाचार्या प्रो. बीना राय के सक्षम मार्गदर्शन एवं लेफ्टिनेंट डॉ. सरिता सिंह, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिनके सहयोग एवं प्रेरणा से कार्यक्रम का सुचारु संचालन संभव हो सका। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने जल जीवन मिशन एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता का निर्णायक मंडल डॉ. मौली श्री शुक्ला, सहायक प्राध्यापक, मानवशास्त्र विभाग तथा सूबेदार सुनील कुमार, परमानेंट इंस्ट्रक्टर, 19 यू.पी. गर्ल्स बटालियन एनसीसी रहे। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन सीनियर अंडर ऑफिसर खुशी कुमारी एवं अंडर ऑफिसर जागृति द्वारा अनुशासन एवं कुशल नेतृत्व के साथ किया गया।

# वार्डेन क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय बैच के प्रशिक्षण का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सोमवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मून हाल में संचालित नागरिक सुरक्षा संगठन के वार्डे न क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय बैच के प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र पाल सिंह, अपर जिलाधिकारी पूर्वी, लखनऊ रहे।




कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महेंद्र पाल सिंह(पीसीएस) एवं चीफ वार्डे न द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। चीफ वार्डे न अमरनाथ मिश्र ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि ट्रेनिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया प्रशिक्षण किसी भी संगठन की कार्यक्षमता, अनुशासन एवं दक्षता को सुदृढ़ करने का एक अनिवार्य माध्यम है। इसके माध्यम से स्वयंसेवकों को उनके दायित्वों, अधिकारों एवं कार्यप्रणाली की समुचित जानकारी प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक प्रभावी, समयबद्ध एवं उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से कर सकें। प्रशिक्षण से न केवल व्यावहारिक ज्ञान एवं तकनीकी कौशल का विकास होता है, बल्कि आपात परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने, समन्वय स्थापित करने तथा संसाधनों के समुचित उपयोग की क्षमता भी विकसित होती है। यह प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं अनुशासन को प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेन्द्र पाल सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें प्रशिक्षु को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रशिक्षण किसी विशेषज्ञा द्वारा दिया जाता है जिस तरह से क्लास में बच्चे पढ़ते हैं उसी तरीके से ट्रेनर के द्वारा आप लोगों के कार्यक्षमता बढ़ाने को बताया जाता है हर उम्र में प्रशिक्षण का विशेष महत्व होता है, नागरिक सुरक्षा के संदर्भ में प्रशिक्षण का विशेष महत्व है, क्योंकि प्रशिक्षित स्वयंसेवक ही आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्य, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रशासन को सहयोग प्रदान करने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से शासन एवं प्रशासन की योजनाओं एवं निर्देशों का क्रियान्वयन सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जा सकता है।

# घर में घुसे बेखौफ चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात व नगदी चोरी कर हुए फरार

**छत के रास्ते घुसे बेखौफ चोरो ने दंपति को कमरे में बंदकर दिया अंजाम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज,लखनऊ । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत मऊ गांव में रविवार देर रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए एक फल विक्रेता के घर से लाखों रुपये के जेवरात व नगदी चोरी कर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के मऊ गांव में रविवार रात छत के रास्ते घर में दाखिल हुए चोरों ने पहले दंपति को उनके ही कमरे में बाहर से बंद कर दिया और फिर आराम से अलमारी का ताला खोलकर कीमती सामान समेट ले गए।पीड़ित फल विक्रेता रवि कश्यप ने बताया कि रविवार रात वह खाना खाने के बाद अपनी पत्नी ममता के साथ कमरे में सो गए थे। इसी दौरान देर रात चोर छत के रास्ते घर में घुसे अज्ञात चोरों ने पहले रवि कश्यप के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर खिड़की पर रखी चाभी उठा ली इसके बाद दूसरे कमरे में रखी अलमारी का ताला चाबी से खोलकर उसमें रखे करीब छह लाख रुपये कीमत के जेवरात और लगभग 50 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया।सुबह जब दंपति की नींद खुली और कमरे का दरवाजा बाहर से बंद पाया तो उनके होश उड़ गए। किसी तरह दरवाजा खुलवाने के बाद चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू की। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही संदिग्धों से पूछताछ कर रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



# जन्मदिन पार्टी डी जे पर डांस दौरान मारपीट व फायरिंग का आरोप

**मोहनलालगंज के ग्राम हुलासखेड़ा निवासी पीड़ित राज त्रिवेदी ने पुलिस को दी गई तहरीर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में जन्मदिन पार्टी के दौरान दबंगों द्वारा मारपीट, गाली-गलौज और हवाई फायरिंग किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है।

घटना को लेकर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मोहनलालगंज के ग्राम हुलासखेड़ा निवासी पीड़ित राज त्रिवेदी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते रविवार रात को वह अपने मित्रों के साथ मोहनलालगंज नगर पंचायत के कुसली खेड़ा गांव में आयोजित जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के दौरान डीजे पर वह अपने दोस्तों के साथ डांस कर रहा था, तभी मामूली विवाद को लेकर आर्यन यादव सहित उसके साथ मौजूद अनिल यादव, विनीत यादव, गोलू यादव व 8 से 10 अज्ञात लोगों ने पीड़ित को गाली-गलौज करते हुए धमकाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी ने मिलकर पीड़ित के साथ बेरहमी से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए मेरे साथी दीपक यादव को भी आरोपियों ने मारा पीटा ।पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी आर्यन यादव ने पिस्टल निकालकर हवाई फायरिंग शुरू कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जान से मारने की नीयत से किए गए हमले से घबराकर पीड़ित भागने लगा तो आरोपियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और पिस्टल के बट से उसके सिर पर वार कर दिया। हमले में पीड़ित और उसके साथी को गंभीर चोटें आई हैं। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित की बाइक की प्लेटिना बजाज को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया।घटना के बाद पीड़ित ने मोहनलालगंज थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## गोमतीनगर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जन्म व तप कल्याणक

लखनऊ । गोमतीनगर विशाल खंड स्थित जैन मंदिर में जैन धर्म के 8वें एवं 23वें तीर्थंकर भगवान 1008 श्री चंद्रप्रभु और भगवान पार्श्वनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया।मंदिर मंत्री आलोक जैन ने बताया कि इसी दिन भगवान का जन्म हुआ था तथा दीक्षा ग्रहण कर कठोर तप के माध्यम से उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान भगवान का अभिषेक, पूजन एवं विधान संपन्न हुआ, जिसके उपरांत पालना झुलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने संगीत मय भक्ति भाव के साथ नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव को भव्य स्वरूप दिया।कार्यक्रम में गोमतीनगर महिला मंडल की सदस्य अनीता, दीपाली, जूली, अर्चना, मोना, दीपिका, वैशाली, पिंकी, सुनीता, रश्मि सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता की। मुख्य शांति धारा प्रदीप जैन एवं जय कुमार जैन परिवार द्वारा की गई। इस अवसर पर अमितऽदीपिका जैन परिवार द्वारा जबलपुर चातुर्मास में मुनि समय सागर महाराज संघ से प्राप्त रजत कलश का दर्शन सभी श्रद्धालुओं को कराया गया।

# सृजन महोत्सव का भव्य आयोजन

**सीतापुर का वार्षिक समारोह सृजन महोत्सव-2025**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। शैक्षिक सामाजिक साहित्यिक सरकारों को समर्पित अखिल भारतीय संस्था साहित्य सृजन संस्थान द्वारा स्थानीय स्वर्गीय हरगोविंद वर्मा सभागार में सृजन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत कार्यवाह, प्रशांत जी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता, शिक्षाविद साहित्यकार रमेश बाजपेयी ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बांदा की सुप्रसिद्ध सर्जन,साहित्यकार डॉ शबाना रफीक, भाषा संस्थान सूरत के अध्यक्ष डॉ गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर, फ्यूचर ब्राइट पब्लिक स्कूल के प्रतिनिधि डॉ वैभव, आर एस एस के जिला प्रचारक सुरेंद्र और साहित्य सृजन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप मिश्र सरस मंच पर उपस्थित रहे।मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम का शोभित शुभारंभ हुआ। संस्थान अध्यक्ष संदीप मिश्र सरस ने अतिथियों का स्वागत कर संस्था की आख्या प्रस्तुत करते हुए संस्थान की वर्तमान गतिविधियों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।संस्थान द्वारा सीतापुर जनपद के दिवंगत वरेण्य व्यक्तित्वों की स्मृति में, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कनाडा, नेपाल और भारत के कुल 52 प्रतिष्ठित गणमान्यों को संपूर्ण भव्यता और दिव्यता के साथ ( सृजन सरोकार सम्मान 2025 ) अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रशांत जी ( प्रांत कार्यवाह, अवध क्षेत्र - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने अपने सम्बोधन में कहा कि शैक्षिक, साहित्यिक, सामाजिक सरोकार न केवल हमारा मार्गदर्शन करते हैं, बल्कि हमारे सामाजिक समरसता के नैतिक मानक भी निर्धारित करते हैं। हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का समर्थन करते हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में न्यूज़ 18 टीवी चैनल दिल्ली के संपादक, 'भैया जी कहिन' लोकप्रिय टीवी शो के प्रस्तोताप्रतीक त्रिवेदी का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। क्षेत्र की तमाम प्रतिष्ठित संस्थाओं, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों द्वारा उन्हें स्मृतिचिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में प्रतीक त्रिवेदी ने कहा कि पुस्तकालय समाज को सदैव बौद्धिक संपदा सौंपते रहे हैं। इंटरनेट मोबाइल के दौर में आज भी पुस्तकालय की प्रासंगिकता है। युवा पीढ़ी को पुस्तकों से सीधा संवाद रखना चाहिए। साहित्य सृजन संस्थान द्वारा स्थापित सृजन पुस्तकालय, शैक्षिक चेतना के अभिनव जागरण में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।'' अध्यक्षीय संबोधन में रमेश बाजपेई विरल में कहा अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक संस्कार भी देने की आवश्यकता है। क्योंकि एक सभ्य समाज ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है।द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गिरीश चंद्र मिश्र (उपाध्यक्ष, राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ) ने अपने सम्बोधन में साहित्य, शिक्षा, समाज के समन्वित स्वरूप को रेखांकित करते हुए साहित्य सृजन संस्थान के सर्जनात्मक प्रयासों की सराहना की।सम्मानित अतिथि के रूप में अवधी सांस्कृतिक प्रतिष्ठान नेपाल के अध्यक्ष विष्णु लाल कुमाल, आर एस एस के सह प्रचारक विकल्प जी मंच पर उपस्थित रहे।इस सत्र में समसामयिक विषयों पर व्यापक चिंतन और क्षेत्र के समाजसेवियों व सृजन पुस्तकालय के संबद्ध सदस्यों व सर्वश्रेष्ठ सक्रिय पाठकों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम वार्षिकोत्सव के अंतिम तृतीय सत्र में भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कई प्रांतों के प्रतिष्ठित कवियों ने सहभागिता की।समारोह का सफल संचालन लोकप्रिय कवि लवकुश शुक्ल ने किया।

# भक्तिमय हुई महोली कोतवाली

**संगीत मय सुन्दर कंड के पाठ का हुआ सफल आयोजन-इंस्पेक्टर जेबी पांडेय ने मधुर भजन गाकर बांधा शमा-मंत्रमुग्ध हो झूमे श्रोता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महोली सीतापुर । शनिवार की शाम को कोतवाली परिसर के निकट बाबा बैजनाथ धाम में संगीत मय सुंदर कंड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया इस भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन कोतवाली प्रभारी जे बी पांडे द्वारा किया गया। जिसमें नगर के प्रमुख लोगों का भी सहयोग रहा। सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद कोतवाली प्रभारी जे बी पांडे ने सांसों की माला में सिमरु में शिव का नाम सहित अन्य मनमोहक भजन गाकर आए हुए आगंतुकों का मन मोह लिया। इंस्पेक्टर महोली जे बी पांडे के द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन की सराहना नगर व क्षेत्र में हो रही है। कार्यक्रम के दौरान आए हुए सभी लोगों के लिए भोजन एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, राष्टीय हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू एडिशनल एसपी दुर्गेश सिंह क्षेत्राधिकारी नागेंद्र सिंह चौबे, भाजपा नेता मनोज मिश्रा, सर्राफा व्यापारी राघवेंद्र रस्तोगी रामू ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद, मिथिलेश यादव,क्षेत्रीय प्रधान गण, पुलिस स्टाफ सहित जनपद के मीडिया कर्मी व स्थानीय मीडिया के पत्रकार भी सम्मिलित रहे।

# डीएम ने एसआईआर की प्रगति को लेकर राजनैतिक दलों के साथ की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने बताया कि जनपद में कुल मतदाता 2315538 है, जिसमें से एएसडी 533070 चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने मैपिंग के संबंध में बताया कि 1468574 की मैपिंग हो गई है तथा 312278 शेष हैं। बताया कि घर-घर सर्वे के दौरान जो मतदाता नहीं मिल रहे हैं, मृतक श्रेणी के हैं, डुप्लीकेट हैं, पूर्ण रूप से स्थानातरित हो गए हैं या गणना प्रपत्रों को वापस देने से इंकार कर रहे हैं, ऐसे मतदाताओं को वेरीफाइ करते हुए सम्बंधित बीएलओ के द्वारा बनाई गई एएसडी सूची में सम्मिलित किया गया है। उन्होंने कहा कि अद्यतन एएसडी की सूची उपलब्ध कराई जा रही है, इसको अच्छे से सत्यापन कर लें, यदि कोई अर्ह मतदाता मिलता है तो उसका फॉर्म 26 दिसंबर तक उपलब्ध करा दें। जिसे सूची में शामिल किया जा सके। एएसडी सूची में सम्बंधित मतदाता का क्रम संख्या, ईपीआईसी नम्बर, मतदाता का नाम, एएसडीडी लिस्ट में डालने का कारण उल्लिखित है। उन्होंने कहा कि यदि बीएलओ के द्वारा अद्यतन एएसडीडी सूची में किसी मतदाता का गलत चिन्हॉकन किया गया है, तो उसकी आपत्ति सम्बंधित बीएलओ अथवा ईआरओ को उपलब्ध करा दें, जिससे सम्बंधित मतदाता का नाम रोलबैक कर दिया जाए। कहा कि नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने के लिए फार्म 6 भरवाया जाए और जो भारतीय विदेश में रह रहे हैं और विदेश की नागरिकता नहीं ली है। ऐसे मतदाताओं के लिए फॉर्म 6ए भरना होगा। मतदान के समय पासपोर्ट दिखाना होगा। कहा कि एएसडी की सूची जनपद की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है, कोई भी देख सकता है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नाबालिग बच्ची से अश्लील हरकत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर । थाना कोतवाली पुलिस ने सात साल की नाबालिग बच्ची से अश्लील हरकतें करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने क्षेत्र के मोहल्ला बाबूजई निवासी अखतर पुत्र वजीर पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि अभियुक्त अख्तर उसकी सात साल की भांजी को पैसे का लालच देकर अपने खोखे के पास बुलाता है और उससे अश्लील हरकत करता है। यही नहीं, भांजी का पीछा करता है। पुलिस से शिकायत करने पर अभियुक्त ने जान से मारने की धमकी दी। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति टीम के साथ आज मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अख्तर पुत्र वजीर हसन को उसके खोखे के पास से गिरफ्तार किया। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अख्तर पुत्र वजीर को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के एसआई प्रियव्रत दुहूण, प्रदीप शर्मा, हेड का. राजेश कुमार, महिला हेड का. जशोदा आदि मौजूद रहे।

# सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। गोष्ठी में प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता अखंडता के लिए अविस्मरणीय कार्य किया है। वे संविधान सभा की परामर्श समिति के अध्यक्ष थे।

इतिहास प्रवक्ता राम सिंह ने कहा कि बारडोली सत्याग्रह और खेड़ा के किसान आंदोलन का नेतृत्व सरदार पटेल ने किया, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद प्रथम गृह एवं उप प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश की 562 देशी रियासतों का भारत में विलय कर देश की भारत संघ को मजबूत किया। वरिष्ठ शिक्षक संजय अग्निहोत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल में निर्णय लेने की अपार क्षमता थी। उन्होंने जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी रियासतों का भी भारत में विलय का फैसला खुद लिया। इस अवसर पर भूगोल प्रवक्ता सुशील कुमार, शिक्षक श्रवण कुमार, विनोद कुमार, मोहन स्वरूप गंगवार, देवेश कुमार, उदयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## सचिवों ने दस सूत्रीय ज्ञापन के तहत आज जमा किए डोंगल खासकर बायोमेट्रिक एडेडेंस को लेकर जताई नाराजगी किया कार्य बहिष्कार

बेहटा सीतापुर। ब्लॉक बेहटा के सचिवों ने कुछ दिन पूर्व ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन कर हाथों में काली पट्टी बांधकर जमकर नारे बजी करने के पश्चात आज ब्लॉक में लगभग सचिवों ने सहायक विकास अधिकारी के समक्ष डोंगल जमा करते हुए कार्य बहिष्कार किया इस वावत जब सहायक विकास अधिकारी से जानकारी ली गईं तो उनके द्वारा बताया गया कि आज सचिवों ने पूर्व में दिए गए दस सूत्रीय ज्ञापन के तहत आज डोंगल जमा कर दिए हैं जिसमें उन्होंने बायो मेट्रिक अटेंडेंस से खास दिक्कत जताई समाधान न होने तक पंचायत स्तर पर होने वाले किसी भी कार्य का भुगतान डोंगल नहीं लगाएंगे वैसे भी कई प्रधानों द्वारा बताया गया कि काफी दिन पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान न होने से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था अब निराकरण न होने तक पंचायत स्तर पर होने वाले विकास कार्य और भी प्रभावित होगे

# सीडीओ की अनोखी पहल, कर्मचारियों के लिए लगा शिकायत दिवस

**विकास भवन सभागार में कर्मचारियों के लिए विशेष शिकायत दिवस का आयोजन किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने एक सराहनीय पहल की है।

इसी क्रम में विकास भवन सभागार में कर्मचारियों के लिए विशेष शिकायत दिवस का आयोजन किया गया। शिकायत दिवस में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिन्हें सीडीओ ने गंभीरता से सुना।इस दौरान कुल 26 से अधिक कर्मचारियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से 19 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए सीडीओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त और स्पष्ट निर्देश देते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समय पर समाधान होना बेहद जरूरी है, ताकि कार्यक्षमता और कार्य संतुष्टि बनी रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पहल एक बार की नहीं है, बल्कि अब प्रत्येक माह की 15 तारीख को नियमित रूप से शिकायत दिवस आयोजित किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों को अपनी बात रखने के लिए भटकना न पड़े।शिकायत दिवस के दौरान वेतन, पदोन्नति, सेवा संबंधी प्रकरण, कार्यालयीन व्यवस्थाओं सहित अन्य मुद्दे सामने आए। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कर्मचारियों ने सीडीओ की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उन्हें अपनी समस्याएं सीधे शीर्ष अधिकारी तक पहुंचाने का अवसर मिला है और त्वरित समाधान से विश्वास भी बढ़ा है।जनपद प्रशासन की यह पहल कर्मचारी हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# खीरी पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा डीआईजी पद पर पदोन्नत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश पुलिस महकमे से जुड़ी बड़ी प्रशासनिक खबर सामने आई है। लखीमपुर खीरी में तैनात पुलिस अधीक्षक (एसपी) संकल्प शर्मा को डीआईजी (उप महानिरीक्षक) पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। यह पदोन्नति राज्य सरकार द्वारा गठित प्रोन्नति बोर्ड की संस्तुति पर की गई है।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश में वर्ष 2012 बैच के कुल 61 आईपीएस अधिकारियों को नए वर्ष के अवसर पर पदोन्नति का लाभ मिला है। इन अधिकारियों को एसपी से लेकर डीआईजी रैंक तक प्रोन्नत किया गया है। प्रोन्नति सूची में प्रदेश के 6 जिलों में तैनात पुलिस कप्तान भी शामिल हैं, जिन्हें एसपी पद से पदोन्नत कर डीआईजी बनाया गया है।एसपी संकल्प शर्मा की गिनती तेज-तर्रार और अनुशासित अधिकारियों में होती है। लखीमपुर खीरी में उनके कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण, माफियाओं पर कार्रवाई और संवेदनशील मामलों के त्वरित निस्तारण को लेकर उनकी कार्यशैली की सराहना की जाती रही है । पदोन्नति की खबर सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हलचल देखी जा रही है। माना जा रहा है कि डीआईजी पद पर पदोन्नत होने के बाद संकल्प शर्मा को जल्द ही नई तैनाती भी मिल सकती है।इस पदोन्नति को प्रदेश पुलिस प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे वरिष्ठ स्तर पर नेतृत्व और अधिक मजबूत होगा। लखीमपुर खीरी जनपद में भी पुलिस महकमे के अधिकारियों व कर्मचारियों में इस खबर को लेकर उत्साह का माहौल है।

## गन्ना क्रय केन्द्रो पर अलाव नदारद ठण्ड से कराह रहा किसान

सीतापुर। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से करीब 65 किलोमीटर दूर जनपद सीतापुर की सहकारी गन्ना विकास समित कमलापुर क्षेत्र अन्तर्गत संचालित डालमिय भारत सुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड इकाई रामगढ चीनीमिल के गन्ना क्रय केन्द्र कमलापुर अ प्रथम, द्वितीय, त्रतीय पर किसानो को ठण्ड से बचाव के लिए अलाहु का कोई प्रबन्ध नही किया गया है ऐसा आलम जब देखने को मिल रहा है जब आए दिन जिलाधिकारी सीतापुर डाक्टर राजा गणपति आर, जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी, व उप जिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा आए दिन क्षेत्र मे संचालित जनपद व गैर जनपद की विभिन्न चीनीमिलो के किसी न किसी गन्ना क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण करके सम्बंधित चीनीमिल के अधिकारियो को गन्ना क्रय केन्द्रो पर व्यवस्थाए चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश देते है इतना ही नही प्रदेश के मुखिया सी एम योगी आदित्य नाथ प्रदेश मे सीतलहरी चलने की बात कहते हुए रैन बसेरा मे जरूरतमंद लोगो को भोजन व कम्बल वितरण करते नजर आ रहे है और जनपद सीतापुर के जन प्रतिनिध,सांसद, विधायक, समाज सेवी,व प्रशासनिक अधिकारी गरीब असहाय जरूरतमंद लोगो को ठण्ड से बचाव के लिए कम्बल वितरण कर रहे है लेकिन जिन किसानो के बल पर चीनीमिल का संचालन होता है उन गन्ना किसानो के लिए रामगढ चीनीमिल मैनेजमेंट द्वारा गन्ना क्रय केंद्रो पर ठण्ड से बचाव के लिए आलाहु का कोई प्रबन्ध नही है और भीषण कोहरा और ठण्ड से किसान कराह रहा है सुरेंद्र किसान सुनील किसान सत्येंद्र किसान आदि किसानों ने अलाव जलवाने की मांग की है।

## जिला महिला अस्पताल के सामने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन



सीतापुर । जनपदवासियों को सस्ती, गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद दवाइयाँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शहर स्थित जिला महिला अस्पताल के पास प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने इसे जनपद के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए आमजन से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्देश्य आम लोगों को ब्रांडेड दवाओं के नाम पर होने वाली ठगी से बचाना और कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। यहां मिलने वाली दवाइयाँ मानक गुणवत्ता की होती हैं और बाजार में उपलब्ध महंगी दवाओं की तुलना में बेहद कम दरों पर उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस परिकल्पना को साकार करता है, जिसके तहत हर नागरिक को किफायती इलाज मिल सके। जन औषधि केंद्र पर हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, संक्रमण, दर्द निवारक, एंटीबायोटिक सहित रोजमर्रा में उपयोग होने वाली सैकड़ों आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध हैं। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की कि वे चिकित्सकों द्वारा लिखी गई दवाओं को जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध विकल्पों से प्राप्त करें, जिससे अनावश्यक आर्थिक बोझ से बचा जा सके और स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ बनें। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र जनपद में सस्ती और प्रभावी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देगा।

# डीएम की ने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश

**पूर्ण योजनाओं की ज्वाइटिंग टेस्टिंग कर 22 दिसंबर तक जलापूर्ति के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की प्रगति और गुणवत्ता को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों व कार्यदायी संस्थाओं की अहम बैठक ली। साफ शब्दों में डीएम ने कहा कि जहां पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां प्रत्येक दशा में 22 दिसंबर तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करें।डीएम ने निर्देश दिए कि जिन योजनाओं में वितरण प्रणाली का कार्य पूरा हो चुका है, उनकी ज्वाइटिंग टेस्टिंग कर 22 दिसंबर तक जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। संचालन से जुड़ी शिकायतों को टॉप प्रायोरिटी पर लेते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए गए।डीएम ने दो टूक कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की फ्लैगशिप योजना है, इसमें ढिलाई, लापरवाही और बहानेबाजी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। फील्ड स्तर पर नियमित निरीक्षण, योजनाओं की वास्तविक प्रगति की रिपोर्ट और जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए डीएम ने संकेत दिए कि तय समयसीमा में परिणाम न देने वालों पर कार्रवाई होगी।डीएम ने अफसरों से कहा कि लक्ष्य सिर्फ निर्माण पूरा करना नहीं, बल्कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो, ताकि ग्रामीणों का भरोसा बना रहे।बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। इस मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अविनाश गुप्ता, कार्यदायी संस्था एनसीसी के मोहम्मद जमाल, वीटीएल-गाजा के प्रियांशु, सहायक अभियंता प्रभाकर समेत संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# नए प्रधानाचार्य के पहुंचते ही भड़के छात्र, लखीमपुर रोड किया जाम

**प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि बिना छात्रों की राय और सत्र के बीच प्रधानाचार्य का तबादला गलत है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिला पंचायत इंटर कॉलेज काला आम में प्रधानाचार्य के तबादले को लेकर छात्रों का गुस्सा सोमवार को सड़कों पर दिखाई दिया। दो दिन पहले कॉलेज के प्रधानाचार्य का तबादला कर दिए जाने से नाराज छात्रों ने सोमवार सुबह कक्षाओं का बहिष्कार कर जोरदार प्रदर्शन किया और लखीमपुर रोड को जाम कर दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह जब नए प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता (जो जिला पंचायत इंटर कॉलेज निघासन से स्थानांतरित होकर काला आम पहुंचे हैं) कॉलेज पहुंचे, तभी छात्र आक्रोशित हो गए। छात्रों का कहना था कि पूर्व प्रधानाचार्य के कार्यकाल में पढ़ाई, अनुशासन और व्यवस्थाएं बेहतर थीं, ऐसे में अचानक तबादला छात्रों के हितों के खिलाफ है। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि बिना छात्रों की राय और सत्र के बीच प्रधानाचार्य का तबादला गलत है। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और छात्रों ने कॉलेज के बाहर लखीमपुर रोड पर बैठकर जाम लगा दिया। रोड जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और छात्रों को समझाने का प्रयास किया।काफी देर तक पुलिस और छात्रों के बीच बातचीत चलती रही, लेकिन खबर लिखे जाने तक शिक्षा विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था, जिससे छात्रों में और नाराजगी देखी गई। छात्रों की मांग है कि तबादले के आदेश पर पुनर्विचार किया जाए या कम से कम शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर आकर स्थिति स्पष्ट करें।रोड जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गो से डायवर्ट कराया।फिलहाल पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी है और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है।

## वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता के निधन पर शोकसभा आयोजित



शाहजहांपुर। बीते 09 दिसंबर को वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया था। सोमवार को उनके निधन पर टाउनहॉल स्थित प्रेस क्लब में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में तमाम पत्रकारों और समाजसेवियों ने अशोक गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर अशोक गुप्ता के पुत्र अनूप गुप्ता उर्फ छोटू, भरत गुप्ता एवं गोविंद गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने अशोक गुप्ता के पत्रकारिता जीवन, समाजसेवा और उनके सरल, निष्पक्ष व निर्भीक व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि अशोक गुप्ता ने पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी के रूप में निभाया और हमेशा सच के पक्ष में खड़े रहे। शोक सभा में उपजा जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, श्रमजीवी जिलाध्यक्ष कुलदीप दीपक, उपजा प्रांतीय संगठन मंत्री मो. इरफान, डॉ. सुरेश मिश्रा, सरदार शर्मा, शिशात शुक्ला, प्रेम शंकर गंगवार, हामिद फरीदी, जरीब मालिक, ओमकार मनीषी, दिवाकर मिश्रा आदि पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# गौशालाओं में युद्ध स्तर पर नाइट विजन वाले सीसीटीवी कैमरा लगाए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित 50 लाख रुपए या उससे अधिक लागत के निर्माण परियोजनाओं, सड़क निर्माण, 50 लाख रुपए से कम लागत की निर्माण परियोजनाएं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, राज्य पोषण मिशन, पशुपालन विभाग के कार्यां व मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को संवेदनशील होकर व परस्पर विभागीय समन्वय के साथ कार्य करने व कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए कहा। सीडीओ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को खराब सड़कों को ठीक करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्ट्रेट स्थित स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में 50 लाख रुपए या उससे अधिक लागत के निर्माण परियोजनाओं, सड़क निर्माण, 50 लाख रुपए से कम लागत की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया साथ ही पूर्ण रूप से निर्मित कार्यों को संबंधित विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान पाया गया कि महिला पीएसी के आवासीय भवनों का निर्माण 49.50 प्रतिशत पूर्ण हो गया है, जिसको जुलाई 2026 तक पूर्ण कराया जाना है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वह अपने विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तथा लंबित कार्यों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है। धनराशि की अभाव में कोई भी निर्माण कार्य नहीं रुकना चाहिए। संबंधित विभागीय अधिकारी इस पर ध्यान देकर शासन से धनराशि की मांग कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि भूमि की अनुपलब्धता के कारण निर्माण कार्य नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने पशुपालन विभाग के कार्यां की समीक्षा करते हुए गौशालाओं में युद्ध स्तर पर नाइट विजन वाले सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने के लिए निर्देशित किया तथा ऐसी गौशालाएं जहां 30 से कम निराश्रित गौवंश संरक्षित हैं, उनको विस्तार करते हुए 100-100 की क्षमता वाले गौ आश्रय स्थल बनाने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर मुख्यमंत्री प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की जिला अनुश्रवण पुस्तिका की नवम्बर 2025 तक के कार्यां की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार करने तथा सी व डी रैंकिंग प्राप्त अधिकारियों को अपने कार्यों में सुधार करने के निर्देश दिए तथा लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। मुख्य प्रदर्शन घटक (केपीआई) को ध्यान में रखकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भेज कर जल्द से जल्द स्वस्थ कराने के लिए भी कहा। समीक्षा के दौरान पाया गत 6 माह में 80 प्रतिशत बच्चों को ठीक कराया गया है।

जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी के कार्यों को गति देने के लिए कहा साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए पाया कि 15 ब्लॉकों में छूटे 3,31,058 कार्ड के सापेक्ष 5916 कार्ड अभी तक बनाए गए हैं। उन्होंने कार्यां में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति के कार्यां की समीक्षा करते हुए विद्यालयों में बच्चों उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मध्यान्ह भोजन की समय-समय पर जांच कराने के निर्देश दिए, वहीं राज्य पोषण मिशन के अन्तर्गमत जिला पोषण मिशन की समीक्षा के दौरान डीएम ने पुष्टाहार का वितरण समय से व मानकानुरूप कराने के लिए भी निर्देशित किया। सीडीओ ने लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया कि नवनिर्मित सड़कों का निरीक्षण कराएं तथा खराब सड़कों को ठीक कराएं। इस अवसर सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर का सम्मान सामाजिक मुद्दों पर हुआ मंथन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। मैथिल समाज द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक ब्रह्मदेव शर्मा के सम्मान में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समाज के लोगों ने उनके दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। बैठक में मैथिल समाज से जुड़ी विभिन्न सामाजिक समस्याओं पर विस्तार से विचार- विमर्श किया गया। साथ ही वर्ष 2026 को लेकर समाज की आगामी गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। स्वागत औपचारिकताओं के पश्चात वक्ताओं ने अपने-अपने विचार एवं प्रस्ताव प्रस्तुत किए। फौजी अनिल शर्मा ने प्रस्ताव रखा कि संगठन को समाज के अंतिम पायदान तक पहुँच बनानी चाहिए, ताकि समाज के प्रत्येक अमीर-गरीब व्यक्ति को संगठन से जोड़ा जा सके और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर एकजुट होकर समाधान किया जा सके। विशेष कुमार शर्मा ने सुझाव दिया कि नववर्ष के अवसर पर शहर के प्रमुख चौराहों पर मैथिल समाज की ओर से शुभकामना संदेश प्रसारित किए जाएँ। वहीं अमित शर्मा ने कहा कि समाज के सक्षम एवं पदाधिकारी वर्ग को आगे आकर समाज के अति पिछड़े एवं आश्रयहीन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें सशक्त बनाना चाहिए। सोमदत्त शर्मा ने समाज को पशुओं के प्रति भी संवेदनशील रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं घायल गौवंश अथवा अन्य पशु दिखाई दें तो तत्काल 112 या मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) को सूचना देकर सहायता उपलब्ध कराई जाए। सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक श्री ब्रह्मदेव शर्मा ने अपने संबोधन में समाज की गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बेटे-बेटियों के लिए सामूहिक, निशुल्क एवं दहेज रहित विवाह कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा ने सुझाव दिया प्रत्येक माह एक या दो कार्यक्रम ऐसे रखें जिनमे प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीयों से मिलना जुलना हो ताकि समाज की अधिकारीयों में पहचान बन सके।सभी वक्ताओं के प्रस्तावों को अमल में लाने के लिए जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवल किशोर शर्मा ने सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिष्ठित सामाजिक लोगों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष इंजीनियर नवल किशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, हेमचंद शर्मा, विशेष शर्मा, वी के शर्मा, फौजी अनिल शर्मा, मीडिया से मनोज शर्मा, सोमदत्त शर्मा, अमित झा, जितेंद्र शर्मा, रोहिताश शर्मा, नौबत राम शर्मा सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# पेंशन एसोसिएशन का डीएम ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा बदायूं के तत्वावधान में सोमवार को कोषागार स्थित पेंशनर्स भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों के हितों की अनदेखी किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक के उपरांत माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी बदायूं के माध्यम से प्रेषित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहन स्वरूप गुप्ता ने की तथा संचालन जिला मंत्री उपेंद्र उपाध्याय ने किया। आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों को मिले समान लाभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व प्रांतीय कर्मचारी नेता, समाजसेवी व कवि माधव मिश्र ने कहा कि आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाए तथा 17 दिसंबर 1982 के समझौते के अंतर्गत कर्मचारियों की भांति पेंशनरों को भी सभी लाभ प्रदान किए जाएं। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना (ओ पी एस) की बहाली की मांग करते हुए कहा कि जब सांसद, विधायक, राज्यसभा सांसद और एमएलसी को पेंशन का लाभ मिल रहा है, तो 35ऽ40 वर्षों तक सरकारी सेवा देने वाले कर्मचारियों को इससे वंचित करना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा में भारत सरकार द्वारा पेंशनरों के लिए स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है। देश के लगभग 69 लाख पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग में सम्मिलित किया जाए, अन्यथा पेंशनर्स संगठन को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।संघर्ष के लिए संगठन तैयार अध्यक्षीय संबोधन में जिला अध्यक्ष मोहन स्वरूप गुप्ता ने कहा कि पेंशनरों के हितों की रक्षा के लिए संगठन सदैव तत्पर रहा है। यदि भारत सरकार पेंशनरों की मांगों पर ध्यान नहीं देती है, तो संगठन आर-पार के संघर्ष के लिए बाध्य होगा। नियमित बैठक का निर्णय बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह की 2 तारीख को कोषागार स्थित पेंशनर्स भवन में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक नियमित बैठक आयोजित की जाएगी। पैदल मार्च व नारेबाजी बैठक के पश्चात पेंशनरों ने बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च किया और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। बैठक में रहे उपस्थित इस अवसर पर शिक्षक समन्वय समिति के अध्यक्ष अनीस अहमद, जिला संरक्षक विनोद पाल सिंह, जिला संप्रेक्षक राजेश कुमार जौहरी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र मोहन सक्सैना, जिला उपाध्यक्ष बृजेश चौहान, जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार शर्मा, विशेष अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जिला मंत्री श्रीमती सरोज यादव सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।

# बिजली विभाग पर भ्रष्टाचार, लापरवाही व किसानों के उत्पीड़न के गंभीर आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं। भारतीय किसान यूनियन असली गैरराजनैतिक के नेतृत्व में किसानों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। धरने का संचालन हरीश पटेल ने किया, जबकि अध्यक्षता जसवीर सिंह यादव (वकील साहब) ने की। धरने को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया कि मामला उपखंड जरीफनगर के ग्राम मड़कावली से जुड़ा है। गांव में जर्जर बिजली लाइनें आए दिन टूटकर जमीन पर गिर रही हैं, जिससे पशुओं की मौत हो रही है। हाल ही में लाइन टूटने से दो भैंस और एक सांड की मौत हो चुकी है। कई बार शिकायत के बावजूद अवर अभियंता जरीफनगर व उपखंड अधिकारी सहसवान द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मड़कावली फीडर व सिंगोला फीडर से जुड़े दर्जनों गांवों में ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं। ट्रांसफार्मर बदलवाने के नाम पर लाइनमैन द्वारा ?5000 से ?10000 तक की अवैध वसूली की जाती है। लाइनमैन का कहना है कि ङ्खऊपर तक पैसा जाता है।ङ्क महिला मंडल अध्यक्ष पूनम गुप्ता ने बताया कि उपखंड सिंगोली के ग्राम घोसली (अनिरुद्ध राम सहाय) में पिछले 20 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है, लेकिन बिना रिश्वत बदला नहीं जा रहा, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम मड़कावली में 5 दिनों से बिजली पोल टूटा पड़ा है, जिससे गांव अंधेरे में है और लोग पानी, मोबाइल चार्जिंग जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने आरोप लगाया कि ग्राम मड़कावली निवासी मुनेंद्र कुमार जब समस्याओं के समाधान के लिए अवर अभियंता व उपखंड अधिकारी से मिले, तो उनके साथ अभद्रता की गई और 04 दिसंबर 2025 को उनके खिलाफ मुकदमा संख्या 465/ 2025 दर्ज करा दिया गया। इससे किसानों में भारी आक्रोश है। किसान यूनियन ने मांग की कि दोनों भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए, किसानों पर दर्ज मुकदमा वापस लिया जाए तथा दोनों अधिकारियों का तत्काल स्थानांतरण किया जाए। साथ ही 11 हजार लाइन के फॉल्ट पर किसानों से ?200 से ?500 की अवैध वसूली करने वाले लाइनमैनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो जिला अधिकारी कार्यालय पर बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। धरने के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। इस आंदोलन में संभल जनपद से भी किसान नेता व सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन योजना फांक रही धूल

बदायूँ। उसावां एक तरफ तो योगी सरकार जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल पहुंचने की बात कर रही है,तो वही दूसरी तरफ अधिकारीयों की उदासीनता एवं हीला हवाली के चलते यह योजना पूरी होती ही नहीं दिख रही है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनबौसारी में योजना का आरम्भ वर्ष 2023 को हुआ था। लेकिन वर्ष 2025 भी समाप्ति की ओर है और पानी की टंकी का कहीं अता पता ही नहीं है। करीबन 2.5 वर्ष बीत चुके हैं अभी तक कार्य अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार 1 वर्ष पहले ही कार्य छोड़ कर भाग गए और आज तक कोई भी अधिकारी निरीक्षण के लिए नहीं आया।ग्रामीणों का आरोप है कि पानी की पाइपलाइन डालते समय गांव की पक्की गलियां तोड़ दी गई जबकि टूटी हुई गलियों में मरम्मत कार्य अभी तक नहीं कराया गया है। वही ग्राम पंचायत के मजरा गांव फुलचियाई में भी गलियों की हालत बदहाल है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस संबंध में उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई लेकिन अभी तक किसी ने भी इस पर संज्ञान नहीं लिया है।

## महोत्सव 2025 का शुभारंभ

मुरादाबाद । शहर में साईं मंदिर रोड पर स्थित युवा केंद्र में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा आयोजित मुरादाबाद खादी महोत्सव 2025 का शुभारंभ एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में गंगा आरोग्य धाम मुरादाबाद के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। देश के विभिन्न प्रदेशों और जनपदों से आई उत्कृष्ट खादी ग्रामोद्योग इकाइयों का एमएलसी ने भ्रमण किया और इकाइयों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी में उत्तराखंड के वूलन, रेडीमेड गारमेंट्स, सहारनपुर का वुडन हैंडीक्राफ्ट, कन्नौज का इत्र, मेरठ का अचार, सिल्क खादी, शहद, जम्मू कश्मीर के वूलन, शॉल एवं सूट, ड्राई फ्रूट, राजस्थान की नमकीन, पंजाब की जूती, भागलपुर की मशहूर खादी, ऑर्गेनिक गुड़ एवं शक्कर, मसालों के साथ-साथ भदोही की कारपेट एवं अन्य आकर्षक उत्पाद उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी 24 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी।

# 50 हजार का इनामी नक्सली सीताराम वाराणसी एटीएस के हत्थे चढ़ा

वाराणसी। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की वाराणसी इकाई ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन सीपीआई (माओवादी) के प्रमुख सदस्य और 50 हजार रुपये के इनामी नक्सली सीताराम उर्फ विनय को गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस ने उसे सोमवार को काशी रेलवे स्टेशन से दबोचा। वह बीते 13 वर्षों से फरार था और लगातार नाम व भेष बदलकर देश के विभिन्न राज्यों में छिपकर रह रहा था। एटीएस के अनुसार, मूल रूप से बलिया जिले के मनिहर थाना क्षेत्र के मुड़ियारी गांव निवासी सीताराम ने वर्ष 1986 में घर छोड़कर माले संगठन से नाता जोड़ा था। वर्ष 1990 में वह संगठन की सेंट्रल कमेटी का जोनल सेक्रेटरी बन गया। वर्ष 2004 में एमसीसी और पीडब्ल्यूजी के विलय के बाद गठित सीपीआई (माओवादी) की बैठकों में भी उसकी सक्रिय भागीदारी रही। संगठन के विस्तार की अहम जिम्मेदारी उसे सौंपी गई थी। गिरफ्तार नक्सली पर वर्ष 2012 में बलिया के सहतवार थाना क्षेत्र के अतरडरिया गांव में तत्कालीन ग्राम प्रधान की पत्नी फूलमति की हत्या का गंभीर आरोप है। नक्सलियों को संदेह था कि ग्राम प्रधान पुलिस का मुखबिर है। प्रधान की हत्या की भी योजना थी, लेकिन वह बच निकला। इसी मामले में तत्कालीन आजमगढ़ परिक्षेत्र के उपमहानिरीक्षक ने सीताराम पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। एटीएस अधिकारियों ने बताया कि 15 अगस्त 2023 को सीताराम अपने साथियों तारादेवी, लल्लूराम, सत्यप्रकाश वर्मा, राममुरती और विनोद साहनी के साथ बैठक कर रहा था। उस दौरान पुलिस की छापेमारी में उसके सभी साथी गिरफ्तार कर लिए गए थे, जबकि सीताराम मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने उस समय नक्सली साहित्य और अवैध असलहा भी बरामद किया था।

# विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

बरेली । उत्तर प्रदेश के महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय) बरेली में सोमवार को स्मार्ट साइंसः एआई-पावर्ड इनोवेशन विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला हुई। यह कार्यशाला इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के प्री-इवेंट के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से संपन्न हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के महत्व और इसके के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र में प्रो. राशिद अली (अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय), डॉ. कर्ण सिंह (जेएनयू), मुख्य प्रॉक्टर प्रो. रविंद्र सिंह, निदेशक प्रो. एसएस बेदी, विभागाध्यक्ष सीएसआईटी प्रो. विनय रिशिवल और डॉ. ब्रजेश कुमार (अटल केंद्र समन्वयक) उपस्थित रहे। प्रो. विनय रिशिवल ने एआई के ऐतिहासिक दृष्टिकोण पर चर्चा की, जबकि प्रो. रविंद्र सिंह ने एआई के नैतिक और समावेशी उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम में तीन तकनीकी सत्र और दो हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। तकनीकी सत्र-1 डॉ. कर्ण सिंह, सत्र-2 डॉ. ब्रजेश कुमार, और सत्र-3 ङ्खसभी के लिए एआईः एक अंतःविषय दृष्टिकोणङ्क पर प्रो. राशिद अली द्वारा संचालित किया गया। प्रो. अली ने चिकित्सा, शिक्षा, कृषि सहित विविध क्षेत्रों में एआई की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। हैंड्स-ऑन सत्र में आकाश गुप्ता, सीमा गिरी, सिद्धार्थ शाश्वत, मानसी यादव, इशिका, हीरा, अमित, सक्षम और रौनक सहित छात्रों ने सहभागिता की।समापन समारोह में प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## 75 करोड़ की लागत से बिल्सी में बनेगा 7 किलोमीटर लंबा बाइपास

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिल्सी नगर क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने और आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से बिल्सी में 75 करोड़ की लागत से 7 किलोमीटर लंबा बाइपास बनाया जाएगा। इस बाइपास के निर्माण से बाहरी क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को विशेष राहत मिलेगी। और शहर के भीतर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी प्रस्तावित बाइपास शहर के प्रमुख मार्गों को जोड़ते हुए भारी वाहनों को नगर के अंदर प्रवेश किए बिना सीधे गंतव्य तक पहुंचने का विकल्प देगा। इससे न केवल यात्रा समय में कमी आएगी, बल्कि ईंधन की बचत और दुर्घटनाओं में कमी भी संभव होगी।स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस परियोजना का स्वागत करते हुए कहा कि बाइपास बनने से शहर का यातायात सुचारू होगा और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। प्रशासन के अनुसार, परियोजना को तय समयसीमा में पूरा करने की योजना है, ताकि जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

## वृद्ध किसान की संदिग्ध अवस्था में मौत बेटे ने लगाया हत्या का आरोप

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उझानी में वृद्ध किसान की संदिग्धावस्था में मौत हो जाने पर उसके बेटे ने हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव कों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। उझानी कोतबाली क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लागंज में बीते रविवार की शाम एक 60 वर्षीय किसान ऋषिपाल पुत्र मूलचन्द्र की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुत्र द्वारा हत्या का आरोप लगाने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को जिला मुख्यालय भेज दिया है। मौत की सूचना पर उसके छोटे बेटे ने पिता की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है, सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक रिंकू सिंह ने आस-पास के ग्रामीणों से घटना की जानकारी जुटाई है। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

## लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल बदायूँ के छात्र ने बढ़ाया विद्यालय का मान

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल बदायूँ के लिए यह गर्व का विषय है कि विद्यालय के होनहार छात्र वेदांश त्रिवेदी ने हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं जनपद का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे वेदांश की कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति निरंतर समर्पण झलकता है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण बना हुआ है।विद्यालय के प्रबंधन, प्रधानाचार्य तथा समस्त शिक्षकगण ने वेदांश त्रिवेदी को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि वेदांश आने वाले समय में भी इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करेंगे। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे विद्यालय में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का संकल्प और अधिक मजबूत हुआ।

## पंकज चौधरी के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर कुर्मी समाज ने मनाई खुशी

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के उपलक्ष में पटेल मार्केट के सामने आज कुर्मी समाज के द्वारा आतिशबाजी कर मिठाई वितरण किया गया एवं खुशी जाहिर की गई। इस अवसर पर धीरज पटेल विजय पटेल, राजीव पटेल, आशु पटेल, मुनीश, ओमपाल पटेल, सतीश सिंह राठौर, सिंपल पटेल, बृजेश पटेल, प्रदीप पटेल इत्यादि उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले की विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने सोमवार कोदुष्कर्म के दोषी को सात साल कीसजा सुनाई है। उस पर 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में सुमेरपुर थाना क्षेत्र में एक गांव की किशोरी से दुष्कर्म की घटना हुई थी। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने 17 जून 2017 को आरोपित जगदीश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सुमेरपुर थाने के तत्कालीन उपनिरीक्षक संजय वर्मा ने आरोपित को जेल भेजते हुए मामले की विवेचना कर चार्जशीट अदालत में दाखिल की थी। डीजीसी ने बताया।

# अधिकारियों ने परिवारजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के बारे में किया जागरूक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के आदेश के अनुक्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में थाना नखासा क्षेत्र में होने जा रहे एक संभावित बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर प्रशासन/पुलिस/बाल संरक्षण इकाई द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। सी0डब्लू0सी0 द्वारा थाना ए0एच0टी0 को उपरोक्त बाल विवाह की सूचना दी गयी । सूचना मिलते ही थाना ए0एच0टी0 की टीम उ0नि0 बाबूराम सैनी, कां0 50 अमित कुमार, म0कां0 172 श्वेता शर्मा , कां0चालक 443 मयंक व थाना नखासा पुलिस टीम व एन0जी0ओ0 जस्ट राइट प्रभारी गौरी शंकर चौधरी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन टीम मौके पर पहुँचे और सत्यापन के बाद पाया कि विवाह में शामिल लड़की की आयु कानूनी आयु (उम्र 18 वर्ष) से कम थी । अधिकारियों ने परिवारजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया और समझाइश देने के बाद विवाह को तत्काल रोक दिया गया। साथ ही नाबालिग लड़की को काउंसलिंग प्रदान की गई तथा आवश्यकता अनुसार सुरक्षित संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सी0डब्लू0सी0 के आदेश के क्रम में महिला म0कां0 172 श्वेता शर्मा द्वारा उपरोक्त लड़की को वन स्टॉप सेन्टर बहजोई दाखिल किया गया । प्रशासन द्वारा बताया गया कि बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध है और जिले में ऐसे किसी भी प्रयास पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जनता से अपील की गई है कि बाल विवाह से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत 112/ 1076/ 181/1090/ 1098/ 108 / स्थानीय पुलिस / चाइल्डलाइन पर दें, ताकि समय पर हस्तक्षेप कर बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुरादाबाद । जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रवृत्ति योजना, उद्यान, कृषि, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, दुग्ध विकास, पशुपालन विभाग, पेंशन योजना, मत्स्य उत्पादन, ग्रामीण स्टेडियम, सिंचाई और आइजीआरएस सहित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि वे जनपद के इंटर कॉलेज एवं परिषदीय विद्यालयों में विभिन्न किस्म के आकर्षक फूलों की पौध लगवाएं ताकि विद्यालय परिसर में एक आकर्षक माहौल बने। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी इस कार्य में जिला उद्यान अधिकारी को सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक चरण में 50 विद्यालयों को उद्यान विभाग चिन्हित करके वहां आकर्षक और उन्नत किस्म की फूलों की पौध लगवाए। विभाग के अधिकारियों को भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परिषदीय विद्यालयों के आसपास अत्यधिक घास एवं झाड़ी आदि के कारण बच्चों को समस्या उत्पन्न होती है इसलिए आवश्यकतानुसार चिन्हित विद्यालयों के आसपास घास एवं झाड़ियों की रोकथाम के लिए जरूरी दवाइयों का छिड़काव कराया जाए।ताकि बारिश आदि के दौरान बच्चों के लिए कोई दिक्कत न हो। छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को पात्रता के अनुरूप छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विद्यालयवार आवेदन पत्रों की मॉनिटरिंग की जाए और जिन विद्यालयों में आवेदन पत्र लंबित रखा गया है उनके कारण सहित रिपोर्ट तैयार होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। जनपद में संचालित गौ आश्रय स्थलों में गोवंश की सुरक्षा के दृष्टिकोण से किए गए प्रबंध के बारे में भी जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की साथ ही कहा कि अधिकारी नियमित तौर पर गौशालाओं का भ्रमण करते रहें और कमियों को दुरुस्त करने के प्रति गंभीरता दिखाएं। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था निर्बाध रूप से बेहतर बनी रहे इसके लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। नालियों की साफ-सफाई नियमित तौर पर होती रहे ताकि स्थानीय लोगों को कोई समस्या न उत्पन्न होने पाए। अधिशासी अभियंता सिंचाई से जिलाधिकारी ने सिंचाई के लिए नहरों में पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की और कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने जिले में नलकूपों के संचालन और भौतिक स्थिति के बारे में भी जाना और कहा कि जनपद के नलकूपों में यदि यांत्रिक अथवा विद्युत संबंधी दिक्कतें उत्पन्न होती हैं तो संबंधित अधिकारी की यह जिम्मेदारी है कि वह तत्काल कमियों को दुरुस्त कराएं ताकि स्थानीय किसानों को नलकूप के माध्यम से सिंचाई की सुविधा में कोई अवरोध उत्पन्न न होने पाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

# आईजी अमित पाठक ने मिशन शक्ति अभियान व साइबर अपराध की समीक्षा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता ]



गोंड़ाःअमित पाठक द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय गोण्डा में मिशन शक्ति अभियान एवं साइबर अपराधों की प्रतिदिन थानावार समीक्षा की जा रही है जिसमें परिक्षेत्रीय जनपदों से थानावार नामाँकित अधिकारी,कर्मचारीगण सम्मिलित होते हैं।तत्क्रम में आईजी अमित पाठक द्वारा

समीक्षा की गई, जिसमें मिशन शक्ति अभियान रजिस्टर,महिला हेल्प डेस्क प्रार्थना पत्र रजिस्टर एण्टीरोमियो स्क्वाड रजिस्टर,महिला बीट रजि स्टर एफआईआर रजिस्टर,निरोधात्मक कार्यवा ही रजिस्टर,जनशिकायत रजिस्टर (महिला एवं पुरूष) फीडबैक रजिस्टर एवं नाबालिगों की बरामदगी साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों में की गई कार्यवाहियों एवं साइबर अपराधों से बचाव हेतु आमजन को जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों आदि की विस्तार से समीक्षा की गई।विभिन्न रजिस्टरों में अंकित महिला संबंधी शिकायतों के विवरण की गहनता से जांच की गई एवं निस्तारित प्रकरणों के शिकायतकर्ताओं से आईजी के द्वारा स्वयं फोन कर फीडबैक भी लिया गया।इस दौरान निरोधात्मक कार्यवाही विवरण,एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा की गई कार्यवाही, नाबालिगों से संबंधित प्रकरणों एवं उनकी बरामदगी की विस्तृत समीक्षा की गई।इस समीक्षा के परिणाम व परिक्षेत्रीय स्तर पर थानावार रैंकिग जारी किये जाने की व्यवस्था भी की गई है।जिसके तहत कृत कार्यवाही के आधार पर प्रत्येक रजिस्टर में अधिकतम दस अंक दिए जाने एवं एक सौ दस अंकों का सम्पूर्ण पूर्णांक मानक स्वरूप निर्धारित किया गया है।जिसमें इस व्यवस्था के अन्तर्गत विभिन्न रजिस्टरों में अंकित सूचनाओं व कृत कार्यवाहियों,जनशिकायतों के फीडबैक,गुणवत्ता व समयबद्धता,थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अप ने क्षेत्रों में पुलिसिंग को मज़बूत करने के लिए किए गए प्रयासों,साइबर अपराधों में की गई कार्यवाहियों आदि के आधार पर प्राप्त नम्बरों परिणामानुसार रैंकिंग दिये जाने की व्यवस्था की गयी है।आईजी अमित पाठक द्वारा सभी को सतर्कता,दक्षता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने तथा महिला सुरक्षा एवं साइबर अ पराध सम्बन्धी मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

इस समीक्षा का उद्देश्य है उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा मिशन शक्ति अभियान का क्रियान्वयन निर्धारित एसओपी के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ हो तथा कृत कार्यवाही की प्रगति की जांच भी की जा सके।

# ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था के विरोध में सचिवों ने खोला मोर्चा, आंदोलन की दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के हलधरमऊ विकास खंड कार्याल य पर सोमवार को पंचायत सचिवों और ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के सरकारी आदेश का कड़ा विरोध किया।विरोध स्वरूप सभी कर्मचारियों ने अपने डिजिटल हस्ताक्षर वाले डोंगल सहायक विका स अधिकारी (एडीओ) राजेश को सौंप दिए। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए ग्राम पंचाय त अधिकारी यमुना प्रसाद ने बताया कि यह नई व्यवस्था उनके कार्य की प्रकृति के अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि सचिवों का कार्य पूरी तरह से फील्ड आधारित होता है और एक सचि व के पास तीन से दस ग्राम पंचायतों तक का प्र भार होता है।इतने विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र और बहुउद्देशीय कार्य प्रकृति के कारण किसी एक निश्चित स्थान और समय पर ऑनलाइन हाजि री लगाना अव्यावहारिक है।विरोध के चलते सचिवों ने घोषणा की है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं,तब तक वे कोई भी वित्तीय कार्य नहीं करेंगे।हालांकि,प्रशासनिक और विकासा त्मक कार्य जारी रहेंगे। ग्राम विकास अधिकारी जगजीत सिंह ने मांग करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति की समान व्यवस्था होनी चाहिए।उन्होंने सरकार के रवैये को 'ताना शाही' बताया। ग्राम विकास अधिकारी कीर्ति मौर्य ने चेतावनी दी कि यदि आदेश जल्द वाप स नहीं लिया गया तो उनका संगठन प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन करेगा। एडीओ पंचायत राजेश वर्मा ने डोंगल प्राप्त करने की पुष्टि नहीं की हैं,उन्होंने बताया इस मामले में एक एप्लीकेशन प्राप्त हुआ है।इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उच्च अधिकारियों को अवग त कराने और समस्या समाधान का आश्वासन दिया है।

# रुपईडीह ब्लॉक के मनोहरजोत, निधिनगर जेठ पुरवा, में मनरेगा में फर्जीवाड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। मनरेगा के काम में आप जिधर जाइएगा, एक ही तरह के मजदूर कार्य करते दिखाई पड़ें गे यह आज से नहीं,वर्षों से हो रहा है।इस फर्जी वाड़े पर रोक नहीं लगाई जा रही है।केंद्रीय मंत्रालय के निर्देश मे डीसी मनरेगा आयुक्त ने इस त रह के फर्जीवाड़े पर रोक लगाने का निर्देश दि या था।एक ही श्रमिक की फोटो सभी मस्टर रो ल में अपलोड की गई है।मनरेगा में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं

इसके बाद भी रुपईडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत मनोहर जोत,निधिनगर,जेठपुरवा,में रोजगार सेवक मनरेगा में फर्जीवाड़ा करने से बाज नहीं आ रहे।एक ही श्रमिकों का बार-बार अपलोड किया जा रहा है, यही नहीं किसी गाँव फोटो किसी और का अपलोड किया जा रहा है और काम कोई और मजदूर कर रहा है।एक ही म जदूर एक साथ कई स्थानों पर काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं।अधिकारी कार्रवाई की तो बात करते हैं, लेकिन बाद में आंखें मूंद लेते हैं।बरसा त का मौसम समाप्त होने के बाद मनरेगा के कार्यों में गति आई है साथ ही फर्जीवाड़े की भी शुरूआत हो गई है।

# पत्रकार एसोसिएशन ने सदर विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडाःग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधि कारिओ ने ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा है।यह ज्ञापन विधानसभा क्षेत्र

गोंडा सदर के विधायक प्रतीक भूषण सिंह ,के मा ध्यम से सौंपा गया हैं।प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देश और जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में बता या गया है कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश राज्य का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन है।यह सं गठन प्रदेश के 18 मंडलों 75 जनपदों और 551 तहसीलों में सक्रिय है।इसके बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को आज भी सरकारी सुविधाओं और सुरक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है।एसोसिएशन ने मांग की है कि तह सील स्तर पर मान्यता प्रदान करने की स्पष्ट व्यवस्था की जाए और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी पुराने आदेशों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए इसके साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा के लिए जिला व तहसील स्तर पर स्थायी समिति का गठन कर नियमित बैठकें कराई जाएं।ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा,उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा और प्रदेश स्तरीय मान्यता एवं वि ज्ञापन मान्यता समितियों में संगठन के प्रतिनि धियों को सदस्य बनाए जाने की भी मांग की गई है।इसके अतिरिक्त,राजधानी लखनऊ में ग्रा मीण पत्रकार एसोसिएशन के लिए कार्यालय हेतु निःशुल्क भवन उपलब्ध कराने,ग्रामीण पत्रकार आयोग के गठन तथा पत्रकारों से जुड़े मामलों में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने से पहले सक्षम अधिकारी द्वारा जांच कराए जाने की भी प्रमुख मांगें रखी गई हैं।महामंत्री अशोक पाठक ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार सीमित संसाधनों में कार्य करते हुए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मज बूत कर रहे हैं। यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए,तो पत्रकारिता और अधि क सशक्त होगी।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने शासन से इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक वि चार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार दुबे, मंडल महामंत्री, कप्तान सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी,महामंत्री अशोक पाठक, जिला उपाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव,कार्यकारिणी सदस्य विपिन तिवारी,मण्डल संगठन मंत्री अर्जुन प्रसाद मिश्रा,दिलीप तिवारी,ओमकार पाण्डेय, सुनील कुमार शुक्ला, श्री प्रकाश शुक्ला,दीपक कौशल,एचपी श्रीवास्तव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# पेंशनरों के धरने को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का समर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। नगर निगम स्थित रानी लक्ष्मीबाई पार्क में आज आयोजित पेंशनरों के धरने को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, गोरखपुर ने पूर्ण समर्थन दिया। इस अवसर पर परिषद द्वारा कर्मचारियों एवं पेंशनरों से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार, माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिलाधिकारी महोदय को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में निम्न प्रमुख मांगें रखी गईं आठवें वेतन आयोग का फिटमेंट फैक्टर 2.67 किया जाए, दिनांक 31 दिसंबर 2025 के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी आठवें वेतन आयोग का लाभ प्रदान किया जाए,कोरोना काल में फ्रीज किए गए 18 माह के महंगाई भत्ते (डीए) का एरियर भुगतान किया जाए,महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक हो चुका है, अतः इसे मूल वेतन में मर्ज किया जाए,एकीकृत पेंशन व्यवस्था (यूपीएस) के स्थान पर पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) बहाल की जाए,सेवानिवृत्त कर्मचारियों को रेलवे किराया रियायत पुनः बहाल की जाए। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में प्रमुख मांगें एनपीएस के अंतर्गत सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भी चिकित्सा प्रतिपूर्ति/कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए, कैशलेस चिकित्सा सुविधा में ओपीडी, जांच सहित संपूर्ण इलाज को शामिल किया जाए, शासन द्वारा अस्पतालों को समय से भुगतान न होने के कारण कैशलेस इलाज में आ रही बाधाओं को दूर करने हेतु ठोस व्यवस्था की जाए, जिससे कर्मचारियों को उपचार में किसी प्रकार की परेशानी न हो, बीमारी निर्धारित होने एवं सांची संस्थान से भर्ती अनुमोदन आने तक इलाज प्रारंभ न होने से मरीजों को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि उपचार में विलंब न हो, गंभीर बीमारियों में 5 लाख रुपये की सीमा को बढ़ाते हुए संपूर्ण इलाज का व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाए।

# भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक में विभागों को अधिग्रहण कार्यों में तेजी लाने के दिये गये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिले मे संचालित योजनाओं के भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियंता/सर्वेयर एन.ई.आर. द्वारा जरवल-बहराइच की प्रस्तावित नई रेल लाइन योजना को पी.पी.टी. माध्यम से दिखाया तथा योजना संबंधी ग्रामों का विवरण प्रस्तुत किया गया योजना में जिले के 62 ग्रामों की भूमि का अधिग्रहण किया जायेगा। डीएम श्री त्रिपाठी ने बहराइच खलीलाबाद नई रेल लाइन के बहराइच सेक्शन में प्रभावित 05 ग्रामों की परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन उपलब्ध कराने हेतु वन विभाग को कडे निर्देश दिये गये तथा एन.एच.ए.आई. के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि जो भूमि वन विभाग के नाम होनी है उसका प्रस्ताव उपजिलाधिकारी नानपारा को उपलब्ध करा दिया जाय। डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि योजना प्रभावित सभी जिन 62 ग्राम में 3डी का प्रकाशन हो गया है उनके राजस्व अभिलेख खसरा खतौनी आदि सक्षम प्राधिकारी को 01 सप्ताह में उपलब्ध कराये। बैठक में उपस्थित प्रबंध निदेशक एन.एच.ए.आई. प्रशांत बाजपेयी द्वारा जनपद मे प्रस्तावित गोरखपुर शामली हाईस्पीड एक्सेस कान्ट्रोल कारीडोर की जानकारी उपलब्ध करायी गयी तथा बताया गया कि कारीडोर के निर्माण हेतु बहराइच, कैसरगंज, महसी तहसील के कुल 54 ग्रामों की भूमि प्रभावित होगी। प्रबंध निदेशक एन.एच.ए.आई. द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु सक्षम प्राधिकारी नियुक्ति करने तथा सभी 54 ग्रामों के राजस्व मैप उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया। डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट बहराइच को निर्देशित किया की गोरखपुर शामली हाईस्पीड एक्सेस कान्ट्रोल कारीडोर हेतु सक्षम प्राधिकारी नामित किये जाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की जाये तथा ग्राम के राजस्व मैप उपलब्ध कराये जाये। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को बहराइच बाईपास के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में नगर मजिस्ट्रेट बहराइच, अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता रेलवे गोरखपुर, तहसीलदार महसी, नायब तहसीलदर नानपारा, सहायक अभियंता सिचाई विभाग खण्ड-5, सर्वेयर वन विभाग, अधिशासी अभियंता/सर्वेयर एन.ई.आर. व प्रबंध निदेशक एन.एच.ए.आई. बहराइच उपस्थित रहे।

## पयागपुर में 20 दिसम्बर को आयोजित होगी विधायक खेल स्पर्धा

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । विधानसभा क्षेत्र पयागपुर अन्तर्गत 20 दिसम्बर 2025 को तहसील पयागपुर के सम्मुख स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पयागपुर के खेल मैदान में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी पयागपुर ने बताया कि विधायक खेल स्पर्धा के सफल आयोजन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को नामित कर दिया गया है।

## फंदे से लटकता मिला युवती का शव

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदही के बिचला टोला में सोमवार को दोपहर में 19 वर्षीय युवती का फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव बरामद हुआ है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। बताया जा रहा है कि सुबह युवती व उसकी माँ के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुआ था। थाना क्षेत्र के बरगदही के बिचला टोला निवासी रघुबर की 19 वर्षीय पुत्री का शव दोपहर में फंदे से लटकता बरामद हुआ। सूचना पाकर पुलिस मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल करने लगी। लोगों का कहना है कि मां-बेटी के बीच किसी बात को लेकर सुबह कहासुनी हुआथा। इसके बाद परिवार के लोग कहीं चले गए थे। पुलिस के अनुसार घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि जांच पड़ताल के दौरान लड़की का मोबाइल कब्जे में लेकर घटना के कारण का पता लगाने में जुटी हुई है।

# जाम के झाम में झूझ रहा शहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । शहर और हाईवे पर जाम का झाम खत्म नहीं हो रहा इसकी एक वजह सड़क की पटरि यों पर अतिक्रमण के अलावा बेतहाशा ई - रिक्शा का सैलाब एक बड़ी वजह बना हुआ है। तो वाहनों की बढ़ती समस्या भी एक वजह है। सरकारी,गैर सरकारी दफ्तरों में ड्यूटी पर निक लने वाले जाम से बचने को बाईपास की लंबी दूरी तय कर रहे हैं,तो शहर में आने वाले बाहरी लोगों को जाम की वजह से जिलास्पताल कोर्ट, अन्य आवश्यक सरकारी दफ्तरों में जाने में ब ड़ी दिक्कतें उठानी पड़ती है।सबसे ज्यादा जाम में महिलाएं प्रभावित होती हैं।हालात यह है कि जाम फंसने पर शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने पर यातायात ड्यूटी में ल गे पुलिस कर्मियों होमगार्डो को जूझना पड़ता है।शहर में रविवार को छोड़ अन्य दिनों में सुबह जैसे ही बाजार खुलता है, राहगीरों की परेशानी बढ़ जाती है।दुकानदार फुटपाथों पर सारा सा मान सजा देते हैं। जिससे सड़क के दोनों तरफ बने फुटपाथों पर पैदल चलने वालों के लिए जगह ही नहीं बचती हैं।जनता की सुविधा के लि ए बनवाए गए फुटपाथों पर अब दुकानदारों का पूरी तरह से कब्जा हो चुका है।फुटपाथ तो अब गायब ही हो चुका है,उसके आगे ठेलों वालो की भरमार,खरीदारों के वाहन खड़े हो जाते हैं।सड़ क संकरी हो चुकी है इनकैन चौराहे से लेकर गु ड्डूमल चौराहे तक नो बेंडिंग जोन जिला महिला अस्पताल के सामने अतिक्रमण का बोलबाला है,जेल रोड अंबेडकर चौराहे से लेकर आरटीओ ऑफिस तक सड़क के किनारे बना फुटपाथ पू रा अतिक्रण की चपेट में है।जाम की समस्या से कराह रहे लोगों का कहना कि किसी जेल रोड पर ओवरलोड डंपर ट्रालियां तेज गति से दौड़ रही हैं दुकानदारों ने पूरे फुटपाथ पर कब्जा जमा रखा है जिससे कि आए दिन हादसे हो रहे हैं।किसी जगह समय से निकलने पर निर्धा रित जगह पहुंचना मुश्किल हो जाता है।इसलि ए जब गंतव्य तक पहुंच जाए।तभी आने की जानकारी दी जाती है।ताकि झूठा न बनना पड़े यदि जाम में फंस गए तो न तो आगे जाते बन ता है न ही पीछे लौटते बनता है।लोगों का मान ना है कि चल रहा है चलने दो कि परम्परा की तरह जाम की समस्या को इस पर कोई कार वाई नहीं हो रही,जबकि अधिकारियों का कह ना हैं कि जाम को लेकर कड़ाई से प्रयास पर अतिक्रमण हटाने के अलावा ई रिक्शा फीडर रूट निर्धारण किया गया हैं।वही लोगों का कहना कि यातायात प्रभारी जाम जाम छुड़वाने में नाकाम साबित हो रहा है। लोगो का कहना हैं कि ई रिक्शा में दांई ओर लगी राड जिससे यात्री बाई ओर ही चढ़े,उतरें।जिससे जाम न लगे। सख्त नियम बने,फुटपाथों को खाली करवाया जाए। दुकानदारों को जागरूक करने के साथ बार-बार कब्जा करने वालों पर बिना सख्त का र्रवाई के समस्या से निजात माना नामुमकिन है शहर में बाहरी ई-रिक्शे भी बन रहे परेशानी की वजह एक अनुमान के मुताबिक जिले में ई रि क्शा लगभग पांच हजार की संख्या में पहुंच चुके हैं।शहर के हर मार्ग पर ई रिक्शा की भर मार न टूटने वाली कतार मिलेगी।शहरी ई - रिक्शा चालकों के अलावा ग्रामीण इलाकों के हाईवे की सड़को से होते हुए शहर पहुंच जाम की सबसे बड़ी वजह बन रहे शहर के मुन्न खां चौराहे,मनकापुर बस स्टॉप तिराहा, अग्रसेनचौ क, बड़गांव पुलिस चौकी, गुरु नानक चौराहा जिलाअस्पताल, महिला अस्पताल रोडवेज बस स्टैंड,पर बड़ी संख्या मेंई-रिक्शे संचालित हो रहे हैं।खास बात तो ये है कि ये लोग बीच सड़क प र चलते हैं अपने साइड में नहीं चलते।

# एसडीएम नानपारा ने बीएलओ व सुपरवाईज़र्स के साथ की एसआईआर समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने एएसडी की सूची का पुनः सत्यापन हेतु प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी, राजस्व लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की समीक्षा की। समीक्षा में उपजिलाधिकारी नानपारा द्वारा एक एक बीएलओ की स्वयं समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नानपारा ने समीक्षा करते हुए बीएलओ को निर्देशित किया कि सभी ए.एस.डी. मतदाता के फॉर्म की पुनः घर-घर जाकर जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें और उस पर उचित कारण लिखा हो।(मृतक/डबल/शिफ्टेड/अनुपस्थित) , सभी ए.एस.डी. फॉर्म पर मतदाता के स्वयं या परिवार के सदस्य के हस्ताक्षर होने चाहिए, ईएफ रिफ्यूज टू साईन किए गए फॉर्म की जांच कर ले तथा बीएलए के साथ उक्त मतदाता के घर-घर जाकर भ्रमण करे यदि सही है तो बीएलए से भी हस्ताक्षर कराए। अगर कोई मतदाता गलती से ए.एस.डी. में दर्ज हो गया है तो उसकी जांच करके रोल बैक कराकर नियमो के अंतर्गत सही कराए, किसी भी पात्र का नाम गलती से भी नहीं कटना चाहिए। इसी के साथ एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने सभी बीएलओ को तार्किक विसंगति के संबंध में भी निर्देशित किया कि आपके द्वारा जिन मतदाताओं की मैपिंग की गई है उन्हीं के आधार पर ये इरर आई है जिसमे 7 प्रकार की लॉजिकल एरर है। आप सभी के बीएलओ ऐप में इन्हीं सातों की मततवत शो हो रहीं है जिन्हें शुद्ध किया जाना है। ठसव ऐप में प्रदर्शित मतदाता अगर सही है और प्रदर्शित इरर गलत है तो आप वेरीफाई कर सकते है। एवं अगर आपको लगता है संशोधन करना है तो ईडिट वाले विकल्प पर क्लिक करके संशोधन भी कर सकते है और प्रमाण लगाकर सेव कर दे। प्रमाण में जिस प्रकार की होगी प्रमाण उसी का लगेगा जैसे उम्र में मार्कशीट/परिवार नकल/जन्म प्रमाण पत्र आदि।

नो मैपिंग से सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि संबंधित मतदाताओं से एक बार पुनः संपर्क कर ले जिससे अगर उनकी 2003 की सूचना मिल जाती है तो मैपिंग कर दिया जाय। उन्होंने कहाकि नो मैपिंग जहां पर अब कम नहीं हो सकती है वहां बीएलओ और बीएलए एक बार पुनः भ्रमण कर ले, और न मिलने पर एक स्पष्ट लिखित रिपोर्ट अपने सुपरवाइजर को दे कि अब हमारे बीएलओ क्षेत्र में मैपिंग के लिए डाटा अवशेष है। निर्देश दिया गया कि सभी बीएलओ अपने अपने बूथ पर बीएलए और संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक करके बीएलओ एण्ड बीएलए अपलोड करा दें। बैठक के अन्त में एसडीएम ने प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी को निर्देश दिया कि एएसडी की सूची में दर्ज नाम का पुनः स्थलीय सत्यापन घर-घर जाकर करे और यदि कोई पात्र व्यक्ति मिल जाता है तो उसका फार्म फीड कराकर अपनी रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय तहसील नानपारा को उपलब्ध करा दें।

# गौरीगंज में आवागमन को सुगम बनाने का काम करेंगी सड़कें : राकेश प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सोमवार को राज्य सड़क निधि के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत विभिन्न सड़कों एवं विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि ये सभी कार्य क्षेत्र की बुनियादी संरचना को सशक्त करने, आवागमन को सुगम बनाने और जनजीवन को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी विकास कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री परम पूज्य गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज का हृदय से आभार एवं धन्यवाद प्रकट करता हूं जिनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में गौरीगंज विधानसभा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि विधान सभा क्षेत्र गौरीगंज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो चाहे वह सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य या जनसुविधाओं का क्षेत्र हो।विकास ही हमारा संकल्प है और जनता की सेवा हमारा ध्येय है। उन्होंने बताया कि राज्य सड़क निधि एवं राज्य योजना के अंतर्गत तीन कार्य जिनकी लम्बाई पन्द्रह किलोमीटर और लागत 3513.99 लाख रुपये से चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण कराया जायेगा।धर्मार्थ कार्य योजना के तहत एक कार्य जिसकी लम्बाई 1.240 किलोमीटर और लागत 190.26 लाख रुपया है। इसके अलावा चौवालीस सड़कों का विशेष मरम्मत कार्य होने हैं जिसकी कुल लम्बाई 52.74 किलोमीटर और लागत 1524.22 लाख रुपया है। एक सौ चौदह नवीनीकरण कार्य है जिसकी कुल लम्बाई 102.88 किलोमीटर और कुल लागत 1432.75 लाख रुपया है। दस पुलिया की मरम्मत 271.74 लाख रुपये से कराई जायेगी। इसके अलावा दो पुलिया का नवनिर्माण 218.04 लाख रुपये से होना है।

# पुलिस की जांच में लूट की सूचना पायी गयी झूठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा फर्जी लूट की सूचना का खुलासा करते हुये झूठी सूचना देने वाले के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने झूठी सूचना देने वाले व उसके साथी के कब्जे से शत प्रतिशत रुपये बरामद कर लिया है। बताते चलें कि रविवार को डायल 112 पुलिस को सूचना मिली बाराबंकी जनपद की कोतवाली हैदरगढ़ के गांव गणेशपुर निवासी अंकित सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह जो पिकअप लोडर से किराना का सामान ले जा रहा था। थाना क्षेत्र शिवरतनगंज के कुसुंभी के पास तीन अज्ञात लोग बाइक से आए और मारपीट की तथा डेढ़ लाख रुपए छीन कर भाग गये। उक्त सूचना पर थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना करते हुये मौके पर मौजूद पिकअप लोडर ड्राइवर अंकित सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी गनेशपुर थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी व उसके साथी विनोद मिश्रा पुत्र कौशल किशोर मिश्रा निवासी राम्भी थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी से पूछताछ करते हुये विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना शिवरतनगंज के प्रभारी निरीक्षक दया शंकर मिश्रा ने बताया कि उक्त घटना की गंभीरता से जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि अंकित कुमार गुप्ता पुत्र संतोष गुप्ता निवासी मोहल्ला कुरैशी वार्ड नगर पंचायत हैदरगढ़ की हैदरगढ़ में किराना की दुकान है उसी दुकान का सामान पिकअप लोडर द्वारा ड्राइवर अंकित सिंह के साथ इन्हौना, शिवरतनगंज, सैमरौता आदि स्थानों पर किरानों की दुकान में सामान सप्लाई हेतु रविवार को भेजा था।माल बिक्री का अस्सी हजार एक सौ पचास रुपये ड्राइवर अंकित सिंह लेकर आ रहा था। बेईमानी की नीयत से रुपये हड़पने के लिये वह अपने साथी विनोद मिश्रा के साथ योजना बनाकर गाड़ी का साइड शीशा तोड़कर छिनैती की सूचना दिया था। इस प्रकार घटना स्थल का निरीक्षण करने व दुकान मालिक एवं ड्राइवर से पूछताछ करने पर लूट की सूचना झूठी पायी गयी। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में अंकित सिंह के कब्जे से चालीस हजार एक सौ पचास रुपये व उसके साथी विनोद मिश्रा के कब्जे से चालीस हजार रुपये बरामद हुआ।

दुकान मालिक अंकित गुप्ता की तहरीर पर पिकअप लोडर ड्राइवर अंकित सिंह व उसके साथी विनोद मिश्रा के विरुद्ध थाना शिवरतनगंज पर अभियोग दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्र ने बताया कि बरामदगी के आधार पर दोनों युवकों को नियमानुसार हिरासत में लेकर मुकदमा उपरोक्त में धारा की बढोत्तरी की गयी और जेल भेज दिया गया है।

# धनाराघाट रामनगरिया मेले की व्यवस्थाओं को लेकर ब्रह्मचारी महाराज ने एसडीएम से की वार्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के धनाराघाट पर प्रत्येक वर्ष प्रसिद्ध रामनगरिया मेले का आयोजन किया जाता है। यह मेला लगभग एक माह तक चलता है, जिसमें दूर-दराज के क्षेत्रों से साधु-संत, महात्मा और श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बुनियादी सुविधाओं का बेहतर होना अत्यंत आवश्यक माना जाता है। इसी क्रम में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे ब्रह्मचारी महाराज बड़े हनुमान मंदिर, चीनी मिल राष्ट्रीय बजरंग दल एवं गौ रक्षा दल से जुड़े पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल में धनंजय मिश्रा, संजय विश्वास जिला अध्यक्ष तथा शिवम भदोरिया सहित अन्य लोग शामिल रहे। सभी ने रामनगरिया मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम से विस्तार से वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को अवगत कराया कि मेले के दौरान सफाई व्यवस्था की स्थिति अक्सर खराब हो जाती है, जिससे साधु-संतों और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि मेला क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए, कूड़ेदान की समुचित व्यवस्था हो सफाई समय पर की जाए, ताकि गंदगी से बीमारियों का खतरा न बने। इसके साथ ही मेले में प्रकाश व्यवस्था को भी दुरुस्त करने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि रात के समय पर्याप्त लाइट न होने के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में दिक्कत होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा पेयजल, शौचालय, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को भी बेहतर किए जाने की आवश्यकता बताई गई।एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि रामनगरिया मेले के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश देने की बात कही, ताकि मेले में आने वाले साधु-संतों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# होंडा सिटी में बने गुप्त चैम्बर से होती थी गांजा तस्करी, महिला समेत तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनपद पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के एक संगठित रैकेट का पर्दाफाश किया है। थाना लंभुआ क्षेत्र में पुलिस ने एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा, नकदी और दो कारें बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार तस्कर होंडा सिटी कार में विशेष रूप से बनाए गए गुप्त चैम्बर का इस्तेमाल कर गांजा की तस्करी कर रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी लेने पर कार के भीतर बने छिपे चैम्बर से 33 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा की अनुमानित बाजार कीमत 6 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। इसके साथ ही तस्करी से अर्जित 3 लाख 25 हजार रुपये नकद भी पुलिस ने जब्त किए हैं। मौके से दो कारों को सीज किया गया है, जिनका इस्तेमाल गांजा की ढुलाई में किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस पूछताछ में तस्करों ने गांजा को एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचाने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि गांजा की सप्लाई कहां-कहां की जा रही थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मामले में थाना लंभुआ पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## असम में तैनात फौजी की हार्ट अटैक से मौत, धनाराघाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के गांव सिद्धनगर निवासी देश के वीर सपूत मनीष कुमार भारती उर्फ जितेंद्र का असम में तैनाती के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन की खबर गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मनीष कुमार भारती अपने परिवार में सबसे बड़े बेटे थे और मेहनत व लगन के बल पर वर्ष 2012 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह असम में देश सेवा में तैनात थे। बताया जाता है कि ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। सूचना मिलते ही सेना के अधिकारियों ने परिजनों को जानकारी दी और शव को पूरे सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव लाया गया। सेना के जवान जब शव लेकर गांव पहुंचे तो हर आंख नम हो गई। ग्रामीणों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। मनीष के परिवार में उनके छोटे भाई आशीष कुमार हैं, जो संपूर्णानगर में सीट बाबू के पद पर तैनात हैं। उनकी दो बहनों की शादी हो चुकी है। मनीष अपने पीछे पत्नी पूनम और छह वर्ष की मासूम बेटी को छोड़ गए हैं। पति की असमय मौत से पत्नी पूनम का रो–रोकर बुरा हाल है, वहीं मासूम बेटी अपने पिता को बार–बार पुकारती नजर आई, जिसे देखकर उपस्थित लोगों की आंखें भर आईं। सोमवार सुबह लगभग 11 बजे धनाराघाट पर राजकीय सम्मान के साथ मनीष कुमार भारती का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम सलामी दी। अंतिम संस्कार में हजारा थाना पुलिस, पूरनपुर तहसीलदार आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र ने देश के इस वीर सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुल्तानपुर के कूरेभार थाना क्षेत्र के ढसेरुआ गांव में रविवार रात एक 55 वर्षीय अधेड़ रमाशंकर कोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार सुबह उनका शव घर के अंदर मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। मृतक रमाशंकर कोरी स्वर्गीय राम मिलन कोरी के पुत्र थे। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत्यु के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। मामले की जांच जारी है।

## राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी के साथ भरा–पचपेड़ा में चल रहे निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। संजय सिंह गंगवार राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल उ0प्र0 और जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा भरा पचपेड़ा में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह को निर्देश दिये कि चल रहे निर्माण कार्यो की जांच हेतु टीम का गठन किया जाये जो प्रति सप्ताह जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौपें उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जायेगा इसके साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारी अमरिया को निर्देश दिये जिन लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है, उनसे भूमि को शीघ्र कब्जा मुक्त कराया जाना सुनिश्चित किया जाये उन्होंने अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 को सड़कों की गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अमरिया, अधिशासी लो0नि0वि0, सी.ओ. एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने विकासखण्ड अमरिया के प्राथमिक विद्यालय क्योलारा का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने विकासखण्ड अमरिया क्षेत्र अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय क्योलारा का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पंजीकृत छात्र–छात्राओं की संख्या देखी निरीक्षण के दौरान विद्यालय में किचन, भोजन कक्ष, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर की उपलब्धता आदि व्यवस्थाओं को देखा इसके साथ ही उन्होंने मध्याह्न भोजन की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को निर्देश दिये कि विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापक/अध्यापिकाऐं उपस्थित रहीं।

## पीड़ित महिलाओं की समस्या का तुरन्त होगा समाधान:उ0प्र0 राज्य महिला आयोग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पुष्पा पाण्डेय एवं सुनीता सैनी द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु सुबह 11 बजे गोमती सभागार विकास भवन में जन सुनवाई करेंगी जिसमें प्रत्येक पीड़ित महिला अपनी सभी प्रकार की समस्याएं जैसे–ससुराल में प्रताड़ित किया जाना, दहेज मांग से मानसिक शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट, यौन उत्पीड़न, एवं अन्य सभी महिलाओं से सम्बंधित मामलों को गहनता से सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया जायेगा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा बताया कि जनसुनवाई के अतिरिक्त, सदस्या द्वारा विकास खण्ड मरौरी में 2.30 बजे से जन चैपाल का आयोजन किया जाएगा जिसमें सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी

## रम्पुरा कपूरपुर के पास बाइक की टक्कर से बुजुर्ग समेत दो घायल, जिला अस्पताल रेफर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा कपूरपुर के पास सोमवार दोपहर लगभग दो बजे सड़क हादसा हो गया। बाइक की टक्कर से एक बुजुर्ग और बाइक चालक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को 108 एबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया गया, प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी निवासी लक्ष्मी प्रसाद पुत्र मंगली प्रसाद, उम्र लगभग 70 वर्ष, किसी आवश्यक कार्य से घर से निकले हुए थे। वह पैदल ही सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान कंजाखेड़ा निवासी रिंकू पुत्र शंकर सिंह बाइक से गुजर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार तेज थी और अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक बुजुर्ग से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लक्ष्मी प्रसाद सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक सवार युवक रिंकू भी गिरकर घायल हो गया। हादसे को देख राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने दोनों घायलों को उठाकर अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ग्रामीणों को अब तक नहीं मिला घरौनी प्रमाण पत्र

**कई ग्राम पंचायतों में कागजी खानापूर्ति तक सीमित रहा वितरण**

**शासन की मंशा पर फिरा पानी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र बल्दीराय की ग्राम पंचायतों में शासन की मंशा के अनुरूप अब तक घरौनी प्रमाण पत्र का वितरण नहीं हो सका है। तहसील प्रशासन की उदासीनता के चलते घरौनी प्रमाण पत्र वितरण की प्रक्रिया कछुआ गति से चल रही है।

कई ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व संबंधित लेखपालों द्वारा गांव-गांव जाकर प्रत्येक मकान का सर्वे किया गया था तथा मकान स्वामियों के नाम घरौनी दर्ज की गई थी, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक उन्हें घरौनी प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए गए। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ ग्राम पंचायतों में केवल दो-चार घरौनी प्रमाण पत्र वितरित कर औपचारिकता पूरी कर ली गई, जिससे ग्रामीणों में भ्रम और असंतोष का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि दर्ज घरौनी में कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं की जा रही है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में घरौनी प्रमाण पत्र का वितरण न होने से ग्रामीणों में तरह-तरह की आशंकाएं व्याप्त हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील प्रशासन की धीमी कार्यप्रणाली शासन की मंशा के विपरीत है। पीड़ित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर शीघ्र घरौनी प्रमाण पत्र का वितरण सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है।

# तहसील में किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील परिसर में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने चार सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी समिति और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित धान खरीद केंद्रों पर किसानों से सीधे धान की खरीद नहीं की जा रही है। इसके बजाय राइस मिलों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। किसानों का कहना है कि केवल अंगूठा लगवाकर सरकारी लक्ष्य पूरा दिखाया जा रहा है, जबकि वास्तविक रूप से किसानों का धान नहीं खरीदा जा रहा। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उन्हें मजबूरन अपना धान औने-पौने दामों पर बेचने को विवश होना पड़ रहा है। इसके अलावा ज्ञापन में सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं की समस्या को गंभीर बताया गया। किसानों ने कहा कि आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं, जिनमें कई बार पशु घायल हो जाते हैं तो कई बार लोग अपनी जान तक गंवा बैठते हैं। वहीं खेतों में घुसकर आवारा पशु किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है।किसानों ने जंगली जानवरों की बढ़ती समस्या का भी जिक्र किया। बताया गया कि जंगल से निकलकर जंगली जानवर खेतों और गांवों की ओर आ रहे हैं, जिससे किसानों और ग्रामीणों की जान को खतरा बना हुआ है। इस डर के कारण कई किसान अपने खेतों में जाने से भी घबरा रहे हैं। भाकियू टिकैत गुट ने एसडीएम से सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा।

## अमेठी में सात नवजात बालिकाओं की माताओं को प्रदान किया बेबी किट

अमेठी। महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सात नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कन्या जन्म को प्रोत्साहित करना तथा समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा। इसी क्रम में स्वावलंबन कैम्प थीम पर ग्राम पंचायत बीरीपुर, विकास खण्ड जामों में महिला एवं बालिका सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। शिविर के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई तथा संबंधित पम्पलेट एवं फोल्डर वितरित किए गए।

# बगीया गांव चौराहे पर डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। आज की आधुनिक शिक्षा के युग में जहां ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एकांतिक वातावरण के लिए पढ़ाई का अच्छा माहौल नहीं मिल पाता है इसी को दृष्टिगत रखते हुए सुलतानपुर के जयसिंहपुर तहसील के अंतर्गत बगिया गांव चौराहे पर रविवार को डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन किया गया जो युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी।जनपद सुलतानपुर स्थित जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचल इलाके में प्रतियोगी छात्रों को आधुनिक शिक्षा और सुविधाओं के लिए जहां जिला मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। जिससे उनके अभिभावकों को अधिक आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए गंगेव निवासी बी .के. पाठक ने युवा छात्रों को एक ही स्थान पर पढ़ाई की आधुनिक व्यवस्था की दिशा में कदम बढ़ाया है। रविवार को डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जयसिंहपुर प्रमुख प्रतिनिधि व समाजसेवी प्रभाकर चन्द्रशेखर शुक्ल ‍रिंकू शुक्ल‍ ने फीता काटकर लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में ग्रामीण क्षेत्र के युवा छात्रों को पढ़ाई के लिए बेहतर ,शांत वातावरण और सुविधाओं के लिए शहर जाना पड़ता है । जो सुविधा अब ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध हो गई। छात्रों को पढ़ाई के लिए जिला मुख्यालय जाने से निजात मिल जाएगी। उसी तर्ज पर उच्च स्तर की व्यवस्था ग्रामीण अंचल में होने पर युवाओं और उनके परिजनों को आर्थिक बोझ भी कम हो जाएगा ।ऐसी लाइब्रेरी आधुनिक युग की शिक्षा में युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी।लाइब्रेरी संचालक बीके पाठक ने बताया कि इस लाइब्रेरी में छात्रों को शांत वातावरण के साथ मोबाइल चार्जिंग, शुद्ध पानी, प्रतिदिन के हिन्दी, अंग्रेजी समाचार पत्र, वातानुकूलित रूम, वाई फाई की सुविधा के साथ अन्य आधुनिक व्यवस्था की गई है। उद्घाटन के अवसर पर पंडित दिलीप चतुर्वेदी, बाबा शुक्ल,राजेंद्र श्रीवास्तव, क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप दुबे, क्षेत्र पंचायत सदस्य संजीत सिंह परिक्रमा सिंह फौजी, प्रिंस मिश्रा, पत्रकार आदेश मिश्र, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि विवेक मिश्रा, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि पंच बहादुर वर्मा, राहुल तिवारी, सद्दाम, अनुज,देवी प्रसाद उपाध्याय, डा.अभिनव सिंह, डॉ.आशीष, डा.नेहा तिवारी, प्रेमनाथ सिंह,दीपक शुक्ल, जियाउल हक, रोहित पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# पीड़ा से मुक्ति

देश में लंबे समय से यह मुद्दा सार्वजनिक विमर्श में रहा है कि विषम परिस्थितियों में एक त्रासदी से मुक्ति हेतु इच्छामृत्यु की अनुमति दी जाए या नहीं। समय-समय पर अदालती फैसलों ने मार्गदर्शक भूमिका निभाई है। साथ ही कोशिश की गई है कि इस छूट का दुरुपयोग न किया जा सके। हाल ही में एक ज्वलंत प्रसंग पर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट टिप्पणी थी कि हमें अब कुछ करना होगा, इस तरह के त्रासद जीवन की कोई तार्किकता नहीं है। दरअसल, यह मामला एक 32 वर्षीय युवक का है, जो पिछले 13 सालों से कोमा जैसी स्थिति में है। यह अब केवल महज चिकित्सीय त्रासदी का मामला नहीं रह गया है। अब यह एक महत्वपूर्ण कानूनी और नैतिक प्रश्न भी बन चुका है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत की टिप्पणी देश में जीवन के अंतिम क्षणों में गरिमापूर्ण व्यवहार के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। निश्चय ही यह प्रसंग अतीत में बहुचर्चित अरुणा शानबाग के मामले की यादें फिर से ताजा कर देता है। इस प्रसंग ने ही देश को पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु के प्रश्न का सामना करने के लिये बाध्य किया था। वर्ष 2011 में, सुप्रीम कोर्ट ने अरुणा शानबाग के मामले में फैसला सुनाते हुए, सैद्धांतिक रूप से निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। दरअसल, अरुणा शानबाग एक भयानक हमले के बाद से ही 42 वर्षों से कोमा जैसी स्थिति में रही थीं। भले ही अदालत ने इस मामले में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी, लेकिन साथ ही उसके साथ कुछ प्रतिबंधात्मक सुरक्षा उपायों के अनुपालन के भी निर्देश दिए थे। निश्चित रूप से इस मामले में अदालती फैसला नैतिक प्रेरणा का स्रोत भी बना। कालांतर में जिसके चलते वर्ष 2018 में एक संविधान पीठ ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता प्रदान की। साथ ही इसके लिये एक आवश्यक प्रक्रिया भी निर्धारित की थी। जिसका मकसद था कि समाज में कहीं इस छूट का दुरुपयोग आपराधिक स्वार्थों के लिये न किया जा सके। वर्ष 2023 में, अदालत ने इन दिशानिर्देशों को और सरल बनाने का प्रयास किया। जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि प्राथमिक और माध्यमिक चिकित्सा बोर्डों द्वारा स्थिति के मूल्यांकन की आवश्यकता रहेगी। फिलहाल देश में वही प्रक्रिया आज भी चल रही है। बहरहाल, वर्तमान मामले में बार-बार की गई अपीलें, इससे जुड़ी खामियों को भी उजागर करती हैं। दरअसल, ऐसे मामलों में पीड़ित को घर में दी जाने वाली देखभाल अपर्याप्त ही साबित होती है। वहीं दूसरी ओर राज्य का समर्थन भी पर्याप्त नहीं रहा है। इसके अलावा ऐसे मामलों से जुड़ी अनसुलझी नैतिक दुविधाएं असमंजस की स्थिति पैदा करती रही हैं। निस्संदेह, इस मामले में किसी युवा वयस्क के लिये निष्क्रिय इच्छामृत्यु की पहली स्पष्ट स्वीकृति हो सकती है। आज देश में हजारों मरीज कोमा जैसी अवस्था में नारकीय जीवन जी रहे हैं। जो उनके परिवारों के लिये भी एक त्रासदी की स्थिति है। जहां परिवार एक ओर भावनात्मक संकट से जूझ रहे होते हैं, वहीं रोगी के उपचार से जनित आर्थिक बोझ भी निरंतर बढ़ता जाता है। दूसरी ओर संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमापूर्ण मृत्यु के अधिकार पर भी सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, अदालत को जटिल परिस्थितियों में जैविक अस्तित्व के कठोर विस्तार के बजाय रोगी की मुक्ति और परिवार की पीड़ा को प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसे में यदि एम्स 17 दिसंबर तक मामले में जीवन की निरर्थकता की पुष्टि करता है, तो निष्क्रिय इच्छामृत्यु की स्वीकृति एक मिसाल कायम कर सकती है। इसके बाद दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा उपायों को भी स्पष्ट किया जा सकेगा। साथ ही जीवन के अंतिम विकल्पों का सम्मान किया जा सकेगा। देश के नीति-नियंताओं को कोमा जैसी अवस्था में सालों जूझते लोगों के मामले में स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाने चाहिए, जिससे ऐसे रोगियों की उपचारात्मक देखभाल और परामर्श को एकीकृत किया जा सके। मानवीय करुणा की मांग है कि जीवन की पवित्रता और पीड़ा की क्रूरता के बीच संतुलन बनाया जाए। इच्छामृत्यु जब सहमति से होगी तो मानवता को कायम रखा जा सकता है। न्यायपालिका को ऐसा न्याय देना चाहिए, जो रोगी को पीड़ा से मुक्त करे और एक करुणामय भविष्य का मार्ग प्रशस्त करे।

# हकीकत में कितनी गहराई है नैनी झील की?

**2017- 18 में अज्ञात कारणों के चलते नैनी झील का प्रबंधन सिंचाई विभाग को सौंप दिया गया। गर्मियों के मौसम में आमतौर पर झील का जलस्तर शून्य से कई फिट नीचे चला जाता है। संचार माध्यमों में इस आशय की खबरें छपती हैं। कहा जा रहा है कि इस हकीकत को छिपाने के लिए सिंचाई विभाग ने ब्रिटिश शासनकाल से चले आ रहे 'शून्य' के इस पैमाने को ही बदल दिया है। सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने अब नैनी झील की कथित अधिकतम गहराई को झील का जलस्तर मान लिया है। सिंचाई विभाग ने झील की अधिकतम गहराई 89 फिट घोषित की है। बकौल सिंचाई विभाग भविष्य में झील के जल स्तर को मापने का नया पैमाना झील की कथित अधिकतम गहराई 89 फीट मानी जाएगी। सिंचाई विभाग ने लेक कंट्रोल रूम के नीचे ब्रिटिश शासनकाल के दौरान लगे 12 फिट के गेज/पैमाने को निकाल कर उसके स्थान पर नया गेज/ पैमाना लगा दिया है, जिसमें झील की अधिकतम गहराई 89 फीट दर्शाई गई है। प्रश्न यह है कि सिंचाई विभाग ने झील की वर्तमान समय में अधिकतम गहराई 89 फिट कैसे आंकी? इस संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई जानकारी में सिंचाई विभाग ने 15 जुलाई, 2025 को बताया है कि सिंचाई विभाग ने वर्ष 2018 में ए.एच.ई.सी.(आईआईटी,रुड़की) एन.आई.एच, रुड़की और आई.सी.ए.आर, देहरादून ने नैनी झील का बाथीमीट्रिक सर्वे कराया था। इस सर्वे के अनुसार नैनी झील की अधिकतम गहराई 27.15 मीटर यानी 89 फीट डेढ़ इंच है।**

जब राजनीतिक नेतृत्व जन सरोकारों से जुड़े विषयों के प्रति उदासीन हो जाता है तो कार्यपालिका प्रयोगधर्मी हो जाती है। सरकारी अधिकारी अपने बुनियादी दायित्वों को तिलांजलि दे कर मनमर्जी करने लगते हैं। कुछ अरसा पहले सिंचाई विभाग के इंजीनियरों द्वारा विश्व विख्यात नैनी झील के जलस्तर को मापने का ब्रिटिशकालीन पैमाना बदलना और नैनी झील की वर्तमान अधिकतम गहराई को लेकर विरोधाभासी दावे इस बात की बानगी हैं। नैनी झील, नैनीताल की संजीवनी है। यहां का प्राण है। नैनीताल का संपूर्ण जीवन-चक्र नैनी झील के इर्द-गिर्द ही घूमता है। इसका अनुपम नैसर्गिक सौंदर्य देशी-विदेशी सैलानियों के आकर्षण का केंद्र है। नैनी झील यहां के बाशिंदों को रोजी- रोटी, भोजन- पानी, पहचान और आत्म सम्मान देती है। नैनी झील की सेहत और खूबसूरती से ही नैनीताल की खूबसूरती है। पर्यटन है, रोजगार है। सालाना अरबों का कारोबार है। नैनीताल का वजूद झील पर ही टिका है। नैनी झील को सुरक्षित एवं संरक्षित कर इसे दीर्घायु बनाने के प्रयत्न करने के बजाय उत्तराखंड का सिंचाई विभाग नैनी झील को लेकर निरर्थक नए प्रयोग करने पर आमादा है। कुछ महीने पहले स्थानीय अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक सिंचाई विभाग ने झील के जल स्तर को मापने का पैमाना बदल दिया है। झील की अधिकतम गहराई को जल स्तर मापने का नया पैमाना बना दिया है। सिंचाई विभाग द्वारा बताई जा रही नैनी झील की वर्तमान में अधिकतम गहराई का आंकड़ा संदेहास्पद प्रतीत होता है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान अंग्रेजों ने भारत में अनेक हिल स्टेशन बसाए। उसी क्रम में अंग्रेजों ने नैनीताल को भी एक सुव्यवस्थित हिल स्टेशन के रूप में बसाया और संवारा। अंग्रेजों ने इस नगर के दीर्घ जीवन के लिए यहां की खूबसूरत झील, पहाड़ियों, नालों एवं झील के जल संग्रहण क्षेत्र के लिए लिए वैज्ञानिक आधार पर व्यवस्थाएं बनाई। उन पर ईमानदारी के साथ अमल भी किया। विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ अंग्रेज अधिकारियों ने गहन अध्ययन एवं शोध के बाद नैनीताल की झील, पहाड़ियों एवं नालों की सुरक्षा के लिए सख्त नियम- कानून बनाए। अंग्रेज इंजीनियरों ने नैनी झील के प्राकृतिक जल निकास बिंदु को छोड़कर संपूर्ण झील के चारों ओर बारह फिट ऊंची दीवार बनाई। झील के प्राकृतिक निकास स्थल पर अतिरिक्त पानी की निकासी के लिए 15''ब 30'' के पांच निकासी गेट बनाए। अंग्रेज इंजीनियरों ने झील के प्राकृतिक निकास बिंदु के तल को शून्य जल स्तर मानते हुए इससे ऊपर के पानी को झील के जल स्तर का पैमाना माना। इस पैमाने के अनुसार झील के जल स्तर को नापने के लिए 12 फिट ऊंचा गेज लगाया गया। झील के जल स्तर की निगरानी के लिए वहां कंट्रोल रूम बनाया गया। इस कंट्रोल रूम से झील के जल स्तर की चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई। अंग्रेजी शासनकाल में झील के जल स्तर का प्रति घंटे का चार्ट बनता था। साल के किस महीने और किस तारीख को झील का अधिकतम जलस्तर कितना होना चाहिए, इसके लिए बाकायदा नियम बनाए गए थे। निर्धारित सीमा से अधिक पानी होने की स्थिति में झील से अतिरिक्त पानी की निकासी कर दी जाती थी। कंट्रोल रूम झील के जल स्तर और निकासी गेटों की चौबीसों घंटे निगरानी करता था। झील के प्राकृतिक निकास के तल को शून्य जलस्तर मानते हुए पानी इससे कम हो जाने पर जल स्तर को ऋणात्मक माना जाता था। यानी शून्य से नीचे। अंग्रेजी शासनकाल में बनी यह व्यवस्था कुछ दशक पूर्व तक सुचारू रूप से चलती रही। लेकिन अब सिंचाई विभाग के प्रयोगधर्मी अभियंताओं को 'शून्य से नीचे' शब्द नहीं भा रहा है। 'शून्य से नीचे' शब्द से छूटकारा पाने की मंशा से सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने अर्थहीन और सतही तरीका खोज निकाला है। अंग्रेजों ने हर साल नैनी झील की लंबाई, चौड़ाई और गहराई नापने का नियम बनाया था। झील की नाप-जोख के लिए झील की सतह पर अलग-अलग स्थानों पर बीस पिलर बनाए गए थे। तब नियमित रूप से हर साल झील की लंबाई, चौड़ाई एवं गहराई नापी जाती थी। सिंचाई विभाग ने झील की नाप-जोख के लिए झील की सतह पर पिलर होने से इनकार किया है। यह दीगर बात है कि देखरेख के अभाव में मौजूदा समय में ब्रिटिशकालीन पिलर अस्तित्वविहीन हो गए हैं, लेकिन यह सच है कि पिलर बने थे। जब झील का प्रबंधन लोक निर्माण विभाग के पास था, ने 28 व 29 दिसंबर,1998 को अंतिम बार झील की नाप-जोख अंग्रेजी शासनकाल में बने इन सांकेतिक पिलरों के आधार पर ही की थी। 2017- 18 में अज्ञात कारणों के चलते नैनी झील का प्रबंधन सिंचाई विभाग को सौंप दिया गया। गर्मियों के मौसम में आमतौर पर झील का जलस्तर शून्य से कई फिट नीचे चला जाता है। संचार माध्यमों में इस आशय की खबरें छपती हैं। कहा जा रहा है कि इस हकीकत को छिपाने के लिए सिंचाई विभाग ने ब्रिटिश शासनकाल से चले आ रहे 'शून्य' के इस पैमाने को ही बदल दिया है। सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने अब नैनी झील की कथित अधिकतम गहराई को झील का जलस्तर मान लिया है। सिंचाई विभाग ने झील की अधिकतम गहराई 89 फिट घोषित की है। बकौल सिंचाई विभाग भविष्य में झील के जल स्तर को मापने का नया पैमाना झील की कथित अधिकतम गहराई 89 फीट मानी जाएगी। सिंचाई विभाग ने लेक कंट्रोल रूम के नीचे ब्रिटिश शासनकाल के दौरान लगे 12 फिट के गेज/पैमाने को निकाल कर उसके स्थान पर नया गेज/ पैमाना लगा दिया है, जिसमें झील की अधिकतम गहराई 89 फीट दर्शाई गई है। प्रश्न यह है कि सिंचाई विभाग ने झील की वर्तमान समय में अधिकतम गहराई 89 फिट कैसे आंकी? इस संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई जानकारी में सिंचाई विभाग ने 15 जुलाई, 2025 को बताया है कि सिंचाई विभाग ने वर्ष 2018 में ए.एच.ई.सी.(आईआईटी,रुड़की) एन.आई.एच, रुड़की और आई.सी.ए.आर, देहरादून ने नैनी झील का बाथीमीट्रिक सर्वे कराया था। इस सर्वे के अनुसार नैनी झील की अधिकतम गहराई 27.15 मीटर यानी 89 फीट डेढ़ इंच है। जबकि 28 व 29 दिसंबर, 1998 में लोक निर्माण विभाग ने नैनी झील की नाप-जोख की थी, तब लोक निर्माण विभाग ने झील की अधिकतम गहराई 25.80 मीटर यानी 84 फीट आठ इंच नापी थी। इन बीस सालों में झील की गहराई हैरतअंगेज तरीके से करीब साढ़े चार फीट कैसे बढ़ गई? झील की गहराई में करीब साढ़े चार फीट की यह कथित बढ़ोतरी यकीनन चौंकाने वाली है। काबिल-ए- गौर यह है कि 1998 में नैनीताल नगर में मकानों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार के आसपास थी। 2018 तक यहां मकानों की संख्या तकरीबन दुगुनी हो गई थी। वर्तमान में यहां मकानों की संख्या 1998 के मुकाबले करीब ढाई गुनी से अधिक हो गई है। इसी अनुपात में जनसंख्या में भी वृद्धि हुई है। आज से एक सौ बरस पहले नैनी झील की अधिकतम गहराई 28.3 मीटर यानी 93 फीट आंकी गई थी। तब यहां कुल करीब साढ़े पांच सौ मकान थे और यहां की जनसंख्या ग्यारह हजार के आसपास थी। तब के मुकाबले आज यहां की आबादी छह गुना से अधिक बढ़ गई है। मकानों की संख्या में बीस गुना इजाफा हुआ है। यदि बात पिछले ढाई दशकों की ही करें तो इस कालखंड में नैनीताल नगर में हजारों नए मकान बने। जनसंख्या में बेतहाशा उछाल आया है। पर्यटकों की आमद भी बढ़ी है। पिछले ढाई दशक के कालखंड में भवन और अन्य निर्माण गतिविधियों में निकला मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट का कितना हिस्सा नालों के द्वारा झील के उदर में समाया, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। इसके बावजूद सिंचाई विभाग के कथनानुसार नैनी झील की गहराई 1998 के मुकाबले 2018 में घटने के बजाय आश्चर्यजनक रूप से करीब साढ़े चार फीट बढ़ गई है। यदि लोक निर्माण विभाग द्वारा 1998 में की गई नाप-जोख को दुरुस्त माना जाए तो नैनी झील की वर्तमान समय की अधिकतम गहराई को लेकर सिंचाई विभाग का दावा संशय और भ्रम उत्पन्न करता है। नैनी झील की गहराई को लेकर लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग के कथन में विरोधाभास है। मुद्दा नैनी झील के जलस्तर का पैमाना बदलने का नहीं है। दरअसल यह विषय सीधे तौर पर नैनी झील की सेहत से जुड़ा है। झील की सेहत से नैनीताल का मुस्तक़बिल तय होता है। झील को लेकर इंतजामिया का सतही, अगंभीर और असंवेदनशील रुख निश्चित ही चिंतनीय है। यक्ष प्रश्न यह है वर्तमान समय में नैनी झील की वास्तविक अधिकतम गहराई है कितनी? इसका उत्तर किसी के पास नहीं है। **–प्रयाग पाण्डे**

# क्या सनातन का विरोध और अपमान ही सेक्युलर राजनीति है?

## मृत्युंजय दीक्षित

भारत विभाजन के साथ मिली स्वाधीनता से कोई सबक न लेते हुए भारत की राजनीति आज तक तुष्टिकरण के आधार पर चलती रही है। मुस्लिम वोट बैंक को प्रसन्न करने के लिए तथाकथित समाजवादी लालू ने सम्मानित नेता आडवाणी जी को जेल में डाल दिया और एक कदम आगे बढ़ते हुए मुलायम सिंह ने निहत्थे रामभक्तों को गोलियों से भुनवा दिया, कांग्रेस साम्प्रदायिक हिंसा बिल ले आई वो तो भला हो उस समय विपक्ष में होने के बाद भी भाजपा ने इसे पारित होने से बचा लिया। मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण ही पाकिस्तान को सटीक उत्तर देने की जगह अमन का तमाशा किया जाता रहा। मात्र इतना ही नहीं मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए भारत की सनातन संस्कृति को अनेकानेक प्रकार से चोट पहुंचाई जाती रही। वर्ष 2014 में केन्द्रीय नेतृत्व प्रदान करते हुए नरेन्द्र मोदी जी ने तुष्टिकरण के कारण सनातन संस्कृति को हुई क्षति की भरपाई करने के प्रयास किए हैं। बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दल और अधिक कटु होकर सनातन हिंदू धर्म पर प्रहार कर रहे हैं । रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनकी दो दिवसीय भारत यात्रा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीमद्भगवद्गीता का रूसी अनुवाद भेंट किया। इसको देखकर कांग्रेस और वामपंथी दलों ने न केवल प्रधानमंत्री वरन श्रीमद्भगवद्गीता के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग करते हुए इसका विरोध किया। कांग्रेसियों ने गीता के लिए मूल शब्द का प्रयोग किया जो एक अक्षम्य अपराध है। वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव हैं अतः इन दो प्रान्तों में सनातन प्रतीकों तथा हिन्दू समाज को अपमानित करने का कार्य भी सबसे अधिक और सबसे तेजी से हो रहा है। पश्चिम बंगाल में वहां के तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने गुलामी की मानसिकता से ग्रसित होकर बाबर के नाम की एक मस्जिद की आधारशिला रखी और प्रशासन चुपचाप खड़ा रहा क्योंकि इस हरकत को मुख्यमंत्री का मौन समर्थन था। उसकी देखादेखी बिहार और तेलंगना में भी कुछ कट्टरपंथी मौलानाओं ने बाबरी नाम की मस्जिद व स्मारक बनाने का ऐलान करके साप्रंदायिक तनाव बढ़ाने का काम आरम्भ कर दिया है। इस बाबरी भूत को वह सभी दल प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं जिनकी राजनीति मुस्लिम तुष्टिकरण से चलती है और जो संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते हैं। उत्तर प्रदेश में सपा मुखिया सपरिवार शौर्य दिवस को सलीम चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ाकर हिन्दुओं को चिढ़ाते दिखे । सपा मुखिया का तुष्टिकरण में संलिप्त यह कृत्य जनता समझ रही है। सपा मुखिया समय समय पर ऐसे बयान देते रहते हैं जिससे सनातन हिन्दू समाज आहत हो। महाकुंभ से लेकर लेकर अयोध्या के दीपोत्सव तक उन्होंने हिन्दू परम्पराओं का उपहास करते हुए उन्हें ढोंग बताया। वहीं कांग्रेस ने तो हिंदू सनातन आस्था के सभी केन्द्रों का अपमान करने की सुपारी ही ले रखी है। कर्नाटक में तो मुस्लिम तुष्टिकरण का खुला खेल चल ही रहा है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह 'सुक्खू' को हिंदू बच्चों के राधे -राधे बोलने पर आपत्ति है। तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी लगातार सनातन और हिंदुओं के विरुद्ध आग उगल रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने हिंदुओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि हर व्यक्ति और हर काम के लिए एक अलग भगवान होता है। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा हिंदू कितने भगवानों को मानते हैं ? तीन करोड़ हैं, इतने सारे क्यों हैं? जो लोग विवाहित हैं उनके लिए एक भगवान है हनुमान, जो लोग दो शादी करते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं और जो लोग शराब पीते हैं वह मुर्गी खाते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं। हर ग्रुप का अलग भगवान है। रेड्डी के बयान से हिंदुओं की भावनाओं का आहत होना स्वाभाविक था । हिंदू संगठनों ने मुख्यमंत्री से माफी मांगने को कहा किंतु मुस्लिम परस्त रेवंत रेड्डी अपने बयान पर कायम हैं। उधर तमिलनाडु में भगवान मुरुगन के मंदिर में दीप जलाने को लेकर द्रमुक सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए न्यायालय की भी अवहेलना कर रही है। तमिलनाडु से ही हिन्दू और सनातन समाज को डेंगू -मलेरिया जैसे रोगों की संज्ञा दी जाती रही है। आश्चर्य की बात ये है कि सनातन हिन्दू धर्म का अपमान करने वाली इस राजनीति को ङ्गसेक्युलरङ्ग कहा जाता है।

## सेहत मंत्र

# बादाम को छिलके सहित खाएंगे तो आपका अंग–अंग रहेगा जवान

बादाम किसी सुपरफूड से कम नहीं है। नट्स में इन्हें सबसे ज्यादा लाभदायक माना गया है। इनमें हेल्दी फैट, फाइबर व एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, इसके सेवन आपको कॉपर, मैंगनीज, आयरन और कैल्शियम आदि भी मिलता है। शायद यही कारण है कि घर में बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी को बादाम खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर आप इन्हें बिना छीले खाते हैं तो आपको अधिक लाभ प्राप्त होता है। एंटीऑक्सीडेंटस से भरपूर- बादाम में एंटी-ऑक्सीडेंटस पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इन एंटी-ऑक्सीडेंट्स के कारण आप कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। खुद को लंबे समय तक जवां बनाए रख सकते हैं। यहां तक कि मार्केट में मिलने वाले एंटी-एजिंग क्रीम्स में भी एंटी-ऑक्सीडेंट्स का इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही यह आपको ऑक्सीडेटिव तनाव से भी बचाते हैं। लेकिन बादाम के यह लाभ आपको तभी मिलते हैं, जब आप इन्हें छिलके सहित खाते हैं। क्योंकि बादाम से सबसे पावरफुल एंटीऑक्सीडेंटस इसकी उपरी परत में ही मौजूद होते हैं। जरूरी पोषक तत्व- बहुत से लोग मानते हैं कि बादाम के छिलकों में टैनिन होता है और इसलिए बादाम को छीलकर खाना चाहिए। टैनिन शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में परेशानी पैदा करते हैं। लेकिन हम आपको बता दें कि बादाम के ज्यादा पोषक तत्व भी इसके छिलके में ही होते हैं। इसलिए छिलका उतारने से बादाम की न्यूटिशन वैल्यू कम हो जाती है। बादाम के छिलके पोलीफ़ेनेल से बना है, जिसमें काफी मात्रा में फाइबर पाया जाता है। यही कारण है कि जब आप बादाम को छिलके सहित खाते हैं तो इससे आपका पेट देर तक भरा रहता है। बादाम को कभी भी यूं ही कच्चा नहीं खाना चाहिए। इसे खाने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप इन्हें सात?आठ भिगोएं और उसके बाद बिना छीले की इसे खाएं।

## धर्म मंत्र

# संपूर्ण विश्व में भगवान शंकर की होती है सर्वाधिक पूजा

भगवान शिव को देवों के देव अर्थात महादेव भी कहा जाता है। भगवान शिव को महादेव, भोलेनाथ, शंकर, महेश, रुद्र, नीलकंठ के नाम से भी जाना जाता है। वेद में इनका नाम रुद्र है। भगवान शिव की पत्नी का नाम पार्वती है। इनके पुत्र कार्तिकेय और गणेश हैं, तथा पुत्री अशोक सुंदरी हैं। शिवजी की पूजा शिवलिंग तथा मूर्ति दोनों रूपों में की जाती है। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। भगवान शिव और उनका नाम समस्त मंगलों का मूल है। वे कल्याण की जन्मभूमि तथा परम कल्याणमय हैं। समस्त विद्याओं के मूल स्थान भी भगवान शिव ही हैं। ज्ञान, बल, इच्छा और क्रिया शक्ति में भगवान शिव के जैसा कोई नहीं है। वे सभी के मूल कारण, रक्षक, पालक तथा नियन्ता होने के कारण महेश्वर कहे जाते हैं। उनका आदि और अंत न होने से वे अनंत हैं। वे सभी पवित्रकारी पदार्थों को भी पवित्र करने वाले हैं। वे शीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों के सम्पूर्ण दोषों को क्षमा कर देते हैं तथा धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, ज्ञान, विज्ञान के साथ अपने आपको भी दे देते हैं। सभी पुराणों में भगवान शिव के दिव्य और रमणीय चरित्रों का चित्रण किया गया है। संपूर्ण विश्व में शिव मंदिर, ज्योतिर्लिंग, स्वयम्भूलिंग से लेकर छोटे-छोटे चबूतरों पर शिवलिंग स्थापित करके भगवान शंकर की सर्वाधिक पूजा की जाती है। भगवान शिव शंकर का परिवार भी बहुत व्यापक है। एकादश रुद्र, रुद्राणियां, चौंसठ योगिनियां, षोडश मातृकाएं, भैरवादि इनके सहचर तथा सहचरी हैं। माता पार्वती की सखियों में विजया आदि प्रसिद्ध हैं।

## पर्यटन



# अंग्रेज और मुगल, दोनों ही कभी नहीं जीत पाये लोहागढ़ दुर्ग को

लोहागढ़ दुर्ग एक किला है जो राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित है। दुर्ग का निर्माण भरतपुर के जाट वंश के (जाटो का प्लेटो अथार्त जाटों का अफलातून) तब कुंवर महाराजा सूरजमल ने 19 फरवरी 1733 ई. में करवाया था। यह भारत का एकमात्र अजेय दुर्ग है। इसके चारों ओर मिट्टी की दोहरी प्राचीर बनी हैं। अतः इसको मिट्टी का दुर्ग भी कहते हैं। किले के चारों ओर एक गहरी खाई हैं, जिसमें मोती झील से सुजानगंगा नहर द्वारा पानी लाया गया हैं। इस किले में दो दरवाजे हैं। इनमें उत्तरी द्वार अष्टधातु का बना है। खास के रूप में प्रयुक्त कचहरी कला का उदाहरण हैं। भरतपुर राज्य के जाट राजवंश के राजाओ का राज्यभिषेक जवाहर बुर्ज में होता था। इस किले पर कई आक्रमण हुए हैं, लेकिन इसे कोई भी नहीं जीत पाया। इस पर कई पड़ोसी राज्यों, मुस्लिम आक्रमणकारियों तथा अंग्रेजो ने आक्रमण किया, लेकिन सभी असफल रहे। 1803 ई. में लार्ड लेक ने बारूद भरकर इसे उड़ाने का असफल प्रयास किया था। यहां पर फतेह बुर्ज का निर्माण ब्रिटिश सेना पर विजय को चिरस्थायी बनाने के लिए करवाया गया था। मिट्टी से ढंकी इस किले की दीवार में तोप के गोले धंस जाते थे। इस किले के प्रमुख दरवाजे का वजन 20 टन है। अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के दौरान चित्तौड़ की महारानी पद्मिनी ने 25 अगस्त 1303 को दासियों के साथ जोहर कर लिया था। इसके बाद गुस्से में आए अलाउद्दीन खिलजी ने मेवाड़ इलाके में बेरहमी से मारकाट और लूटपाट की। इसी दौरान वह चित्तौड़गढ़ किले से बेशकीमती अष्टधातु गेट को उखाड़ कर ले गया था। जिसे उसने दिल्ली के लाल किले में ले जाकर लगा दिया था। वर्ष 1765 में भरतपुर के महाराजा जवाहर सिंह ने अपने पिता महाराजा सूरजमल की मौत का बदला लेने के लिए दिल्ली के शासक नजीबुद्दौला पर आक्रमण कर दिया था। उन्हें चित्तौड़ के अपमान गेट के बारे में जानकारी हुई तो वे अष्टधातु का दरवाजा भी उखाड़कर भरतपुर ले आए।

# डोंगल जमा : ऑनलाइन हाजिरी पड़ी भारी, रुकेगा गांव की सरकार का डिजिटल पहिया

विकास तिवारी

बाराबंकी। जनपद भर में पंचायत सचिवों द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में चल रहा शांतिपूर्ण आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। शासन स्तर पर बार-बार मांग उठाने, ज्ञापन देने और सांकेतिक सत्याग्रह के बावजूद जब ऑनलाइन हाजिरी का फैसला वापस नहीं लिया गया तो आहत पंचायत सचिवों ने सोमवार को सामूहिक रूप से अपने डोंगल जमा कर आंदोलन को और तेज कर दिया। इस कदम के साथ ही गांवों में चल रहे विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ना तय माना जा रहा है।पंचायत सचिवों का कहना है कि वे वर्षों से सीमित संसाधनों, बढ़ते कार्यभार और जिम्मेदारियों के बीच गांवों की रीढ़ बनकर काम कर रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन उपस्थिति जैसी व्यवस्था ने उनके आत्मसम्मान और कार्यस्वतंत्रता को ठेस पहुंचाई है। सचिवों का दर्द है कि वे केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि गांव की सरकार को चलाने वाले अहम स्तंभ हैं, जिनकी बात सुने बिना फैसले थोपे जा रहे हैं।विकास खंड बंकी में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में पंचायत सचिव सर्वेश सिंह, हिमांशु वर्मा, विवेक वर्मा समेत सभी सचिवों ने अपने





डोंगल जमा कर दिए। वहीं हरख ब्लॉक में आकाश पटेल, नवीन मित्तल, नवीन राय, संध्या दूबे, अवनीश तिवारी, बीना सिंह, संस्कृता, अक्षिता अस्थाना ने आंदोलन में भागीदारी निभाई। हैदरगढ़ में अखिलेश दूबे, पवन कुमार, हर्षित श्रीवास्तव, अजय यादव, ज्ञान प्रकाश सिन्हा, राज कुमार, दीपक राजपूत, पूजा यादव, नवीन कुमार, अखिलेश मिश्रा, शिव कुमार यादव, चंद्रेश कुमार, चंद्र भानू पांडेय, सत्य प्रकाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में सचिवों ने डोंगल जमा किए। दरियाबाद में रजनीश शुक्ला, राधेश्याम मिश्रा, आस्था सिंह, अमन श्रीवास्तव, उपमा मिश्रा तथा त्रिवेदीगंज में विनय शुक्ला, श्रवण कुमार यादव, विन्धराज यादव, निर्देश शर्मा, प्रफुल्ल वर्मा, विकास चौधरी, विशाल गुप्ता, ज्ञान सिंह, सुबोध कुमार, पवन कुमार गौतम, हरि मोहन सक्सेना, संयम मिश्रा आदि सचिव आंदोलन में डटे रहे।देवा ब्लॉक में आंदोलन का असर प्रशासनिक कामकाज पर साफ दिखाई देने लगा है। सोमवार को सांकेतिक सत्याग्रह के 15वें दिन पंचायत सचिवों ने अपने डोंगल एडीओ पंचायत कुंवर स्वरूप को सौंप दिए। पंचायत सचिव संघ के देवा ब्लॉक अध्यक्ष अनुज वर्मा ने स्पष्ट कहा कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर भुगतान से जुड़े सभी कार्य पूरी तरह बंद रहेंगे, हालांकि आम ग्रामीणों से जुड़े जरूरी कार्यों को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। सचिवों का कहना है कि वे आंदोलन को मजबूरी में कर रहे हैं, शौक में नहीं। सचिवों का दर्द इस बात को लेकर भी है कि जिन गांवों को मॉडल ग्राम पंचायत बनाने के सपने दिखाए गए थे, वही सपने अब कागजों में सिमटते नजर आ रहे हैं। भुगतान न होने से मजदूर, लाभार्थी और योजनाएं प्रभावित होंगी, जिसका सीधा असर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। सचिवों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और सम्मानजनक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक यह सांकेतिक आंदोलन जारी रहेगा।अब सवाल यह भी उठने लगा है कि गांव का विकास आखिर कैसे चलेगा, क्योंकि पंचायत व्यवस्था दो पहियों पर चलती है–एक पंचायत सचिव और दूसरा ग्राम प्रधान। ऐसे में सचिवों के आंदोलन के बीच प्रधानों की भूमिका भी अहम हो गई है। सचिवों का मानना है कि यदि प्रधान भी इस मुद्दे पर खुलकर उनके साथ खड़े होते हैं तो शासन तक मजबूत संदेश जाएगा और गांवों के हित में समाधान निकल सकता है।

### डोंगल बंद, विकास ऑफलाइन, गांव की सरकार ठप, सियासत ऑन

बाराबंकी। पंचायत सचिवों द्वारा डोंगल जमा किया जाना अब सिर्फ एक कर्मचारी आंदोलन नहीं रह गया है, बल्कि यह सीधे–सीधे सरकार की ग्रामीण विकास नीति और डिजिटल प्रशासन के दावों पर सवाल खड़ा कर रहा है। जिस ऑनलाइन सिस्टम को सरकार पारदर्शिता और अनुशासन का प्रतीक बता रही है, वही सिस्टम आज गांवों के विकास पर ब्रेक बनता दिखाई दे रहा है।राजनीतिक रूप से यह मुद्दा इसलिए भी गंभीर होता जा रहा है क्योंकि पंचायत सचिव वह कड़ी हैं, जो सरकार की योजनाओं को कागज से जमीन तक पहुंचाती हैं। डोंगल बंद होते ही मनरेगा से लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन, स्ट्रीट लाइट और मॉडल ग्राम पंचायत जैसी योजनाएं ठप पड़ने की स्थिति में हैं। इसका सीधा असर ग्रामीण वोटर पर पड़ेगा, और उसी वोटर के भरोसे सत्ता की इमारत खड़ी होती है।अब सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या सरकार विकास को ऑनलाइन हाजिरी से तौल रही है? सचिवों का दर्द है कि उनसे 24 घंटे काम लिया जाता है, लेकिन भरोसा नहीं किया जाता। यही वजह है कि आंदोलन अब जिला नहीं, बल्कि प्रदेशव्यापी प्रशासनिक संकट का संकेत देने लगा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में ग्राम पंचायतें फाइलों का ढेर बन जाएंगी और विकास भाषणों तक सिमट कर रह जाएगा। इस पूरे मामले में ग्राम प्रधानों की चुप्पी भी सियासी तौर पर सवालों के घेरे में है। पंचायत व्यवस्था दो पहियों प्रधान और सचिव पर चलती है। जब एक पहिया उतर चुका है तो दूसरा अकेले कितना चलेगा? अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रधान संगठन सरकार के साथ खड़ा रहता है या गांव के साथ। अगर प्रधान सचिवों के समर्थन में खुलकर सामने आते हैं तो यह आंदोलन सरकार के लिए राजनीतिक सिरदर्द बन सकता है।यह केवल बाराबंकी नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के गांवों का सवाल है। आज सचिवों ने डोंगल जमा किया है, कल यदि प्रधानों ने भी कलम और सिस्टम से दूरी बना ली, तो सरकार के ङ्कडिजिटल ग्रामङ्क और ङ्कमॉडल पंचायतङ्क के नारे खुद ही ऑफलाइन हो जाएंगे।

# प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी को विद्वत परिषद का धन्यवाद पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विद्वत परिषद बाराबंकी ने आज सोमवार को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद प्रेषित किया है। विद्वत परिषद बाराबंकी के तत्वावधान में धन्यवाद पत्र जलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया। महाराष्ट्र प्रांत के अहिल्या नगर निवासी 19 वर्षीय वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे द्वारा वाराणसी के नमो घाट पर बिना किसी रुकावट के 50 दिनों में शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिनी शाखा के 2000 मंत्रों का दण्डक्रम पारायण पाठ करने पर अभिनंदन एवं सराहना की है। तथा यशस्वी मुख्यमंत्री गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वेदमूर्ति देवव्रत महेश जी का अभिनंदन एवं स्वागत किया है। विद्वत परिषद का प्रतिनिधि मंडल आज जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से भेंट कर उन्हें प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को प्रेषित धन्यवाद पत्र सौंपा। विद्वत परिषद के संयोजक राम लखन शुक्ल ने कहा कि देश के सर्वोच्च्य नेतृत्व ने जो



सराहना वेदमूर्ति की की है उससे वैदिक साहित्य के अध्ययन अध्यापन की गुरुकुल परंपरा की अभिवृद्धि होगी ।साहित्यकार अजय सिंह गुरु ने कहा कि भारतीय संस्कृति के संरक्षणय और विकास के लिए देश की युवा पीढ़ी को समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी । इस अवसर पर संतोष सिंह प्रदेश संयोजक गीता जयंती समारोह समिति , ए.पी.शर्मा गायत्री शक्ति पीठ ट्रस्टी , रामस्वरूप यादव पतंजलि योग पीठ , रमेश चंद्र कुरील श्री राम जानकी मंदिर , महंत बी.बी दास लोधेश्वर महादेवा शुश्रूषा न्यास व राम किशोर गुप्ता समाजसेवी , योगेंद्र सिंह वर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन व मुकेश दीक्षित लोक भारती तथा सत्यम पाण्डेय अधिवक्ता मुख्य रूप से सम्मिलित रहे । धन्यवाद पत्र का वाचन संतोष सिंह ने किया ।

# हमारा प्रयास टोल रोड से गुजरने वाला हर वाहन सुरक्षित रहे : विश्वजीत सिंह तोमर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### कोहरे और शीतलहर में सुरक्षित सफर के लिए एनएचआई का विशेष अभियान

हैदरगढ़ बाराबंकी । खराब मौसम, घने कोहरे एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचआई पीआईयू लखनऊ द्वारा व्यापक सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पीआईयू लखनऊ क्षेत्र में स्थित बारा टोल प्लाजा पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा रहे हैं। स्काईलार्क इंफ्रा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के टोल प्लाजा कर्मचारियों द्वारा टोल रोड पर चलने वाले भारी एवं हल्के वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए, जिससे वाहनों की दृश्यता बढ़ाई जा सके।इसका प्रमुख उद्देश्य रात्रिकालीन समय एवं घने कोहरे की स्थिति में वाहनों को दूर से ही स्पष्ट रूप से दिखाई देने योग्य बनाना है,



ताकि अचानक होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। अभियान के दौरान वाहन चालकों को कोहरे एवं खराब मौसम में सुरक्षित ड्राइविंग, नियंत्रित गति, सुरक्षित दूरी बनाए रखने, तथा फॉग लाइट व इंडिकेटर के सही उपयोग को लेकर जागरूक किया गया।यह अभियान बारा टोल प्लाजा पर लगातार 2 से 3 सप्ताह तक चलाया जाएगा, जिससे सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।अभियान में बारा टोल प्लाजा के प्लाजा मैनेजर श्री विश्व जीत सिंह तोमर एवं शिफ्ट इंचार्ज श्री लवलेश मिश्रा की सक्रिय भूमिका रही।इस अवसर पर प्लाजा मैनेजर विश्व जीत सिंह तोमर ने कहा''घने कोहरे और शीतलहर के दौरान सड़क पर दृश्यता बेहद कम हो जाती है, ऐसे में रिफ्लेक्टर टेप एक प्रभावी सुरक्षा उपाय है। हमारा प्रयास है कि टोल रोड से गुजरने वाला हर वाहन सुरक्षित रहे और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।एनएचआई के निर्देशानुसार यह अभियान लगातार चलाया जाएगा।'' एनएचआई एवं टोल प्रबंधन द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान सड़क सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। शिफ्ट प्रभारी लवलेश मिश्रा, रवि सिंह तोमर , सत्यम शुक्ला मौजूद रहे ।



### प्रमुख संजय को मातृ शोक, अंतिम दर्शन को उमडी भीड़

रामनगर बाराबंकी। ब्लॉक प्रमुख रामनगर संजय तिवारी की माता जमुना देवी 68 वर्ष का रविवार देर शाम लखनऊ के मैक्स हॉस्पिटल में हृदयाघात से निधन हुआ। दुखद सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।सोमवार को बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और क्षेत्रीय नागरिक अंतिम दर्शन हेतु उनके ग्राम मंझौनी स्थित आवास पर पंहुचे और शोक संवेदना व्यक्ति की। पार्थिव शरीर परिजनों द्वारा परंपरा अनुरूप अयोध्या धाम ले जाया गया।और विधिविधान से अंतिम संस्कार किया गया। भारी जन समूह ने अंतिम बिदा दी।

# धान खरीद में लापरवाही, भाकियू ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट के जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी कि अगुवाई में जनपद बाराबंकी की धान खरीद की समस्या को लेकर लखनऊ पहुंचकर खाद आयुक्त संबोधित मांग पत्र अपर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह को दिया और समस्या को अवगत भी कराया जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने बताया किसानों कि धान खरीद के लिए 103 क्रय केंद्र बनाए गए हैं जिसमें अभी तक पूरे संचालित नहीं हुए हैं जिसमें मंडी के क्रय केंद्र और पीसीएफ के किसानों को टोकन नहीं देते हैं कहते हैं कि केंद्र प्रभारी धान का उठान नहीं आज हम लोग क्या होगा तब तक टोकन नहीं देंगे और ना ही धान खरीद करेंगे यह बड़ी समस्या है किसानों के लिए जनपद में विपणन शाखा के धान



क्रय केदो पर संबंधित मील के कागज चढ़ाए जाते हैं जिससे छोटे किसानों की खरीद नहीं हो पा रही है और और व्यापारियों की खरीद की जा रही है जिसमें देवा क्षेत्र के सलारपुर केंद्र पर और कुछ अन्य पर भी केंद्र प्रभारी मिली भगत से फर्जी कागज चढ़ाया जा रहे हैं या एक बड़ी समस्या है जिससे सीधे किसानों की खरीद न करके व्यापारियों से की जा रही है जिसको लेकर खाद आयुक्त महोदय को पत्र देकर जांच करने की मांग की गई है दोषियों खिलाफ कार्रवाई की की जाए जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो बाराबंकी जनपद में बड़ा आंदोलन किया जाएगा धान खरीद को लेकर जिसे की समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की की होगी साथ में उपस्थित जिला महासचिव अरविंद यादव ब्लॉक अध्यक्ष फूलचंद यादव जगदीश प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे ।

### कल्याणक महा महोत्सव, भव्य शोभायात्रा



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सकल दिगंबर जैन समाज गनेशपुर द्वारा श्री 1008 चंद्रप्रभु भगवान एवं श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महा महोत्सव बड़े ही श्रद्धापूर्वक एवं धूमधाम से मनाया गया। भक्ति भाव में ओतप्रोत महिलाओं पुरुषों किशोर किशोरियों व बच्चों ने कस्बे के जैन मंदिर पर एकत्रित होकर गाजे बाजे सहित भव्य पालकी यात्रा निकाली।शोभायात्रा गनेशपुर से आरंभ कर रेलीबाजार लोहटीजई मीतपुर झाला आदि ग्रामों से होते हुए पुनः मंदिर पर पंहुची।केसरिया वस्त्र धारण कर नंगे पांव पालकी के साथ चल रहे भक्त देवतुल्य दिखे।जैन समाज के भक्तो द्वारा दोपहर बाद विधिविधान से पूजा पाठ पूर्ण कर विनय पूर्वक प्रसाद वितरण किया गया।इस शोभायात्रा में समस्त जैन परिवार हर्षपूर्वक शामिल रहे।इसी तरह क्षेत्र के तिलोकपुर कस्बे में भी जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा पालकी यात्रा निकाल कर जन्म कल्याणक महा महोत्सव मनाया गया।

### मिशन शक्ति, सुनी समस्याएं, जरूरतमंदों को दिए कंबल

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के अंतर्गत थाना रामनगर क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम ने सराहनीय कार्य किया।प्रभारी निरीक्षक कोतवाल अनिल कुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम ने ग्राम गणेशपुर व गोबरहा में जरूरतमंद महिलाओं से संपर्क कर उनकी समस्याएं सुनीं।टीम द्वारा विधवा एवं वृद्ध महिलाओं के लिए विधवा व वृद्धा पेंशन योजनाओं के आवेदन कराए गए तथा कंबल वितरित किए गए।इसके साथ ही गांव में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम और महिला हेल्पलाइन से जुड़ी जानकारियां दी गईं।इस मानवीय पहल की ग्रामीणों ने मुक्तकंठ से सराहना की वहीं इससे महिलाओं में सुरक्षा का सकारात्मक संदेश गया।

### मंगलवार को लखनऊ जोन के डीजी का दौरा , थाने का करेंगे निरीक्षण

देवा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लखनऊ जोन के डायरेक्टर जनरल (डीजी) सुजीत कुमार पांडे मंगलवार को देवा कोतवाली का दौरा करेंगे। हाल ही में डीजी पद पर प्रोन्नत हुए सुजीत कुमार पांडे के आगमन को लेकर देवा कोतवाली सहित पूरे पुलिस महकमे में हलचल तेज है। निरीक्षण कार्यक्रम के तहत डीजी सबसे पहले जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन पहुंचकर रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) का जायजा लेंगे। इसके बाद वे देवा और सफदरगंज कोतवाली का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान पुलिसिंग की गुणवत्ता, लंबित मामलों की स्थिति, अभिलेखों का रखरखाव और संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष फोकस रहेगा बताया जा रहा है कि डीजी निरीक्षण के दौरान कोतवाली के मालखाने, शस्त्रागार, कार्यालय व्यवस्था, भवन की स्थिति, साफ–सफाई तथा कानून–व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ले सकते हैं। साथ ही क्षेत्रीय पुलिसिंग और जनसुनवाई व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी डीजी के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए बीते दो सप्ताह से कोतवाली परिसर में तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही थीं। अतिरिक्त निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि निरीक्षण को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं और अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दे दिए गए हैं।

### भक्त प्रह्लाद की ईश्वर भक्ति , मंत्र मुग्ध हुए दर्शक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रायोजित तथा स्व वीरेन्द्र स्वरूप पाण्डे स्मृति सेवा संस्थान द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें छात्रों में क्विज प्रतियोगिता,निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा वाद विवाद प्रतियोगिता,कवि सम्मेलन,सम्मान समारोह के बाद 14 दिसम्बर की रात पूजा पाण्डेय एक्टर के सिरोही म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देर रात तक तहसील सिरौली गौसपुर के गांव मुश्काबाद में चले इस म्यूजिकल ग्रुप के कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ जमा रही। एक ओर दर्शक एल ई डी स्क्रीन पर अटल बिहारी वाजपेई जी के भाषणों का रसपान किया तो दूसरी ओर पूजा पाण्डेय ने भी अटल बिहारी वाजपेई जी जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुवो को एकांकी के द्वारा दर्शाया और तालिया बटोरी। इसी अवसर पर कलाकारों ने भक्त प्रह्लाद की ईश्वर भक्ति तथा हिरणाकश्यप वध वा फूलों की होली जैसे दृश्यों का मंचन किया।रात में ही किया। वीरेन्द्र स्वरूप पाण्डे स्मृति सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनन्त पांडेय,संयोजक के पी शुक्ल वा सचिव कौशल किशोर त्रिपाठी ने आगंतुकों का संयुक्त रूप से आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ के न्याय मूर्ति रहे सुरेंद्र विक्रम सिंह,लखनऊ जल निगम के पूर्व जी एम राजीव बाजपेई,रेलवे की पूर्व निदेशक संगीता पांडेय,जौनपुर से पूर्व सांसद श्याम सिंह यादव, सुन्दर लाल महाविद्यालय के प्रबंधक राकेश दीक्षित सहित भारी संख्या में लोगो ने अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी के आयोजन में भाग लिया।

# रामायण हमें सिखाती है जीवन जीने की कला : अतुल कृष्ण भारद्वाज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। दुर्गा पूजा स्थल टिकैतनगर में चल रही अन्तिम दिवस श्री रामकथा का वर्णन करते हुए कहा गया कि दूसरों की सम्पति चाहे कितनी भी मूल्यवान हो उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं है। चौदह वर्ष बनवास करने के पश्चात भगवान श्रीराम जब अयोध्या पहुंचे तो आयोध्यावासी खुशियों से झूम उठे श्रीराम कथा के अन्तिम दिवस को कथा व्यास पुज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज जी ने कहा कि रामायण हमें जीने के तरीके सिखाती है। रामायण हमें आदर सेवा भोग, त्याग व स्थान के साथ दूसरों की सम्पत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है, यह ज्ञान भी देती है। श्री राम कथा की अमृत वर्षा की शुरुवात हुई पूज्य व्यास जी द्वारा सीताहरण लंका दहन, राम रावण विभिषण का राज्यभिषेक प्रसंग की व्याख्या मार्मिक ढंग से की। कथा प्रंसग में पूज्य व्यास ने बताया भगवान कण-कण में विराजमान है। अगर हम समाज के दीन दुखियों जरूरत मंदो की सेवा करते हैं। जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने दीन-दुखियों वनवासियों आदिवासियों के कष्ट हुए उन्हें संगठित करने का कार्य किया एवं उस संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में बुराइयों को दूर किया।उसी प्रकार आज भी समाज में व्याप्त बुराइयों को अच्छे लोगों को संगठित करके दूर किया जा सकता है। जब धीरे-धीरे अच्छे लोंगों की संख्या बढ़ती जायेगी। और संगठित है. तो समाज से बुराइयां भी कम हो जायेगी। पुज्य व्यास जी ने सभी श्रोताओं से इस तरह श्रीराम जी द्वारा वनवासियों को अपने प्रेम से अपना भक्त बनाया था कष्ट मिटाये थे। हर राम भक्तों को इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान यह राम कार्य है। कथा के समापन पर पूज्य व्यास जी, द्वारा श्री राम के वर्णन किया और बताया बुराई और असत्य ज्यादा समय तक नहीं चलती अन्ततः सत्य की जीत होती है। अधर्म पर धर्म की जीत हमेशा होती आयी है।

# आपदा में खुद और दूसरों की सहायता स्काउट स्वयंसेवी की पहचान - राकेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी में आयोजित पांच दिवसीय भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश कुमार वर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर उद्घाटन किया गया। डीएलएड प्रशिक्षुओं को पूर्व मंत्री श्री वर्मा ने शिविर में संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम ईमानदारी, वफादारी, अनुशासन और विनम्रता जैसे मूल्यों पर आधारित है, जो बच्चों में अच्छे नागरिक बनने की नींव रखता है। इसमें कैंपिंग, लंबी पैदल यात्रा और हस्तशिल्प के माध्यम से आत्मनिर्भरता सिखाई जाती है, जिससे वे अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकें।

श्री वर्मा ने बताया कि दल बनाकर काम करने और नेतृत्व करने से सामाजिक जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है, जिससे वे आपदा के समय खुद को और दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहते हैं।शिविर में प्रशिक्षक शिवराम, सहायक प्रशिक्षक सत्यदेव और स नेहा डीएलएड प्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गयाप्रसाद, शिक्षा समन्वयक डीएलएड विभाग लल्लू वर्मा, अनुपम जायसवाल, अशोक सिंह और आनंद जायसवाल सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



# बिजनेस/स्पोर्ट्स



# सूर्यकुमार और गिल हमें विश्व कप में मैच जिताएंगे: अभिषेक

एजेंसी

धर्मशाला। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मानना है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल जल्द ही फॉर्म में वापसी करेंगे और अपनी पारियों से आगे वर्ष फरवरी में होने वाले विश्वकप में भारत को जीत दिलायेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धर्मशाला में हुए तीसरे टी-20 एक बार फिर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (11 गेंद में 12 रन) और उपकप्तान शुभमन गिल (28 गेंद में 28 रन) बल्ले के साथ असफल रहने को लेकर अभिषेक ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं एक बात सीधे कह सकता हूं कि ये दोनों भारत को विश्व कप में मैच जिताने जा रहे हैं। उससे पहले अगले आने वाले मैचों में भी ये ऐसा करते हुए दिखेंगे। मैं इन दोनों खासकर शुभमन के साथ लंबे समय से खेलते आ रहा हूं, तो मुझे पता है कि ये क्या कर सकते हैं। मुझे गिल पर शुरुआत से ही भरोसा है और



मुझे उम्मीद है कि आप सब लोग जल्द ही उससे एक बड़ी पारी देखेंगे। इस मैच में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में हर्षित राणा ने अर्शदीप सिंह के साथ मिलकर भारत को बेहतरीन शुरुआत दी और सातवें ओवर तक उनके चार बल्लेबाज़ सिर्फ़ 30 के स्कोर पर पवेलियन में थे। दोनों ने आपस में मिलकर 2-2 विकेट बांटे और इसके बाद स्पिनरों और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों ने मोर्चा संभाल लिया। वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट झटके तो हार्दिक पंड्या और शिवम् दुबे ने भी अनुशासित गेंदबाजी करते हुए 1-1 विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में मात्र 120 रन ही बना सकी।

अभिषेक ने भी भारतीय तेज गेंदबाजो की तारीफ करते हुए कहा कि तेज गेंदबाजो ने शुरुआती परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया, जिससे उनकी टीम शुरुआत में ही मैच में आगे हो गई थी। उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने हमें शुरुआत दी, मुझे लगा कि मैच वहीं समाप्त हो गया था। पिच से तेज गेंदबाजो को मदद मिल रही थी और अगर यह एक हाई स्कोरिंग मैच होता तो दूसरी पारी में हमें भी रन बनाने में दिक्कतें होती। इसलिए पूरा क्रेडिट गेंदबाजो को जाता है। मैंने भी पिच और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपने कुछ शॉट खेलें और यही हमेशा से मेरा प्लान रहता है। मुझे पता था कि अगर मुझे सही शुरुआत मिलती है, तो मैच पावर प्ले में भी खत्म हो सकता है। अभिषेक ने कहा कि सर्दियों में होने वाले विश्व कप को देखते हुए टीम का यह प्रदर्शन बहुत अहम है। उन्होंने कहा, ह्लसलामी बल्लेबाजो और नए गेंद के गेंदबाजो से इस तरह की शुरुआत मिलना पूरी टीम का आत्मविश्वास बढ़ाता है। टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और माहौल बेहद सकारात्मक है।

# हम आखिर हासिल क्या करना चाह रहे हैं, मेस्सी के जीओएटी दौरे पर बोले बिंद्रा

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारत के पूर्व निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के भारत दौरे के घटनाक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि इस महान खिलाड़ी के करीब आने या उसके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिये लाखों रूपये खर्च किये जाने को लेकर वह काफी दुखी हैं । मेस्सी के तीन दिन के भारत दौरे पर काफी अराजकता देखी गई चूंकि राजनेताओं, फिल्मी हस्तियों , उद्योगपतियों और अधिकारियों में उनके साथ तस्वीर लेने को लेकर होड़ रही । कोलकाता में तो प्रशंसकों के सब्र का बांध टूट गया जो हजारों रूपये के टिकट खरीदने के बावजूद उनकी एक झलक भी नहीं पा सके। बिंद्रा ने एक्स पर लिखा ,'' जैसे जैसे उनका हालिया भारत दौरा आगे बढ़ा, कुछ जगहों पर अफरा तफरी हुई और मुझे काफी असहज लगा । इसने मुझे रुकने और सोचने पर मजबूर किया, इस



बात की सच्ची चिंता में कि हम असल में क्या हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा ,''एक पल के लिये उनके करीब जाने या तस्वीर खिंचवाने के लिये लाखों रूपये खर्च किये जा रहे हैं । यह ईमानदारी से कमाया गया लोगों का पैसा है और वे चाहे जैसे इसे खर्च करें । लेकिन मैं दुखी हूं और मुझे हैरानी हो रही है कि क्या यह संभव था कि इस ऊर्जा और निवेश का एक हिस्सा भी हमारे देश में खेलों की बुनियाद पर खर्च किया जा सकता था । बिंद्रा ने हालांकि स्पष्ट किया कि अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान के लिये उनके मन में अपार सम्मान है जो इस समय दुनिया के सबसे चहेते खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने कहा ,'' लियोनेल मेस्सी उन खास खिलाड़ियों में से हैं जिनकी कहानी खेल से कहीं आगे है।शारीरिक मुश्किलों से लड़ने वाले एक बच्चे से लेकर एक महान फुटबॉलर तक के उनके सफर ने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित किया है । मैं उनकी उस खूबी के लिए बहुत सम्मान और तारीफ करता हूँ जो उनमे नजर आती है मसलन लगन, विनम्रता और महानता । उन्होंने कहा ,'' मैं खेलों का अर्थशास्त्र समझता हूं । मैं व्यावसायिक सच्चाई, वैश्विक ब्रांडिंग और महान खिलाड़ी के आकर्षण को समझता हूँ। मैं मेस्सी को किसी भी तरह से गलत नहीं मानता। उन्होंने अपने रास्ते में आने वाले हर मौके को कमाया है और महानता की तारीफ करना स्वाभाविक है। मेस्सी के जीओएटी दौरे का फुटबॉल से कोई सरोकार नहीं है और उनका कार्यक्रम मुलाकातों तक सीमित है जिसमें प्रशंसकों से सीधे मुलाकात नहीं है । बिंद्रा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के लिये इस्तेमाल किये गए संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल हो सकता था ।

# मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं, लेकिन रन नहीं बन रहे है: सूर्यकुमार यादव

धर्मशाला। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी फॉर्म को लेकर कहा कि मैं नेट्स पर बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। जब रन आने होंगे, तब आएंगे। मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं। तीसरे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को कल रात सात विकेट से हराने के बाद संवाददाता सम्मेलन में सूर्यकुमार यादव, ह्लखेल आपको बहुत कुछ सिखाता है। आप कैसे वापसी करते हैं, यह अधिक महत्वपूर्ण है। पिछली मैच में हमने काफी कुछ सीखा था, और आज हमने वही किया। ( खराब फार्म के बारे में) मैं नेट्स में बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। जब रन आने होंगे, तब आएंगे। मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं। यह अलग बात है कि रन नहीं आ रहे हैं। हम जीत का आनंद लेंगे, कल लखनऊ पहुंचने के बाद बैठेंगे और वहां से आगे की योजना बनाएंगे। प्लेयर ऑफ द मैच अर्शदीप सिंह ने कहा, कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप सही तरह से अपनी योजना को नहीं निभा पाते हैं, वह पिछले मैच में हुआ था। आज मैं बेसिक्स पर टिका रहा और उसी से सफलता मिली। कुछ भी नहीं बदला, मैंने बस गेंद को सही एरिया में पिच किया और विकेट की मदद का इस्तेमाल किया। ठंड में सीम और स्विंग दोनों थी। (हेंड्रिक्स का रिव्यू) सूर्या भाई थोड़ा सस्पेंस चाहते थे, इसी लिए शायद उन्होंने रिव्यू लेने में मदद की। मुझे पता था कि पैड पर लगने के तुरंत बाद ही वह आउट था। मेरी भतीजी यहां है वह दस महीने की है, मैं यह पुरस्कार उसे समर्पित करना चाहता हूं। वरुण चक्रवर्ती ने कहा, मुझे तो सच में इस मील के पत्थर (टी-20 में 50 विकेट) के बारे में पता नहीं था, मुझे बताने के लिए धन्यवाद। शुरुआत में जब तेज गेंदबाज गेंद डाल रहे थे तो थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था, कुछ सीम मूवमेंट था।

# हार्मर और शेफाली वर्मा बने नवंबर के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी

नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने नवंबर के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की घोषणा कर दी है। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर साइमन हार्मर को पुरुष वर्ग में, जबकि भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा को महिला वर्ग में यह सम्मान दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका के 36 वर्षीय ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने बांग्लादेश के ताइजुल इस्लाम और पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज को पीछे छोड़ते हुए यह पुरस्कार अपने नाम किया। हार्मर को यह सम्मान भारत के खिलाफ खेली गई दो मैचों की आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए मिला। हार्मर ने इस सीरीज में कुल 17 विकेट झटके और दक्षिण अफ्रीका को भारत में 25 साल बाद पहली टेस्ट सीरीज जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कोलकाता टेस्ट में उन्होंने 4/30 और



4/21 के आंकड़े दर्ज किए, जबकि गुवाहाटी टेस्ट में 3/64 और शानदार 6/37 की गेंदबाजी की। पूरी सीरीज में उनका औसत 8.94 और इकॉनमी 1.91 रही। अवॉर्ड मिलने पर हार्मर ने कहा कि देश के लिए खेलना उनके लिए गर्व की बात है और इस उपलब्धि का श्रेय वह अपनी टीम, कोचिंग स्टाफ और परिवार को देते हैं। भारतीय महिला टीम की ओपनर शेफाली वर्मा ने थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग और यूएई की एशा ओजा को पछाड़ते हुए पहली बार आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब जीता। खास बात यह रही कि शेफाली को चोटिल प्रतीका रावल के स्थान पर लेट रिप्लेसमेंट के तौर पर वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया गया था। महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में शेफाली ने 78 गेंदों पर 87 रन की शानदार पारी खेली, जो महिला वर्ल्ड कप फाइनल में किसी भारतीय ओपनर का सर्वोच्च स्कोर है। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 298/7 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके अलावा शेफाली ने गेंदबाजी में भी अहम योगदान देते हुए सुने लूस और मरिज़ाने कैप के विकेट चटकाए। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें फाइनल का प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। शेफाली ने कहा कि उनका पहला वर्ल्ड कप अनुभव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन अंत बेहद यादगार रहा। उन्होंने इस सम्मान को टीम की ऐतिहासिक विश्व कप जीत और घरेलू दर्शकों के सामने मिली सफलता को समर्पित किया। इस तरह नवंबर, 2025 में हार्मर और शेफाली ने अपने-अपने शानदार प्रदर्शन से आईसीसी के सर्वोच्च मासिक सम्मान पर कब्जा जमाया।

# भारत के नयी गेंद के गेंदबाजों ने हमारे लिये मुश्किलें खड़ी की : माक्रम

धर्मशाला। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्रम ने तीसरे टी20 मैच में मिली हार के बाद कहा कि भारत के नयी गेंद के गेंदबाजों ने उनके लिये दिक्कतें खड़ी की और उनके बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सके । भारत के अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने पहले चार ओवर के भीतर दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट उस समय निकाल दिये जब स्कोर बोर्ड पर सात रन ही टंगे थे । इन झटकों से माक्रम की टीम उबर नहीं सकी और 117 रन बनाने के बाद सात विकेट से हार गई । माक्रम ने मैच के बाद कहा ,'' उन्होंने सही जगहों पर गेंद डाली। अर्शदीप ने उम्दा गेंदबाजी की। उनके नयी गेंद के दोनों गेंदबाजों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा ,''आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं लेकिन आखिर में गेंदबाजों को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और उन्होने वही किया । उन्हें इसका श्रेय दिया जाना चाहिये ।

# महंगाई के मोर्चे पर राहत, थोक महंगाई दर नवंबर महीने में -0.32 फीसदी पर

एजेंसी

नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को मामूली राहत मिली है। नवंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर में बढ़त देखने को मिली है। इस दौरान थोक महंगाई घटकर (-) 0.32 फीसदी पर आ गई, जबकि अक?टूबर में यह (-) 1.21 फीसदी पर थी। नवंबर, 2024 में 2.16 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, बुनियादी धातुओं के उत्पादन और बिजली आदि की कीमतों में कमी इसकी मुख्य वजह रही। आंकड़ों के अनुसार नवंबर में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 4.16 फीसदी रही, जबकि अक्टूबर में यह 8.31 फीसदी थी। सब्जियों की महंगाई दर 20.23 फीसदी रही, जो अक्टूबर में 34.97 फीसदी थी। आंकड़ों के मुताबिक



दालों की कीमतों में नवंबर में 15.21 फीसदी की कमी आई, जबकि आलू तथा प्याज की कीमतें क्रमशः 36.14 फीसदी और 64.70 फीसदी घटीं। इसके अलावा विनिर्मित उत्पादों के मामले में नवंबर में महंगाई घटकर 1.33 फीसदी हो गई, जबकि अक्टूबर में यह 1.54 फीसदी थी। इस दौरान ईंधन तथा बिजली की कीमतों की महंगाई दर 2.27 फीसदी रही, जो अक्टूबर में 2.55 फीसदी थी। पिछले हफ्ते जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण नवंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर मामूली वृद्धि के साथ रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25 फीसदी से बढ़कर 0.71 फीसदी पर पहुंच गई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर रेपो रेट को 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी कर दिया था।

# वानखेड़े में पहली बार फिजिकल डिसएबिलिटी टी-20 सीरीज, 16 से 18 दिसंबर तक होंगे मुकाबले

मुंबई। मुंबई का प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम 16 से 18 दिसंबर के बीच एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक क्रिकेट आयोजन की मेजबानी करेगा। यहां पहली बार फिजिकल डिसएबिलिटी टी-20 सीरीज का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी तीनों मुकाबले इसी मैदान पर खेले जाएंगे। यह आयोजन समावेशिता, साहस और खेल भावना का सशक्त संदेश देगा। तीन दिवसीय इस टी20 सीरीज का उद्देश्य शारीरिक रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा, मेहनत और जज़्बे को मंच देना है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिजिकल डिसएबिलिटी क्रिकेट की बढ़ती पहचान के बीच वानखेड़े स्टेडियम जैसे ऐतिहासिक मैदान पर यह सीरीज़ एक अहम पड़ाव मानी जा रही है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के महासचिव उन्मेष खानविलकर ने कहा, पहली बार फिजिकल डिसएबिलिटी क्रिकेट सीरीज़ की मेजबानी करना एमसीए के लिए गर्व का क्षण है। यह आयोजन न सिर्फ खिलाड़ियों के जज़्बे का सम्मान करता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि क्रिकेट हर किसी का खेल है। हमारे अध्यक्ष अजिंक्य नाइक दिव्यांग क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और एमसीए भविष्य में भी हरसंभव सहयोग करता रहेगा। डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) के महासचिव रवि चौहान ने कहा, हमारे खिलाड़ियों के लिए यह बेहद खास मौका है। उसी वानखेड़े स्टेडियम में खेलना, जहां भारत ने 2011 विश्व कप जीता था, खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और प्रेरणा को कई गुना बढ़ाएगा। एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक और पूरी संस्था का हम आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने फिजिकल डिसएबिलिटी क्रिकेट को निरंतर समर्थन दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि बीसीसीआई के सहयोग से देशभर में फिजिकल डिसएबिलिटी क्रिकेट के विकास और विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्यात में सुधार, आयात घटने से नवंबर में व्यापार घाटा गिरकर 24.53 अरब डॉलर

**नयी दिल्ली।** सोना, पेट्रोलियम और कोयला आयात में गिरावट तथा अमेरिका को निर्यात में वृद्धि के चलते नवंबर में देश का व्यापार घाटा कम होकर 24.53 अरब डॉलर पर आ गया जो इसका पांच महीने का न्यूनतम स्तर है। अक्टूबर में सोने के आयात में उछाल के चलते व्यापार घाटा 41.68 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। व्यापार घाटे की घट-बढ़ विनियम दर को प्रभावित करती है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी व्यापार के मासिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में देश का वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात अक्टूबर के 34.38 अरब डॉलर से बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि आयात 76.06 अरब डॉलर से घटकर 62.66 अरब डॉलर रहा। इस तरह नवंबर में वाणिज्यिक वस्तुओं के व्यापार में घाटा (निर्यात पर आयात का आधिक्य) पांच माह के न्यूनतम स्तर 24.53 अरब डॉलर के बराबर रहा। आलोच्य माह में सोने, तेल और कोयले के आयात में गिरावट दर्ज की गयी तथा ऊंचे शुल्क से प्रभावित अमेरिकी बाजार में निर्यात में तेजी से सुधार हुआ। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने निर्यात क्षेत्र ने अपनी मजबूती का प्रदर्शन किया है। चीन को छोड़कर दुनिया का व्यापार जहां बुरी तरह प्रभावित हुआ है, वहीं भारत के वाणिज्य निर्यात में वृद्धि बनी हुई है। उन्होंने कहा कि दिसंबर के प्रारंभिक आंकड़ों में भी वाणिज्यिक निर्यात में स्थायित्व दिख रहा है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, ''अमेरिका में ऊंचे शुल्क के बावजूद वहां के बाजार में भारत ने निर्यात के मामले में अपनी पकड़ बनाये रखी है।'' उन्होंने कहा कि आयात में गिरावट सोने, तेल और कोयले के आयात में कमी के कारण हुई है। इस वर्ष नवंबर में अमेरिका को भारतीय वाणिज्यिक निर्यात पिछले साल की तुलना में 21 प्रतिशत से अधिक रहा। अक्टूबर में, अमेरिका को निर्यात सालाना आधार पर लगभग नौ प्रतिशत गिरकर 6.31 अरब डॉलर रह गया था जो गत वर्ष अक्टूबर में 6.91 अरब डॉलर था। अक्टूबर में अमेरिका को निर्यात में सितंबर की तुलना में सुधार दिखा था। सितंबर में अमेरिका को निर्यात गिरकर 5.47 अरब डॉलर पर आ गया था। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने भारत पर अगस्त में पहले 25 प्रतिशत और फिर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाकर उसे 50 प्रतिशत कर दिया था, जिससे सितंबर में वहां के बाजार में भारत का निर्यात तेजी से गिरा था। सरकार ने इकाइयों को अमेरिकी शुल्कों के नकारात्मगक प्रभाव से बचाने के लिए जीएसटी में कटौती और निर्यात प्रोत्साहन के अन्य उपाय किये हैं।

### देश का वनस्पति तेल आयात नवंबर में 28 प्रतिशत गिरकर 11.83 लाख टन पर

**नयी दिल्ली।** देश का वनस्पति तेल आयात नवंबर महीने में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ 11.83 लाख टन रह गया। यह गिरावट मुख्य रूप से रिफाइंड पामोलीन के आयात में भारी कमी आने से आई है। उद्योग निकाय एसईए ने सोमवार को यह जानकारी दी। तेल एवं तिलहन उद्योगों के संगठन 'सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स ऑफ इंडिया' (एसईए) ने कहा कि नए तेल सत्र नवंबर 2025-अक्टूबर 2026 के पहले महीने नवंबर में दुनिया के सबसे बड़े वनस्पति तेल आयातक भारत ने खाद्य और गैर-खाद्य तेल मिलाकर 11.83 लाख टन का आयात किया, जबकि नवंबर 2024 में यह आंकड़ा 16.50 लाख टन था। कुल पाम तेल आयात भी नवंबर महीने में 25 प्रतिशत घटकर 6.32 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 8.42 लाख टन था। खासकर खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाले आरबीडी पामोलीन का आयात तेज गिरावट के साथ नवंबर में मात्र 3,500 टन रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 2.85 लाख टन था। कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात भी घटकर 1.42 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले 3.40 लाख टन था। वहीं, कच्चे सोयाबीन तेल का आयात 4.07 लाख टन से घटकर 3.70 लाख टन हो गया। कच्चे पाम कर्नेल तेल का आयात भी घटकर 1,850 टन रह गया, जबकि पिछले साल यह 10,147 टन था। हालांकि, कच्चे पाम तेल का आयात बढ़कर 6.26 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले 5.47 लाख टन था। इसी तरह कैनोला तेल का आयात भी बढ़कर 5,000 टन रहा, जो पिछले वर्ष मात्र 22 टन था। एसईए के मुताबिक, गैर-खाद्य तेलों का आयात नवंबर में घटकर 32,877 टन रह गया। एसईए ने कहा कि आरबीडी पामोलीन और कच्चे पाम तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता इंडोनेशिया एवं मलेशिया हैं। नवंबर में मलेशिया से 3,01,273 टन कच्चा पाम तेल आया, जबकि इंडोनेशिया से 1,23,456 टन कच्चा पाम तेल और 3,500 टन आरबीडी पामोलीन आयात किया गया।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,33,900 रुपये से लेकर 1,34,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,22,740 रुपये से लेकर 1,22,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,34,060 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,22,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,33,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,22,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,33,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,22,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,33,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,22,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,33,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,22,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,33,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,22,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# साहसिक सोच और अथक प्रयासों ने भारत के ऊर्ज़ा क्षेत्र को बदल दिया: पीयूष गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र के पिछले 11 वर्षों का सफर इस बात का सबूत है कि साहसिक दृष्टिकोण, ईमानदार इरादे और लगातार काम करने से किसी देश की किस्मत बदली जा सकती है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बात कही। पीयूष गोयल ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि पत्रकार साथियों के साथ देश के ऊर्ज़ा क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनकारी यात्रा को साझा किया। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले ऊर्जा क्षेत्र घोटालों, चुनौतियों और सीमित आपूर्ति से जूझ रहा था, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत आत्मनिर्भर ऊर्ज़ा की दिशा में निर्णायक प्रगति कर रहा है।

गोयल ने संवाददातों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में रिकॉर्ड कोयला उत्पादन, सौर एवं पवन ऊर्जा में अभूतपूर्व विस्तार, मजबूत पावर ग्रिड, हर घर बिजली व गैस सिलेंडर और विस्तृत गैस पाइपलाइन नेटवर्क जैसी उपलब्धियां मोदी सरकार की जनसेवा, अंत्योदय और ईमानदार नीतिगत प्रयासों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पावर सेक्टर ट्रांसफॉर्मेशन के 5 स्तंभ हैं, जिसमें सभी तक पहुंच, किफायती, उपलब्धता, वित्तीय व्यवहार्यता और स्थिरता तथा वैश्विक जिम्मेदारी प्रमुख है। उन्होंने कहा कि हमारे नेशनल पावर ग्रिड की वजह से भारत डेटा सेंटर्स के लिए एक पसंदीदा जगह है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर कहा कि देश न सिर्फ भारत के लौह पुरुष को याद करता है, बल्कि एक ऐसे दूरदर्शी नेता को भी याद करता है जो चाहते थे कि देश राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक रूप से अपने पैरों पर खड़ा हो।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और यूपीए के कार्यकाल में भारत का ऊर्ज़ा क्षेत्र ब्लैकआउट और पावर कट का प्रतीक बन गया था। जबकि, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में सभी को सुचारू रूप से बिजली पहुंच रही है। गोयल ने अपने संबोधन में भरोसा जताया कि जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 की ओर बढ़ रहा है, देश का एनर्जी सेक्टर स्केल, स्पीड और सस्टेनेबिलिटी को एक साथ मैनेज करने में एक ग्लोबल केस स्टडी बनकर उभरेगा।

# पूर्व आईएएस राज कुमार गोयल ने मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ ली

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्री राज कुमार गोयल को केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के रूप में 'पद की शपथ' दिलाई।

सूचना आयोग में श्री गोयल के शामिल होने से उम्मीद है कि लंबे अंतराल के बाद केंद्रीय सूचना आयोग पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। उनकी नियुक्ति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने मंज़ूरी दी थी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सदस्य थे। श्री गोयल को सार्वजनिक सेवा में 30 से ज़्यादा सालों का अनुभव है और उन्होंने न्याय और आंतरिक सुरक्षा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पद संभाले हैं। वह 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और एजीएमयूटी कैडर (अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) से हैं। उन्होंने केंद्र सरकार में तीन दशकों से ज़्यादा के अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है, जिससे उन्हें कानूनी, प्रशासनिक और आंतरिक सुरक्षा मामलों में व्यापक अनुभव मिला है। श्री गोयल ने अपनी सेवानिवृत्ति से पहले कानून और न्याय मंत्रालय के तहत न्याय विभाग में सचिव के रूप में कार्य किया। उन्होंने गृह मंत्रालय में सचिव (सीमा प्रबंधन) का पद भी संभाला था, जहाँ उन्होंने सीमा बुनियादी ढांचे और आंतरिक सुरक्षा समन्वय से संबंधित मुद्दों को संभाला। पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया के सितंबर 2025 में सेवानिवृत्त होने के बाद से मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली था। मुख्य सूचना आयुक्त सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर अपीलों और शिकायतों की सुनवाई के लिए ज़िम्मेदार सर्वोच्च निकाय है, जो सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आयोग का नेतृत्व एक मुख्य सूचना आयुक्त करता है और इसमें दस सूचना आयुक्त तक हो सकते हैं। वर्तमान में, श्री आनंदी रामलिंगम और श्री विनोद कुमार तिवारी सूचना आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं।

# ऊर्ज़ा क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव, मजबूत राष्ट्रीय ग्रिड भारत को विश्व का डाटा केंद्र बना सकता है : गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मोदी सरकार के दौर में भारत के ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव को कायाकल्प बताते हुए कहा कि भारत में बिजली की दरें अब चीन जैसे अपने प्रतिस्पर्धी देशों के स्तर पर आ गयी हैं और देश में एक मजबूत तथा एकीकृत राष्ट्रीय ग्रिड का विकास भारत को डाटा का वैश्विक केंद्र बना सकता है।

श्री गोयल ने देश के ऊर्ज़ा क्षेत्र में मोदी सरकार के ग्यारह-साढ़े ग्यारह वर्ष के 'कायाकल्प' की जानकारी देते हुए कहा, ' हमारे पास आज एक राष्ट्रीय बिजली ग्रिड है जो दुनिया में सबसे अच्छी ग्रिड प्रणालियों में एक है। अमेरिका और यूरोप में भी एकीकृत राष्ट्रीय विद्युत पारेषण ग्रिड नहीं है।'' उन्होंने कोयला, गैस और नवीकरणीय स्त्रोतों से देश में बिजली उत्पादन की क्षमता में इस दौरान उल्लेखनीय वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में बिजली की आपूर्ति , आपूर्ति की विश्वसनीयता और दर के मामले में पूरे देश में एक बड़ा बदलाव आया है। देश बिजली की कमी वाले देश की जगह आज इफरात वाले देश की स्थिति में पहुंच गया है।

श्री गोयल ने कहा कि बिजली की कमी 2013 में 4.2 प्रतिशत से घटकर 2025 में 0.1 प्रतिशत हो गई है और यह कमी भी स्थापित क्षमता के कारण नहीं बल्कि तकनीकी कारण से है। उन्होंने बताया कि एकीकृत राष्ट्रीय ग्रिड के निर्माण से भारत व्यस्त समय में 2,50,000 मेगा वाट की रिकॉर्ड मांग को पूरा करने में सक्षम हुआ है। उन्होंने बताया कि पीएम-उदय योजना के तहत किए गए सुधारों से बिजली वितरण क्षेत्र मजबूत हुआ है और डिस्कॉम का बकाया 2022 में 1.4 लाख करोड़ रुपये से घटकर 2025 में 6,500 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने 2047 तक ग्रीन हाइड्रोजन, कोल गैसीफिकेशन प्रौद्योगिकी और छोटी मॉड्यूलर परमाणु बिजली इकाइयों सहित हरित ऊर्ज़ा क्षेत्र के विकास के लक्ष्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि भरोसे मंद बिजली आपूर्ति व्यवस्था और मजबूत एकीकृत ग्रिड की बदौलत भारत विश्च का डाटा केंद्र बन सकता है। उन्होंने भारत में बिजली की वाणिज्यिक दरें चीन जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में बहुत होने के सुझाव से असहमति जताते हुए कहा कि भारत में बिजली की वाणिज्यिक दरें तुलनात्मक रूप से अब प्रतिस्पर्धी देशों के समकक्ष कही जा सकती हैं। श्री गोयल ने कहा कि 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीति को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है।

राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य 2030 तक प्रति वर्ष 50 लाख टन हाइड्रोजन का उत्पादन करना और जीवाश्म ईंधन के आयात में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी लाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का भी जिक्र किया, जिसके तहत लगभग 20 लाख घरों में छतों पर सौर पैनल लगाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के शब्दों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के ऊर्ज़ा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार जनता को सशक्त बना रही है तथा कोयले पर उच्चाधिकार समिति की कई सिफारिशें विचाराधीन हैं, जिनमें कोयले की खोज और खनन में तेजी लाना और कोयले के गैसीकरण को गति देना शामिल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 की ओर अग्रसर होगा, देश का ऊर्ज़ा क्षेत्र पैमाने, गति और स्थिरता को एक साथ प्रबंधित करने में एक वैश्विक अध्ययन के रूप में उभरेगा। सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्री गोयल ने कहा, ' देश के ऊर्ज़ा क्षेत्र की पिछले 11 वर्षों की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि दूरदर्शी सोच, ईमानदार इरादा और अनवरत कार्य निष्पादन किसी राष्ट्र की नियति को बदल सकता है।

## सरकार खुद ही संसद नहीं चलाना चाहती : प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव तथा लोकसभा में पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि सरकार के मंत्री ही संसद को बाधित कर रहे हैं और इससे लगता है कि सरकार ही खुद संसद नहीं चलाना चाहती है। श्रीमती वाड्रा ने सोमवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने प्रश्नकाल बाधित किया है। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही उन्होंने सदन की कार्यवाही को बाधित करना शुरु किया जिसके कारण हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। इससे लगता है कि सरकार ही खुद सदन को नहीं चलाना चाहती है। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार खुद संसद सत्र को डिस्टर्ब कर रही है। संसदीय कार्य मंत्री खुद प्रश्न काल को डिस्टर्ब कर रहे हैं। मुझे लगता है कि मोदी सरकार संसद चलाना ही नहीं चाहती। हमने संसद में प्रदूषण पर चर्चा की मांग की थी, वो चर्चा भी नहीं हो रही है। गौरतलब है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों ने संसद की कार्यवाही शुरु होते ही कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि उसकी रविवार को यहां रामलीला मैदान में हुई रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया है और इसके लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए।

## पटियाल तिमोर लेस्ते में भारत के नए राजदूत नियुक्त

नयी दिल्ली। भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एम.एस. पटियाल को तिमोर लेस्ते में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि विदेश सेवा के वर्ष 2007 के वरिष्ठ अधिकारी श्री पटियाल को तिमोर लेस्ते में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। श्री पटियाल अभी ट्यूनिस में भारतीय दूतावास में तैनात हैं। उनके जल्द ही अपना नया पदभार संभालने की संभावना है।

## सीबीआई ने साइबर अपराध अवसंरचना का किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ऑपरेशन चक्र–वी के तहत साइबर अपराध अवसंरचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार को दिल्ली–एनसीआर और चंडीगढ़ में एक फिशिंग एसएमएस फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने एक बयान में यह जानकारी दी कि उसने एक बड़े साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसका इस्तेमाल पूरे देश में फिशिंग संदेश भेजने के लिए किया जा रहा था। सीबीआई ने दिल्ली, नोएडा और चंडीगढ़ में कई स्थानों पर छापेमारी के बाद सोनवीर सिंह, मनीष उप्रेती और हिमालय को गिरफ्तार किया। बयान में कहा गया है कि इन संदेशों के माध्यम से लोगों फर्जी डिजिटल अरेस्ट, ऋण और निवेश धोखाधड़ी जैसे विभिन्न साइबर धोखाधड़ी जाल में फंसाया जाता था। ऑपरेशन चक्र–वी का उद्देश्य भारत में साइबर अपराध की अवसंरचना को समाप्त करना है ।इसके अंतर्गत सीबीआई ने लोगों को प्रतिदिन प्राप्त होने वाले भारी संख्या में फर्जी एसएमएस संदेशों का अध्ययन किया, जो अक्सर उन्हें गंभीर वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार बनाते हैं। जांच के दौरान, सीबीआई ने एनसीआर, चंडीगढ़ क्षेत्र में सक्रिय एक संगठित साइबर गिरोह का पता लगाया। यह गिरोह साइबर अपराधियों को बल्क एसएमएस सेवाएं प्रदान कर रहा था। यह भी पता चला है कि विदेशी साइबर अपराधी भी भारतीय लोगों को ठगने के लिए इस सेवा का उपयोग कर रहे थे। बयान के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला कि लगभग 21,000 सिम कार्ड दूरसंचार विभाग के नियमों का उल्लंघन करते हुए प्राप्त किए गए थे। इन सिम कार्डों को एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से नियंत्रित किया जाता था जिसका उपयोग थोक संदेश भेजने के लिए किया जाता था। इन संदेशों में फर्जी ऋण, निवेश और अन्य वित्तीय लाभों की पेशकश की जाती थी जिसका उद्देश्य भोले–भाले लोगों की व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी चुराना था। दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर और संचार साथी पोर्टल सहित विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी का उपयोग करते हुए, सीबीआई ने एक निजी कंपनी, मेसर्स लॉर्ड महावीर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिस पर उपरोक्त अवैध प्रणाली चलाने का आरोप है जिसके माध्यम से धोखेबाजों को पूरे भारत में लोगों को बड़ी संख्या में फर्जी संदेश भेजने की सुविधा मिलती थी। दिल्ली, नोएडा और चंडीगढ़ में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इन तलाशी अभियानों के दौरान सीबीआई को फिशिंग संदेश भेजने के लिए उपयोग किया जाने वाला एक पूर्ण और सक्रिय संरचना मिला।

# त्योहारों के समय भी अनुचित हवाई किराया बढ़ने पर कार्रवाई करेगी सरकार: नायडू

एजेंसी



नयी दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि त्योहारी मौकों पर या किसी अन्य कारण से भविष्य में जब भी हवाई किराये में अनुचित वृद्धि होगी तो सरकार कार्रवाई करेगी।

श्री नायडू ने राज्यसभा में इंडिगो संकट के दौरान किराये की अधिकतम सीमा के बारे में पूछे गये एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इंडिगो संकट के समय लोगों को काफी परेशानी हुई थी। उस समय भारतीय विमानन क्षेत्र में क्षमता बेहद कम हो गयी थी। इंडिगो इतनी बड़ी एयरलाइन है, उसने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कीं, जिससे उपलब्ध सीटों की संख्या कम हुई।

मंत्री ने कहा, ''इसका सीधा असर यह होना था कि हवाई किराया बढ़ता, और इसीलिए हमने किराये की अधिकतम सीमा तय कर दी थी। दूसरे मौकों पर भी जब भी हवाई किराया बढ़ता है, मंत्रालय उस पर नजदीकी नजर रख रहा है। जब भी ऐसी कोई स्थिति होगी, मंत्रालय कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि ओणम और अन्य त्योहारों के मौकों पर भी किराया बढ़ता है। उत्तर भारत में दिवाली के समय भी यही स्थिति रहती है। कुंभ मेले के समय, पहलगाम हमले के बाद और कोविड-19 के समय भी सरकार ने हवाई किराये की अधिकतम सीमा तय कर दी थी। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री नायडू ने कहा कि सरकार ने सिर्फ घरेलू ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर भी किराये कि निगरानी शुरू की है। उन्होंने कहा, ''डीजीसीए में टैरिफ मॉनिटरिंग यूनिट और सशक्त किया गया है और सभी रूट पर हम निगरानी रख रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय रूट भी अब निगरानी की जा रही है। दबाव एयरलाइंस पर भी हम डालना चाहेंगे ताकि इस तरह मौके का फायदे उठाने के कारण अनुचित किराये की जो स्थिति कभी-कभी बन जाती है, वह न बने।''

इससे पहले उन्होंने कहा कि हवाई किराया एक गैर-विनयमित क्षेत्र है। इसलिए जब मांग ज्यादा होती है तो किराया बढ़ता है।

# मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में जॉर्डन पहुंचे

एजेंसी

अम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में सोमवार को जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंच गये। हवाई अड्डे पर उनका जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मोदी के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की चार दिन की यात्रा पर आज सुबह नयी दिल्ली से रवाना हुए थे। उन्होंने रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा कि तीनों देशों के साथ भारत के पुराने सभ्यतागत और व्यापक समकालीन द्विपक्षीय संबंध हैं और उनकी यह ऐतिहासिक यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल पूरे होने का प्रतीक होगी। प्रधानमंत्री, जार्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन के निमंत्रण पर यहां आये हैं। वह उनसे और श्री हसन के साथ विस्तार से बातचीत करेंगे और उनकी क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय के साथ भी मुलाकात की उम्मीद है। श्री मोदी जॉर्डन में भारतीय समुदाय के लोगों से भी मिलेंगे। श्री मोदी, कल इथियोपिया की अपनी पहली यात्रा पर रवाना होंगे। वह इथियोपिया के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। इथियोपिया की राजधानी आदिस अबाबा अफ्रीकी संघ का मुख्यालय भी है। वर्ष 2023 में, भारत की जी 20 अध्यक्षता के दौरान, अफ्रीकी संघ को जी 20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। आदिस अबाबा में वह प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली से बातचीत करेंगे और वहां के भारतीय प्रवासियों से मिलेंगे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण: पश्चिम बंगाल, राजस्थान सहित पांच जगह की नयी सूची का मसौदा आज

नयी दिल्ली। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, पुडुचेरी और लक्षद्वीप की संशोधित सूचियों का मसौदा मंगलवार को प्रकाशित किया जाएगा। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने सोमवार को यहां बताया कि इन राज्यों और क्षेत्रों के मुख्य चुनाव अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी सूची के मसौदे की लिखित प्रतियां सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध करायेंगे। सूची का मसौदा संबंधित राज्य और केंद्र शासित क्षेत्र के मुख्य चुनाव अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा। आयोग के आदेश के अनुसार बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर मतदाता गणना प्रपत्र पहुंचाए जाने और उन्हें एकत्रित करने के दौर में अनुपस्थित , स्थायी रूप से दूसरे क्षेत्रों में जा चुके , मृत या एक से अधिक जगह की सूची में पंजीकृत डुप्लीकेट लोगों की सूची भी मुख्य चुनाव अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइट पर अलग से अपलोड की जाएगी। मसौदा सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए लोगों के पास कल से 15 जनवरी 2026 तक का समय होगा।

## पेज एक का शेष

### पं. नेहरू ने कश्मीर...

सबके लिए चिरस्मरणीय अध्याय बन गया। हर भारतवासी बड़ी श्रद्धा, सम्मान के साथ भारत मां के महान सपूत लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने को तत्पर रहता है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, अवनीश सिंह, पवन सिंह चौहान, लालजी प्रसाद निर्मल, उमेश द्विवेदी, विधायक ओपी श्रीवास्तव, आशीष सिंह 'आशु', भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सरदार पटेल स्मृति समारोह समिति के अध्यक्ष राजेश्वरी देवी पटेल, महासचिव शशांक वर्मा आदि मौजूद रहे।

### 'अमीरों की विशेष...

किसी भी तरह का बदलाव न किया जाए। याचिकाकर्ताओं ने यह भी बताया कि मंदिर में मौसम के अनुसार अलग-अलग समय-सारिणी रही है। गर्मी और सर्दी में दर्शन और पूजा के अलग नियम हैं, जो सीधे तौर पर आंतरिक अनुष्ठानों से जुड़े हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सितंबर 2025 में जारी कार्यालय ज्ञापनों के बाद समय में जो बदलाव किए गए, उससे 'देहरी पूजा' जैसी सदियों पुरानी परंपरा बाधित हो गई। देहरी पूजा केवल गोस्वामियों द्वारा गुरुऽशिष्य परंपरा के तहत की जाती है और यह मंदिर बंद होने के समय सीमित स्थान पर होती है, इसलिए भीड़ प्रबंधन के नाम पर इसे रोकना अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी दलीलें सुनने के बाद संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

### राम मंदिर आंदोलन के...

के अंतिम संस्कार में शामिल होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंदूवादी नेता के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा ह्ल श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के मुख्य स्तंभ, पूर्व सांसद और श्री अयोध्या धाम में स्थित वशिष्ठ आश्रम के पूज्य संत, डॉ. राम विलास वेदांती जी महाराज का निधन आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनका जाना एक युग का अंत है। धर्म, समाज और राष्ट्र की सेवा में समर्पित उनका त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। भगवान श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान दें और उनके शिष्यों और अनुयायियों को इस अपार क्षति को सहने की शक्ति दें।

### नितिन नबीन का...

मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, सांसद, विधायक तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दीनदयाल मार्ग स्थित पार्टी मुख्यालय को फूलों और पार्टी झंडों से सजाया गया था। कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और ''भाजपा जिंदाबाद'' तथा ''नितिन नबीन आगे बढ़ो'' जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री नबीन ने पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित और विचारधारा आधारित संगठन है और उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में श्री नबीन की भूमिका संगठनात्मक समन्वय, आगामी चुनावी तैयारियों और राज्यों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने में अहम मानी जा रही है। आने वाले दिनों में वे विभिन्न प्रदेशों का दौरा कर पार्टी की संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा कर सकते हैं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करेंगे। भाजपा मुख्यालय में हुआ यह कार्यक्रम न केवल एक औपचारिक पदभार ग्रहण समारोह रहा, बल्कि पार्टी के भीतर एकजुटता, उत्साह और भविष्य की रणनीतियों का स्पष्ट संकेत भी माना जा रहा है। कार्यकर्ताओं का जोश और नेतृत्व का आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि भाजपा आने वाले समय में संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से आगे बढ़ रही है।

### यूपी में टाटा समूह...

निर्माण राज्य के प्रमुख और उभरते पर्यटन केंद्रों प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, वृंदावन, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बिजनौर और गोरखपुर में किया जाएगा। जो प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक टूरिज्म के प्रमुख केंद्र हैं। मुख्यमंत्री से बैठक के दौरान एन चंद्रशेखन ने बताया कि नोएडा में टाटा समूह के एक सिग्नेचर या लैंडमार्क होटल विकसित कर रहा है, वहीं प्रयागराज में एक लक्जरी ताज होटल का भी निर्माण किया जा रहा है। बैठक के दौरान एन चंद्रशेखर ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के विजन और प्रयासों से बीते कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से उभरा है। प्रदेश में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। इसी बढ़ती मांग के कारण प्रीमियम और संगठित हॉस्पिटैलिटी अवसंरचना की आवश्यकता बढ़ गई है। टाटा समूह की ये भागीदारी उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। ईवी, सोलर ऊर्ज़ा और थर्मल पावर के क्षेत्र में करेगा निवेश इसके साथ ही भविष्य के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। टाटा मोटर्स यूपी में इलेक्ट्रिक वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने और नये मॉडलों के निर्माण के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। टाटा समूह के अन्य प्रोजेक्टस के बारे में भी बताया। टाटा पावर प्रयागराज के बारा प्लांट में 1900 मेगावाट की नई थर्मल इकाई लगा रहा है। इसके साथ ही टाटा समूह प्रदेश में सोलर पावर के विकास की परियोजनाओं पर भी तेज गति से काम कर रहा है। नोएडा में निवेश को आकर्षित करने के लिए नई बिल्डिंगों का निर्माण कर रहा है। टाटा समूह इलेक्ट्रिक बसों और वाहनों की मैन्यूफैक्चरिंग को तेजी से विस्तार दे रहा है, इससे प्रदेश में रोजगार के नये अवसर भी पैदा होगा। आईटी-इंफ्रा के विकास को गति देने के उद्देश्य से नोएडा में नई बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। जिनके पहले फ़ेज़ का निर्माण, दिसंबर 2026 में तक चरणबद्ध रूप से पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रयागराज के बारा में 360 मेगावाट क्षमता की तीन पावर जनरेशन यूनिट्स लगाई जाएगी। प्रयागराज और बांदा में 50-50 मेगावाट की दो सोलर परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

### कम नहीं है भाजपा...

पंकज चौधरी के नेतृत्व की असली परीक्षा होगी । इससे पहले 2026 के पंचायत चुनाव भी हैं, जहां टिकट वितरण को लेकर असंतोष और बगावत की आशंका हमेशा रहती है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि, ह्ल बड़ी संख्या में टिकट के दावेदारों को संतुष्ट रखना और पार्टी के भीतर एकजुटता बनाए रखना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। इसके साथ ही योगी सरकार के खिलाफ किसी भी संभावित एंटी-इंकम्बेंसी को संभालना भी उनकी जिम्मेदारी होगी। भाजपा के एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने यूनीवार्ता को बताया कि, ह्ल पंकज चौधरी कुर्मी समुदाय से आते हैं, जो यूपी की ओबीसी आबादी का अहम हिस्सा है। भाजपा ने उन्हें अध्यक्ष बनाकर समाजवादी पार्टी की पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) राजनीति को चुनौती देने की रणनीति अपनाई है लेकिन कुर्मी समुदाय का वोट कभी एकजुट होकर किसी एक पार्टी के पक्ष में नहीं रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इस समुदाय का बड़ा हिस्सा सपा-कांग्रेस गठबंधन की ओर गया था। ऐसे में ओबीसी वोट बैंक को फिर से के पक्ष में मोड़ना आसान नहीं होगा। भाजपा ने पहले ही केशव प्रसाद मौर्य को उपमुख्यमंत्री बना रखा है। पिछड़ी जातियों में लोध समुदाय से चौधरी धर्मपाल और संदीप सिंह मंत्री है। संदीप सिंह पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पौत्र हैं। वहीं भाजपा का ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा (सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी) से गठबंधन है। भाजपा ने सामाजिक समीकरण साधने के लिए संजय निषाद की पार्टी से गठबंधन किया है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में साथ छोड़ने के बावजूद भाजपा ने दारा सिंह चौहान को प्रदेश में मंत्री बनाया हुआ है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी कहते हैं कि, ह्ल पार्टी ने कार्यकर्ता का सम्मान है। यही भाजपा का मूल मंत्र है । सबका साथ , सबका विकास। इसी को लेकर पार्टी आगे बढ़ती है। जहां तक बात अखिलेश यादव की है तो यह उनके पीडीए का जवाब है। उनका पीडीए पूरी तरह से फ़ेल है।

# विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक जेपीसी को भेजा गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्च शिक्षा संस्थानों के संचालन को एकीकृत, सरल तथा पारदर्शी बनाने वाले 'भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025' को सोमवार को लोकसभा में पेश किया गया लेकिन विपक्ष के कड़े विरोध के बाद इसे संसद की संयुक्त समिति-जेपीसी को भेजने का निर्णय लिया गया।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में उच्च शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले ''विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025'को पेश किया लेकिन विपक्ष के जबरदस्त विरोध के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने पीठासीनअधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नाटी से विधेयक को संसद की संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का आग्रह किया।

विधेयक का उद्देश्य बताते हुए सरकार ने कहा कि इसके जरिए उच्च शिक्षा को एकीकृत कर सरल कर तथा नियमों की जटिलता को खत्म कर पारदर्शी बनाना है। इससे उच्चतर शिक्षा क्षेत्र में एकल नियामक संस्था की स्थापना करना है और इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) के कार्यों को एकीकृत कर एक ही छत समाहित कर संस्थानों को अधिक स्वायत्तता प्रदान कर पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण बनाना है।

विधेयक उच्च शिक्षा में गुणवत्ता को बढावा देने और अंतरराष्ट्रीय मॉडलों से प्रेरित मजबूत मानक निर्धारित बनाकर उनका कड़ाई से निरीक्षण तथा पालन करना है। विधेयक को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के विजन को साकार करने का महत्वपूर्ण कदम बताया गया है, जो एक एकीकृत, पारदर्शी तथा नवाचार-उन्मुख नियामक ढांचे को बढाता है। मेडिकल तथा विधि (लॉ) शिक्षा संस्थानों को इस नए नियामक के दायरे से बाहर रखा गया है, जिनका विनियमन पूर्ववत अलग-अलग निकायों द्वारा किया जाता रहेगा। इस प्रकार विधेयक उच्चतर शिक्षा को अधिक कुशल, गुणवत्तापूर्ण तथा विकसित भारत के लक्ष्यों से संबद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा।

सरकार ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के अधीन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना की गई थी लेकिन आज बदले परिवेश में देश में उच्चतर शिक्षा क्षेत्र का आकार, विस्तार और जटिलताएँ कई गुना बढ़ गई हैं। देश में इस समय एक हजार से अधिक विश्वविद्यालय तथा साठ हजार से अधिक उच्चतर शिक्षण संस्थान हैं, जिनमें चार करोड़ से अधिक विद्यार्थी नामांकित हैं। विधेयक उच्च शिक्षा (कॉलेज और यूनिवर्सिटी स्तर) को बेहतर बनाने के लिए लाया है। पहले इसका नाम हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल था लेकिन अब इसका नाम विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 रखा गया है।

# दिव्य व भव्य होगा 2027 का कुंभ: धामी

## मुख्यमंत्री धामी पहुंचे दक्ष मंदिर, पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को राजा दक्ष की नगरी कनखल पहुंचे। यहां उन्होंने कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक और पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने हरिद्वार के संतों से भी मुलाकात की। यहां मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महादेव की नगरी में जब भी आना होता है तो मन में ऐसी श्रद्धा रहती है कि महादेव का आशीर्वाद लेना है। यहां मैंने महादेव से आशीर्वाद लिया है कि राज्य में सभी कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हों। उन्होंने बताया कि कुंभ मेला आने वाले समय में आयोजित होगा। सभी तैयारियां बिना किसी रुकावट के पूरी हों। मैंने सभी संतों का आशीर्वाद भी लिया है। वर्ष 2027 में संतों के आशीर्वाद और जनता के सहयोग से हमारी सरकार और प्रशासन मिलकर कुंभ मेले का आयोजन करेंगे। हमारा प्रयास है कि अगामी कुंभ हमारे लिए बड़ा अवसर है। भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को लेकर उन्होंने कहा कि निश्चित उनके आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। युवाओं में जोश है, बाल्यकाल से ही उन्होंने लंबा कालखंड पार्टी के युवा मोंचा और युवकों के बीच बिताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है, भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। देश हित में जो कार्य किये जा रहे हैं पार्टी उन्हें आगे भी करती रहेगी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव महंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि धार्मिक विधि विधान के साथ मुख्यमंत्री ने यहां रुद्राभिषेक किया। महाराज ने कुंभ को लेकर परम्पराओं के साथ सरकार के साथ खड़े रहने की भी बात कही। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत राजेन्द्र दास महाराज, कोठारी जसविन्दर सिंह, करौली शंकर महादेव, सूर्यामोहन गिरि, गढ़वाल कमीशनर विनय शंकर पांडे, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, राज्यमंत्री जयपाल चौहान, शोभाराम प्रजापति, विधायक आदेश चौहान, प्रदीप बत्रा आदि सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# 11 महीनों में यात्रियों से रेलवे को 56 करोड़ 13 हजार 183 रुपये का राजस्व प्राप्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता




समस्तीपुर। समस्तीपुर जंक्शन से जनवरी 2025 से नवंबर 2025 के बीच कुल 33 लाख 93 हजार 211 यात्रियों ने रेल यात्रा की। इन 11 महीनों में यात्रियों से रेलवे को 56 करोड़ 13 हजार 183 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। आंकड़ों के अनुसार यात्रियों की संख्या और आय में महीने-दर-महीने उतारऽचढ़ाव देखने को मिला।रेलवे आंकड़ों के अनुसार वर्ष की शुरुआत जनवरी महीने में 2 लाख 58 हजार 879 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे 4 करोड़ 40 लाख 18 हजार 469 रुपये का राजस्व मिला। फरवरी में यात्रियों की संख्या बढ़कर 2 लाख 81 हजार 766 हुई और राजस्व 4 करोड़ 52 लाख 05 हजार 415 रुपये रहा। मार्च में 2 लाख 91 हजार 338 यात्रियों से 4 करोड़ 78 लाख 41 हजार 883 रुपये की आमदनी दर्ज की गई। अप्रैल में यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और 3 लाख 59 हजार 280 यात्रियों से रेलवे को 5 करोड़ 21 लाख 03 हजार 827 रुपये का राजस्व मिला। मई में यह आंकड़ा बढ़कर 3 लाख 75 हजार 670 यात्री और 5 करोड़ 88 लाख 71 हजार 298 रुपये तक पहुंच गया।जून में यात्रियों की संख्या घटकर 3 लाख 62 हजार 553 रही, लेकिन राजस्व बढ़कर 6 करोड़ 54 लाख 02 हजार 037 रुपये हो गया। जुलाई में 3 लाख 00 हजार 043 यात्रियों से 5 करोड़ 38 लाख 48 हजार 207 रुपये की कमाई हुई। अगस्त में 2 लाख 77 हजार 860 यात्रियों से 4 करोड़ 83 लाख 26 हजार 467 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। सितंबर में साल का सबसे कमजोर प्रदर्शन देखने को मिला। अक्टूबर में यात्रियों की संख्या बढ़कर 2 लाख 82 हजार 138 हुई, लेकिन राजस्व 3 करोड़ 88 लाख 30 हजार 850 रुपये तक ही सीमित रहा। वहीं, नवंबर में यात्रियों की संख्या बढ़कर 3 लाख 50 हजार 783 पहुंच गई और रेलवे को वर्ष की सर्वाधिक आय प्राप्त हुई।

# जालंधर के 11 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब में जालंधर के 11 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिलने से अफरा-तफरी फैल गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल को बम से उड़ाने की जिन तीन स्कूलों ने सबसे पहले धमकी की सूचना दी, उनमें सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, आईवी वर्ल्ड स्कूल और संस्कृति के एम बी स्कूल है। बाद में, आठ अन्य स्कूलों ने भी इसी तरह की धमकियां मिलने की सूचना दी। इन सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है और माता-पिता अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूलों के बाहर जमा होने लगे। स्कूल अधिकारियों ने ईमेल की जानकारी पुलिस को दी , जिन्होंने तुरंत तलाशी अभियान शुरू कर दिया। घबराहट से बचने के लिए, स्कूल अधिकारियों ने बच्चों के स्कूल छोड़ने तक उन्हें कोई जानकारी नहीं दी। स्कूलों ने व्हाट्सएप पर मैसेज करके माता-पिता को जल्दी छुट्टी के बारे में बताया। सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की ओर से माता-पिता को भेजे गए संदेश में लिखा था, ''आपको सूचित किया जाता है कि स्कूल ने आज, 15 दिसंबर को आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की है। सभी छात्रों के लिए छुट्टी का समय सुबह 11.55 बजे होगा। कृपया किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। संबंधित अधिकारियों द्वारा स्कूल परिसर का अच्छी तरह से निरीक्षण किया गया है, और कोई खतरा या जोखिम नहीं पाया गया है। एहतियात के तौर पर, हम बच्चों को जल्दी घर भेज रहे हैं। सभी स्कूल बसें और वैन सामान्य रूप से चलेंगी। जो माता-पिता अपने बच्चों को खुद लेने आते हैं, वे निर्धारित समय पर आराम से आ सकते हैं। आपके बच्चे हमारे साथ सुरक्षित हैं। उपायुक्त हिमांशु अग्रवाल और पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने कहा, ''घबराने की कोई जरूरत नहीं है। अब तक 11 स्कूलों ने धमकी भरे ईमेल मिलने की सूचना दी है।

# साइबर-हवाला गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक बड़े और संगठित साइबर-हवाला गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई के दौरान ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी करने वाले नेटवर्क के एक अहम आरोपित को गिरफ्तार किया गया। वहीं एनडीपीएस एक्ट के एक वांछित आरोपित को भी दबोचा गया। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने सोमवार को बताया कि यह मामला एक 61 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक की शिकायत से सामने आया था, जिन्हें फर्जी ऑनलाइन निवेश स्कीम के जरिए 33 लाख 10 हजार रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया था। इस संबंध में ई-एफआईआर दर्ज कर साइबर सेल ने गहन तकनीकी और वित्तीय जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच में सामने आया कि ठगी की रकम को कई बैंक खातों के जरिए घुमाया गया, जो फर्जी कंपनियों के नाम पर खोले गए थे। इनमें 'बेलक्रेस्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' नाम की एक कथित कंपनी प्रमुख रूप से सामने आई। जिसके खाते में करीब 10 लाख 68 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए थे। बैंकिंग ट्रेल की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि रकम को परत-दर-परत घुमाकर हवाला और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए बाहर भेजा गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उक्त मामले में पहले ही दिल्ली से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका था। पूछताछ के दौरान उन्होंने दीपांशु नाम के आरोपित की भूमिका उजागर की, जो इस साइबर-हवाला नेटवर्क का अहम ऑपरेटर बताया गया। इसके बाद इंस्पेक्टर अशोक के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी निगरानी के आधार पर दीपांशु की तलाश शुरू की। इस बीच पता चला कि वह उप्र के लखनऊ में छिपा हुआ है। लगातार पीछा करने के बाद पुलिस ने उसे मोहन लालगंज इलाके से आधी रात को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो मोबाइल फोन, तीन चेकबुक और दो डेबिट कार्ड बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि वह अपने आकाओं के निर्देश पर डमी डायरेक्टरों के जरिए शेल कंपनियां बनवाता था और बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से खाते खुलवाता था। ठगी की रकम को सीएसपी24सेवन टेक्नोलॉजीज और लेविन फिनटेक जैसी शेल कंपनियों के माध्यम से हवाला और क्रिप्टो चैनलों में भेजा जाता था। इसके अलावा आरोपित ने यह भी कबूल किया कि सह-आरोपित की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद उसने सबूत मिटाने के इरादे से चेकबुक और सिम कार्ड नष्ट कर दिए थे। हालांकि उसका मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है, जिसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार इसी ऑपरेशन के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में वांछित आरोपित ऋषभ सिंह भी मोहनलालगंज इलाके में छिपा हुआ है। टीम ने 24 घंटे तक लगातार निगरानी और छापेमारी के बाद दीपांशु के साथ-साथ ऋषभ सिंह को भी गिरफ्तार किया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि ऋषभ सिंह ने ही लखनऊ में वह ठिकाना दिलवाया था, जहां दीपांशु छिपकर रह रहा था। यह व्यवस्था जानबूझकर पुलिस से बचाने और गिरफ्तारी से बचने के मकसद से की गई थी। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क, मास्टरमाइंड, हवाला ऑपरेटरों, क्रिप्टो वॉलेट्स और संभावित अंतरराष्ट्रीय कड़ियों की जांच में जुटी है।



# सिख शहीदों की स्मृति में 22 दिसंबर को जालंधर में राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन: रंधावा

जालंधर। भारतीय क्रांतिकारी मार्क्सवादी पार्टी (आरएमपीआई) की पंजाब राज्य समिति सिख शहीदों की स्मृति में 22 दिसंबर को 'देश भगत यादगार जालंधर' के ग़दरी शहीद विष्णु गणेश पिंगले हॉल में राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन कर रही है। राज्य समिति के अध्यक्ष और सचिव रतन सिंह रंधावा और परगत सिंह जमराई ने सोमवार को यहां जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रख्यात बुद्धिजीवी और सम्मानित पत्रकार डॉ. लखविंदर सिंह जोहल की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी में प्रख्यात बुद्धिजीवी और मानवाधिकार कार्यकर्ता प्रोफ़ेसर जगमोहन सिंह 'श्री गुरु तेग बहादुर, चारों साहिबजादों और सभी सिख शहीदों के अद्वितीय बलिदान की अतुलनीय भावना का समकालीन महत्व' विषय पर मुख्य भाषण देंगे। पार्टी के महासचिव कॉमरेड मंगत राम पासला भी श्रोताओं से संवाद करेंगे।

# संत डॉ. रामविलास वेदांती के निधन पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जताया शोक

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को पूज्य संत एवं पूर्व लोकसभा सांसद डॉ. रामविलास वेदांती के निधन पर शोक जताया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि पूज्य संत डॉ. वेदांती जी का निधन अत्यंत दुःखद है। वे राम जन्मभूमि आंदोलन के आधारभूत स्तम्भ थे और उनका जाना राष्ट्र की अपूरणीय क्षति है। राम मंदिर के सपने को साकार करने के लिए उन्होंने वर्षों तक अनूठा त्याग और कठोर तपस्या की। उनकी वह अमिट निष्ठा और प्रभु राम की प्रतिमूर्ति हमारी यादों में हमेशा बनी रहेगी। उनका संपूर्ण जीवन सच्ची रामभक्ति और राष्ट्रसेवा का प्रेरणास्रोत रहा। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों, शिष्यों एवं अनुयायियों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# पंकज कुमार बने जेजेडी दिल्ली-एनसीआर के प्रभारी, क्षेत्र में हर्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना/मधुबनी। बिहार में मधुबनी जिले के खुटौना प्रखंड अंतर्गत लौकहा निवासी हरि नारायण गुप्ता के पुत्र पंकज कुमार को तेजप्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) का दिल्ली-एनसीआर का प्रभारी बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने उन्हें यह महत्वपूर्ण पदभार सौंपा है। पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर पंकज कुमार ने बातचीत में कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में सतत प्रयास करेंगे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। पंकज कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली नगर निगम के चुनाव होने हैं। पार्टी की पहली प्राथमिकता उसमें अपनी दमदार उपस्थिति को दर्ज कराना है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व दिया है, उस पर पूरी ईमानदारी से खड़ा उतरने का काम करुंगा। मौके पर पार्टी सुप्रीमो तेज प्रताप यादव ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि पंकज कुमार इस ज़िम्मेदारी का पूरी लगन और मेहनत से निर्वहन कर संगठन और पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मज़बूत करेंगे। उल्लेखनीय है कि पंकज कुमार वर्तमान में वरिष्ठ पत्रकार रहे हैं और दिल्ली स्थित मीडिया रिसर्च एजेंसी रौनज मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। साथ ही समाजिक संगठन पचफोरना विकास फोरम के राष्ट्रीय संयोजक व रौनियार वैश्य सभा, ( दिल्ली ) संगठन के समन्वयक भी हैं। पंकज कुमार मूलतः मधुबनी जिले के लौकहा गांव के रहने वाले हैं। उनकी शैक्षणिक योग्यता डबल एमए हैं।




# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदूषण से निपटने को बताया सरकार का साझा संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को राजधानी में बढ़ते प्रदूषण पर अपनी सरकार की रणनीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनकी सरकार जमीन पर रहकर और दिल्ली के भीतर ही समाधान तलाशते हुए प्रदूषण की चुनौती से निपट रही है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि नागरिकों की भी साझा जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अल्पकालिक और दीर्घकालिक, दोनों तरह के उपायों पर समान रूप से काम कर रही है, ताकि प्रदूषण की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। उन्होंने पिछले कुछ महीनों में उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए बताया कि बुनियादी ढांचे के उन्नयन से लेकर स्वच्छ ऊ़र्जा तक की पहुंच सुनिश्चित करने पर लगातार काम किया जा रहा है। रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया कि प्रदूषण के खिलाफ किसी भी मोर्चे को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मेरी दिल्ली, मेरी जिम्मेदारी सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि यह कार्य करने और उसे पूरा करने की हमारी दैनिक प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से भी अपील की कि वे सरकार के प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि राजधानी को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

# अंग्रेजों के जमाने में जिस जेल मैं कैद था डाकू सुल्ताना अब बनेगी पर्यटक स्थल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड की तीर्थनगरी हरिद्वार की पहचान गंगा व अन्य धार्मिक स्थलों के लिए है। यहां राजाजी टाइगर रिजर्व होने के कारण लोग जंगल सफारी के लिए भी आते हैं लेकिन अब पर्यटन विभाग श्यामपुर क्षेत्र में स्थित अंग्रेजों की पुरानी जेल को संरक्षित कर इसे एडवेंचर टूरिज्म से जोड़ने की योजना बना रहा है। इस जेल का इतिहास तत्कालीन रॉबिन हुड कहे जाने वाले सुल्ताना डाकू से जुड़ा हुआ है। चंडी देवी मंदिर के समीप श्यामपुर में खंडहर नुमा यह इमारत करीब सवा सौ साल पुरानी है। अंग्रेज इस इमारत से कानून व्यवस्था संभालते थे और इसका प्रयोग जेल व थाने के रूप में भी किया जाता था। खास बात यह है कि इस जेल का इतिहास 20वीं सदी की शुरुआत में इंडियन रोबिन हुड कहे जाने वाले सुल्ताना डाकू से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि सुल्ताना डाकू को पकड़ने के लिए फ्रेडी यंग नामक एक विशेष अधिकारी को बुलाया गया और गिरफ्तार होने के बाद उसे कुछ समय के लिए इसी जेल में रखा गया था। जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने बताया कि पर्यटन विभाग अब इस इमारत को संरक्षित कर इसे वनविभाग की झिलमिल झील सफारी के साथ जोड़ने की योजना बना रहा है। इससे यहां आने वाले सैलानी इतिहास के साथ एडवेंचर टूरिज्म का भी आनंद ले सकेंगे। हरिद्वार और समीपवर्ती जनपदों बिजनौर, कोटद्वार व मुरादाबाद में सुल्ताना डाकू से जुड़ी कहानियां और किंवदंतियां आज भी सुनने को मिलतीं हैं, जिनमे सुल्ताना को अंग्रेजों और अमीरों से धन लूटकर गरीबों की मदद करने वाला उदार डकैत बताया जाता है। सुल्ताना डाकू का किरदार अपने आप में साहसिक और रोचक होने के कारण लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाता है। शायद इसीलिए सुल्ताना के नजीबाबाद स्थित किले पर भी सैलानियों का तांता लगा रहता है। अगर इस जेल को सुल्ताना डाकू से जोड़कर प्रचारित किया गया तो पर्यटक यहां जरूर आएंगे। सुशील नौटियाल का कहना है कि जंगल सफारी और एडवेंचर टूरिज्म के साथ श्यामपुर में ब्रिटिश कालीन जेल को सुल्ताना डाकू की यादों से जोड़कर संरक्षित करने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना हरिद्वार को धार्मिक और साहसिक पर्यटन का केंद्र बनाने में मदद करेगी।



# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का फरार सरगना गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के एक फरार और शातिर सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान लखीमपुर खीरी (उप्र) निवासी आलोक श्रीवास्तव (56) के रूप में हुई है। वह लंबे समय से फरार था और दिल्ली के मॉडल टाउन थाने में दर्ज कार चोरी के मामले में वांछित था। रोहिणी कोर्ट ने उसे 17 मई 2023 को भगोड़ा घोषित किया था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि आरोपित चोरी की महंगी गाड़ियों को बेचने के लिए बेहद शातिर तरीका अपनाता था। वह एक्सीडेंट में पूरी तरह क्षतिग्रस्त वाहनों के कागजात जुटाकर चोरी की कारों पर उनका इंजन और चेसिस नंबर बदल देता था। इसके बाद फर्जी नंबर प्लेट, आरसी और बीमा दस्तावेज तैयार कर चोरी की गाड़ियों को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मॉडल टाउन थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, आरोपित आलोक श्रीवास्तव और उसके साथी अभय सिंह ने मोहम्मद अशरफ और रिजवान से चोरी की फॉर्च्यूनर कार खरीदी थी। कार के असली नंबर बदलकर उसे उसके दस्तावेजों के सहारे वैध दिखाया गया।







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063